www.epaper.azadsipahi.in

14 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 352

सोना 2,630 रुपये बढ़ कर 1.24 लाख के पार हुआ



SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## आइआरसीटीसी घोटाला : बिहार की राजनीति में आया भूचाल

# लालू-राबड़ी-तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय

- तेजस्वी बोले, अमित शाह ने एक महीने पहले कहा था कि चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। राजनीतिक तपिश बढ़ी हुई है। एनडीए और इंडिया गठबंधन अपने-अपने सहयोगियों के साथ सीटों का बंटवारा में लगे हैं। उम्मीदवार तय किये जा रहे हैं। इन सब के बीच राजद प्रमुख लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और पुत्र तेजस्वी यादव के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट से आरोप तय हो गया है। अभी तेजस्वी यादव ही फिलहाल राजद की बागडोर संभाल रहे हैं। वह विहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता हैं। चुनावी माहौल में आरोप तय होने से बिहार में राजनीतिक भूचाल आ गया है।

दलअसल दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को लालू, राबड़ी और तेजस्वी को आइआरसीटीसी घोटाले में आरोपी माना है। अब तीनों के खिलाफ केस चलेगा। कोर्ट ने कहा कि लालू की जानकारी में टेंडर घोटाले की पूरी साजिश रची गयी। टेंडर में उनका हस्तक्षेप था। इससे लालू परिवार को फायदा हुआ। उधर, लालू ने इन आरोपों को निराधार बताया।

इधर, सुनवाई के बाद तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जब तक दंगाई और संविधान विरोधी भाजपा सत्ता में है, लड़ते रहेंगे। एक महीना पहले बिहार आकर गृहमंत्री अमित शाह हमें धमकी दे रहे थे कि हमको चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ेंगे। तेजस्वी ने कहा कि हम लड़ेंगे और जीतेंगे। हम बिहारी हैं। बिहारी, बाहरी से नहीं डरते।

### यह सब राजनीतिक प्रतिशोध है: तेजस्वी

तेजस्वी यादव ने कहा कि हम इस मामले की कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। हमने शुरू से ही कहा था कि जैसे-जैसे चुनाव करीब आयेंगे, ऐसी बातें होंगी। हम अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं और अदालत में अपनी बात रखेंगे। जिस व्यक्ति ने रेलवे को 90,000 करोड़ रुपये का मुनाफा दिया, जिसने हर बजट में किराया घटाया, वह ऐतिहासिक रेल मंत्री के रूप में जाने जाते हैं। हार्वर्ड और आइआइएम के छात्र लालू जी से सीखने आये थे। उन्हें मैनेजमेंट गुरु कहा जाता है। बिहार और देश की जनता सच्चाई जानती है।

### रांची-पुरी के दो होटलों के टेंडर का मामला

यह मामला रांची और पुरी स्थित आइआरसीटीसी की दो होटलों के टेंडर में भ्रष्टाचार से जुड़ा है। बिहार चुनाव के बीच यह फैसला लालू और आरजेडी के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इससे पहले लालू व्हील चेयर पर कोर्ट पहुंचे। राबड़ी और तेजस्वी भी उनके साथ थे। लैंड फॉर जॉब्स मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में सोमवार को फैसला टल गया। कोर्ट अब इस मामले पर 10 नवंबर को फैसला सुनायेगा।

# कोल्ड्रिफ बनानेवाली श्रीसन फार्मा कंपनी का लाइसेंस रद्द

## चेन्नई में कंपनी के ठिकानों पर इडी की रेड

- कंपनी बंद, इसके सिरप से मध्य प्रदेश में 25 बच्चों की मौत हुई थी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया। साथ ही कंपनी को हमेशा के लिए बंद करने की घोषणा की। सरकार को श्रीसन फार्मा की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गंभीर श्रेणी की गड़बड़ियां मिली थीं। कोल्ड्रिफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। चेन्नई में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सोमवार को श्रीसन फार्मा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी भी की है। श्रीसन फार्मा के प्रमुख कर्मचारियों और तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के गिरफ्तार डायरेक्टर इन-चार्ज पी यू कार्तिकेयन के ठिकानों पर भी रेड की गयी। बताते चलें कि कार्तिकेयन जुलाई में रिश्वतखोरी के एक मामले में तमिलनाडु विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ने गिरफ्तार किया था। इडी की ताजा कार्रवाई मिलावटी कोल्ड्रिफ सिरप बनाने और बिक्री से जुड़े वित्तीय लेन-देन मामले में प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत की जा रही है। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश पुलिस रविवार शाम मामले के मुख्य आरोपी और श्रीसन फार्मा के मालिक रंगनाथन गोविंदन (75 साल) को लेकर तमिलनाडु रवाना हो गयी। उसे 9 अक्टूबर को चेन्नई के कोडम्बक्कम स्थित अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था।

हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कॉलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,
डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एएमयू.), एम.डी. (पीएचसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# विनोद पांडेय की मां पंचतत्व में विलीन

## हेमंत और कल्पना पहुंचे घर, शोक व्यक्त कर दी सांत्वना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय की मां जलेश्वरी देवी का रविवार को निधन हो गया था। रांची के हरमू घाट पर सोमावर को उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके छोटे पुत्र बसंत ने मुखाग्नि दी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को विनोद पांडेय के हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित आवास पहुंचकर उनकी माता जलेश्वरी देवी के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री ने इश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। दोनों ने विनोद पांडेय और परिजनों से मुलाकात की तथा उनका ढाढ़स बंधाया।

स्व जलेश्वरी देवी के अंतिम संस्कार में राजनीति दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा सामज के हर वर्ग के लोग भारी संख्या में शामिल हुए।

# हजारीबाग से नक्सली गिरफ्तार और बोकारो में मिला हथियारों का जखीरा

- गिरफ्तार नक्सली की पहचान पूर्व जोनल कमांडर सुनील गंझू के रूप में हुई
- कई बड़ी घटनाओं को दे चुका है अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग/बोकारो।** हजारीबाग से पुलिस ने एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान भाकपा माओवादी के पूर्व जोनल कमांडर सुनील गंझू के रूप में हुई है। वहीं, सर्च अभियान के दौरान बोकारो में भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा भी बरामद किया गया।

### गंझू पर दर्ज हैं 50 से अधिक मामले

एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि हजारीबाग जिले में भाकपा माओवादी का उत्तरी छोटानागपुर के रीजनल कमांडर शहदेव महतो एवं सब-जोनल कमांडर नताशा अपने 4-5 सदस्यों के साथ बड़कागांव थाना क्षेत्र में भ्रमणशील है और ग्राम जोराकाट में लेवी लेने के लिये आने वाला है। एसपी ने सदर एसडीपीओ अमित आनन्द के नेतृत्व में टीम का गठन कर ग्राम जोराकाट भेजा। वहां पर पुलिस को 4-5 संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिये, जिनके नजदीक जाने पर सभी संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे, जिसे पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया, तो एक व्यक्ति, जिसके हाथ में झोला था, पकड़ा गया। अन्य संदिग्ध व्यक्ति जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गये। पकड़ाये व्यक्ति ने अपना नाम सुनील गंझू, पिता-स्व चमन गंझू, ग्राम सिमरातरी, थाना-पत्थलगड्डा, जिला-चतरा बताया। जब पुलिस बल ने उक्त व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके झोले से नक्सली लेटर पैड पर्चा बरामद हुआ। उसने कबूल किया कि वह कोल कंपनियों, ठेकेदारो, कोयला व्यपारियों से लेवी लेते हैं। इसी के लिए जोराकाट आये थे। पूर्व जोनल कमांडर सुनील गंझू वर्ष 1990 में भाकपा माओवादी संगठन में शामिल हुआ था। 1993 में ग्राम डांटो थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग पुलिस के मुठभेड में पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तारी हुई थी। वर्ष 1998 में जेल से निकलने के बाद पुनः नक्सली संगठन में शामिल हुआ। जिसमें मुख्य कांड हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र के ग्राम बेलतु में माओवादी द्वारा नरसंहार की घटना की गयी थी। वर्ष 2004 में पुलिस के द्वारा केरेडारी थाना से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वर्ष 2018 में सजा खत्म होने के बाद जेल से बाहर आया एवं फिर से भाकपा माओवादी संगठन में शामिल हुआ। इसके द्वारा चतरा जिला के मयुरहंड थाना के ग्राम पुन्दरी में नागेशवर यादव की हत्या कर दी गयी। गिरफ्तार सुनील गंझु पर बड़कागांव, केरेडारी, पत्थलगडडा, इटखोरी, सिमरिया, हजारीबाग सदर, चतरा सदर, मयूरहंड, बरही, गोमिया, कटकमसैंडी, विष्णुगढ़, इचाक, टीता नगर, बेरमो, आदि थानों में 50 से अधिक मामले दर्ज है। अभियान में सदर एसडीपीओ अमित आनंद, बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, बड़कागांव इंस्पेक्टर ललित कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, डाडी प्रभारी सोगेन मुर्मू के अलावा सशस्त्र बल शामिल थे।

### नक्सली भोला कोड़ा की निशानदेही पर हथियार बरामद

पुलिस के द्वारा नक्सलियों का खिलाफ चलाये जा रहे हैं अभियान में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। इसमें हथियारों का जखीरा भी बरामद किया गया है। संयुक्त टीम के द्वारा बोकारो के गोमिया इलाका के चतरोचट्टी के मुरपा जंगल में यह बड़ी सफलता मिली है जिसमें दो एसएलआर राइफल, 233 जिंदा कारतूस, खाली मैगजिन, दैनिक उपयोग के सामान आदि बरामद हुए। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, पुलिस निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, अभिनव आन्नद, दीपक कुमार राणा, जानु कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता शामिल थे। बताते चलें कि 17 जुलाई को बिरहोरडेरा जंगल में माओवादी दस्ते के साथ हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गये थे। जबकि प्रवेज दा, चंचल दा, विशन दा, राजू और भोला कोड़ा भाग निकले थे। बाद में भोला कोड़ा ने बिहार के मुंगेर में आत्मसमर्पण किया था। सुरक्षा बलों की इस छापामारी दल में हजारीबाग जिला के बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, गोमिया थाना के उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद, 54 बटालियन के दीपक कुमार राणा, चतरोचट्टी के थाना प्रभारी जानु कुमार अलावा जगुआर एवं सीआरपीएफ के सशस्त्र बल शामिल थे।

# रांची में एक के बाद एक, दो मुठभेड़, कुख्यात प्रभात राम को लगी गोली, साथी भी गिरफ्तार

- बालसिरिंग इलाके में सुबह में हुई थी मुठभेड़
- दूसरी घटना मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र की है

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची में सोमवार को पुलिस और अपराधियों के बीच एक के बाद एक दो मुठभेड़ की घटनाएं सामने आयीं। पहली घटना बालसिरिंग इलाके में सुबह की है, जबकि दूसरी मुठभेड़ मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में हुई, जहां पुलिस की जवाबी कार्रवाई में कुख्यात अपराधी प्रभात राम गोली लगने से घायल हो गया। वहीं उसका एक साथी संजय राम को पुलिस ने मौके से पकड़ लिया। घटना के बाद रांची ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने इसकी पुष्टि की और बताया कि अपराधियों के पास से एक कार्बाइन, एक पिस्टल और एक बाइक भी बरामद की गयी है। घायल अपराधी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पूरे इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गयी है।

**रंगदारी की सूचना के बाद हुई कार्रवाई :** पुलिस को इनपुट मिला था कि कुछ अपराधी ईंट भट्ठा और कोयला कारोबारियों से रंगदारी वसूलने निकले हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस ने इलाके में गश्त तेज कर दी। इसी दौरान जब पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया, तो अपराधियों ने पुलिस की जीप पर गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में प्रभात राम घायल हो गया।

**खुद को टीपीसी से जुड़ा बताते थे :** पुलिस का कहना है कि प्रभात राम और उसका गिरोह खुद को उग्रवादी संगठन टीपीसी से जुड़ा बताकर कारोबारियों से अवैध वसूली करता था। पैसे न देने पर धमकी भरे पत्र और फायरिंग के जरिए दहशत फैलाता था।

**सुबह भी हुई थी एक मुठभेड़ :** उल्लेखनीय है कि सोमवार की सुबह ही बालसिरिंग इलाके में भी पुलिस की सुजीत सिन्हा गैंग के अपराधियों से मुठभेड़ हुई थी। उस घटना में भी एक अपराधी घायल हुआ और दो अन्य को गिरफ्तार किया गया था। वहां से तीन हथियार बरामद किये गये थे।

# अब इपीएफ अकाउंट से पूरा पैसा निकाल सकेंगे

- सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की मीटिंग में इसका ऐलान हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने सोमवार को कई बड़े फैसलों का एलान किया। इपीएफओ के बोर्ड ने अपने सात करोड़ से अधिक अंशधारकों के लिए आंशिक निकासी की उदार व्यवस्था को मंजूरी दे दी है। इसके तहत अब सदस्य इपीएफ खाते से 100 प्रतिशत तक की निकासी कर सकेंगे। कर्मचारियों के हित में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने कई बड़े फैसले लिये हैं। इनसे पीएफ निकासी, ब्याज और डिजिटल सेवाओं में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा श्रम मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में इपीएफओ की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने अपनी बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये।

**13 जटिल प्रावधानों का एक आसान नियम में विलय किया गया :** सीबीटी ने इपीएफ के सदस्यों के जीवन को आसान बनाने के लिए 13 जटिल प्रावधानों को एक ही नियम में विलय करने का फैसला लिया। इसके तहत ईपीएफ योजना के आंशिक निकासी प्रावधानों को सरल बनाया गया है। निकासी के लिए खर्च को तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है यानी जरूरी (बीमारी, शिक्षा, विवाह), घर की जरूरत और विशेष परिस्थितियां।

**आंशिक निकासी के लिए अब सिर्फ 12 महीने की सेवा की जरूरत :** अब सदस्य भविष्य निधि में कर्मचारी और नियोक्ता के हिस्से सहित पात्र शेष राशि का 100 प्रतिशत तक निकाल सकेंगे। निकासी की सीमा को उदार बनाया गया है। शिक्षा के लिए 10 बार तक और विवाह के लिए 5 बार तक निकासी की अनुमति दी गई है। सभी आंशिक निकासी के लिए न्यूनतम सेवा की आवश्यकता को भी घटाकर केवल 12 महीने कर दिया गया है।

# पायलट ट्रेनिंग के दौरान विमान हादसे में युवक की मौत

- बोकारो के पेटरवार का रहने वाला था, रांची जेवीएम श्यामली स्कूल से की थी पढ़ाई, पिता भी इसी स्कूल में थे शिक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/बोकारो।** दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में पायलट ट्रेनिंग के दौरान विमान हादसा हो गया। इस हादसे में झारखंड के युवक पीयूष पुष्प की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना 10 अक्टूबर की है। विमान क्रैश होने पर आनन-फानन में पीयूष को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन 11 अक्टूबर को उसकी मौत हो गयी। वह बोकारो ... का रहने वाले है। उसके पिता टीएन साहू रांची में जेवीएम श्यामली में शिक्षक थे, जहां से कुछ महीने पहले रिटायर हुए हैं। उनका रांची के कटहल मोड़ में भी घर है। पीयूष ने भी जेवीएम श्यामली स्कूल से पढ़ाई की थी।

सेवानिवृत्त शिक्षक टीएन साहू के पड़ोसी और जेवीएम श्यामली के शिक्षक शशांक कुमार सिन्हा ने बताया कि इस खबर ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। शुक्रवार को ही हादसे की जानकारी फोन पर मिली। फिलहाल, पीयूष के पिता कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं हैं।



**शव लाने के लिए दूतावास से किया संपर्क :** परिजनों ने भारतीय दूतावास से बच्चे के शव को लाने के लिए संपर्क किया है। कागजी प्रक्रिया पूरी होते ही शव को भारत भेजा जायेगा। पीयूष पुष्प का एक छोटा भाई भी है जो फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई कर रहा है। पीयूष के पिता मूल रूप से बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड के चांदो गांव के रहने वाले हैं। घटना की खबर से चांदो गांव में भी मातम छा गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# बिहार एनडीए की सीट शेयरिंग में छिपे हैं कई सियासी संदेश

- अतीत से सबक लेते हुए भविष्य का भी खयाल रखा गया है सीटों के समीकरण में
- भाजपा ने जदयू के बराबर सीट लेकर बता दिया कि अब वह छोटा भाई नहीं है
- दलित राजनीति को नया नेतृत्व देने के लिए ही चिराग पासवान को अहमियत दी गयी है
- मांझी और कुशवाहा को उनकी हैसियत के अनुरूप सीटें देकर सियासी संतुलन साधा गया

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, यानी एनडीए में सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दे दिया गया है। बिहार में सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की दिल्ली में हुई बैठक में इस फॉर्मूले को अंतिम रूप दिया गया, जिससे साफ पता चलता है कि इस बार बिहार की राजनीति में बहुत कुछ नया होनेवाला है। 243 सीटों के बंटवारे के क्रम में भाजपा ने इस बार जेडीयू के बराबर सीटें लेकर साफ कर दिया है कि वह अब बिहार में न तो छोटे भाई की भूमिका में रहना चाहती है और न ही दूसरे दर्जे की भूमिका निभायेगी। पार्टी ने साफ कर दिया है कि अब बिहार के सियासी समीकरण की ड्राइविंग सीट पर वह भी बैठी है। इसके अलावा भाजपा ने चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) को 29 सीटें देकर यह भी बता दिया है कि बिहार की दलित राजनीति में वह नये नेतृत्व को स्थापित करने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुकी है। हालांकि जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को 6-6 सीटें देकर भाजपा-जेडीयू ने गठबंधन की एकता और मजबूती को बरकरार रखने की शानदार कोशिश की है, लेकिन चिराग पासवान के बढ़ते कद ने भाजपा को एक विश्वस्त सहयोगी बनाने में बड़ी कामयाबी मिली है। क्या है बिहार एनडीए की सीट शेयरिंग के पीछे की सियासत और समीकरण, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



राकेश सिंह
संपादक

## भाजपा ने पहली बार बिहार में खुद को जदयू के बराबर खड़ा कर लिया

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए ने रविवार को सीट शेयरिंग की घोषणा कर दी है। भाजपा और जेडीयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) 29 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा जीतन राम मांझी के हम को छह सीटें मिली हैं। इतनी ही यानी छह सीटें उपेंद्र कुशवाहा को भी मिली हैं। यानी कुल मिलाकर 243 सीटों के बंटवारे में भाजपा और जदयू के बाद लोजपा (रामविलास) दूसरी बड़ी पार्टी बन गयी है। भाजपा ने सीट शेयरिंग के इस नंबर के आधार पर अपनी हैसियत बराबर की बना ली है। भले ही पार्टी लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में बड़ा भाई नहीं बन पायी हो, लेकिन पहली बार बिहार में खुद को जदयू के बराबर खड़ा कर लिया है।

## चिराग पासवान सबसे बड़े बार्गेनर


वहीं इस सीट शेयरिंग में चिराग पासवान सबसे बड़े बार्गेनर साबित हुए। पिछली बार चिराग पासवान एनडीए का हिस्सा नहीं थे। इस बार जब वह एनडीए का हिस्सा बने, तो नीतीश कुमार ने सीधे तौर पर उनसे दूरी बना ली। नीतीश कुमार की तरफ से सीधे तौर पर कह दिया गया था कि चिराग कितनी सीटों पर लड़ेंगे, ये उनकी समस्या है। इसके बाद चिराग की सीटों को लेकर कई तरह की बातें सामने आयीं। पसंद की सीटों से लेकर सीटों की संख्या तक कई दिनों तक खींचतान चलती रही, लेकिन चिराग अपनी जिद पर अड़े रहे। चिराग अपनी पसंद की सीटों के अलावा अपनी पसंद के नंबर लेने में भी कामयाब रहे।

## मांझी का राजनीतिक दायरा सिर्फ गया तक

जीतन राम मांझी लगातार 20-22 सीटों की मांग कर रहे थे। वे अपनी पार्टी को राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा दिलाने की बात कह कर अपनी सीटें बढ़ाने की बात कर रहे थे, लेकिन एनडीए की सीट शेयरिंग में उनकी मांग नहीं सुनी गयी। उन्होंने आखिरी गुहार लगायी थी कि उन्हें कम से कम 15 सीटें दी जायें, लेकिन सिर्फ छह सीटें ही मिलीं। जानकारों की मानें, तो जीतन राम मांझी का राजनीतिक दायरा अभी भी गया तक ही सीमित है। देखा जाये तो राज्य भर में न तो इनके वोटर हैं और न ही उन पर इनकी पकड़ है। एनडीए के नेता इस बात को बहुत अच्छे से समझते हैं। चुनाव लड़ने वालों में भी ज्यादातर इनके परिवार के लोग ही शामिल होते हैं। मांझी खुद अभी लोकसभा के सांसद होने के साथ-साथ केंद्र में मंत्री भी हैं। इनके बेटे संतोष सुमन विधान परिषद के सदस्य होने के साथ राज्य सरकार में मंत्री हैं।

## आज बादलों ने फिर साजिश की, जहां मेरा घर था वहीं बारिश की: कुशवाहा

एनडीए में अगर कोई पार्टी सबसे कमजोर थी, तो वह उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा थी। पिछले 10 साल से विधानसभा में उनका एक भी सदस्य नहीं है। आखिरी बार उनकी पार्टी ने 2015 के विधानसभा चुनाव के दौरान दो सीटें जीतीं थी। एनडीए के साथ रहने के बाद भी वे 2024 में काराकाट से लोकसभा का चुनाव हार गये थे। लोकसभा चुनाव हारने के बाद उनकी बार्गेनिंग क्षमता पहले ही घट गयी थी। जिस तरीके से महागठबंधन ने एनडीए के कोर वोट बैंक रहे कुशवाहा में सेंधमारी की है, ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा का गठबंधन में रहना बेहद जरूरी था। बिहार में कुशवाहा वोटरों की संख्या लगभग 4.2 फीसदी है। खास कर मगध और शाहाबाद के इलाके की सीटों की जीत-हार में ये अहम फैक्टर होते हैं। यही कारण है कि भाजपा किसी भी सूरत में उपेंद्र कुशवाहा को एनडीए से बाहर नहीं होने देना चाह रही थी। सीट शेयरिंग से पहले वे 10 सीट पर अड़े हुए थे। दो दिन पहले जब वे पटना से दिल्ली निकल रहे थे, तब उन्होंने अपनी सीटों की संख्या पर नाराजगी भी जतायी थी। उन्होंने कहा था कि अभी सीट शेयरिंग फाइनल नहीं हुआ है। छह सीटें देकर गठबंधन में उनके सम्मान को बरकरार रखा गया है। 'आज बादलों ने फिर साजिश की, जहां मेरा घर था वहीं बारिश की। अगर फलक को जिद है बिजलियां गिराने की, तो हमें भी जिद है वहीं पर आशियां बसाने की '। यह पोस्ट सीट शेयरिंग के बाद उपेंद्र कुशवाहा द्वारा किया गया है।




## सीट बंटवारे में छिपे हैं कई समीकरण

वैसे चिराग तो कहते ही हैं कि वह मोदी के हनुमान हैं। इस सीट बंटवारे में कई समीकरण छिपे हुए हैं। एनडीए की मौजूदा स्थिति को देखते हुए लगता है कि विपरीत परिस्थिति में चिराग पासवान भाजपा के साथ रहेंगे। उधर मांझी और कुशवाहा फिलहाल जदयू, यानी नीतीश कुमार के साथ हैं। हालांकि इस सीट बंटवारे के बाद दोनों ने साफ कर दिया है कि उन्हें ये मंजूर नहीं था, लेकिन गठबंधन की मजबूरी के चलते 6-6 सीटों पर मानने के अलावा उनके पास और कोई चारा नहीं था। अब यहीं से सियासी गलियारे में प्लान की चर्चा शुरू हो गयी। जदयू को 101 सीटें मिली हैं। जीतन राम मांझी को छह और उपेंद्र कुशवाहा को छह सीटें मिली हैं। तीनों एक साथ रहेंगे, तो भी सभी सीटों पर जीतने के बाद उनके खाते में 101+6+6 यानी 113 सीटें ही रहेंगी। ऐसे में ये तीन पार्टियां सभी सीटें जीत कर भी पूर्ण बहुमत नहीं ला सकती हैं। इसके लिए उन्हें भाजपा और चिराग या इनमें से किसी एक की जरूरत पड़ेगी ही। सियासी गलियारे में ये चर्चा तेजी से फैल रही है कि भाजपा बिहार विधानसभा चुनाव में अपने प्लान का पहला फेज पूरा कर चुकी है। कहा जा रहा है कि चिराग और भाजपा हर हाल में एक साथ रहेंगे। ऐसे में अगर बीजेपी और चिराग के हिस्सों में आयी सीटों को जोड़ें, तो 101+29 मिलाकर 130 सीटें होती हैं। ऐसे समझिए कि अगर बीजेपी और चिराग पासवान ने अपने ही दम पर बहुमत के जादुई आंकड़े 122 को छू लिया, तो उन्हें नीतीश कुमार की कोई जरूरत नहीं रहेगी। लेकिन इसके लिए उन्हें सात से ज्यादा सीटों पर हारना नहीं होगा। तभी वो बहुमत के आंकड़ों तक पहुंचेंगे। अब सवाल यही है कि जो चर्चा चल रही है क्या वो वाकई सही है? लेकिन नीतीश कुमार के पहले की पलटने वाली आदत से हो सकता है भाजपा अलर्ट मोड में हो।

## भाजपा का बढ़ता दबदबा

सीट बंटवारे का पहला और स्पष्ट निष्कर्ष यह है कि अब नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड, राज्य की राजनीति में ड्राइविंग सीट पर नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी यह संकेत मिला था, जब बीजेपी ने 17 और जेडीयू ने 16 सीटों पर चुनाव लड़ा था। राज्य विधानसभा चुनाव में भी यही संतुलन कायम होता दिख रहा है। भाजपा ने साफ कर दिया है कि वह अब दूसरे दर्जे की भूमिका नहीं निभायेगी और वह सत्ता के संतुलन को बनाये रखते हुए अगले चरण में राज्य का नेतृत्व हासिल करने की तैयारी कर रही है।

## भाजपा की नयी दलित रणनीति, चिराग का बढ़ता राजनीतिक कद

दूसरा बड़ा निष्कर्ष चिराग पासवान के मजबूत होते राजनीतिक कद से जुड़ा है। सूत्रों का कहना है कि 29 सीटों का बड़ा हिस्सा देकर बीजेपी ने यह साफ संकेत दिया है कि वह अब बिहार की राजनीति में पूरी तरह से नीतीश कुमार पर निर्भर नहीं रहना चाहती है। पिछले चुनाव में चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने नीतीश कुमार के जेडीयू को काफी नुकसान पहुंचाया था, जिससे नीतीश कुमार को राज्य की राजनीति में अपना दबदबा खोना पड़ा था। चिराग पासवान को 29 सीटें देना बीजेपी के लिए अगला कदम माना जा रहा है। बीजेपी अब चिराग के राजनीतिक प्रभाव को न केवल मान्यता दे रही है, बल्कि उन्हें राज्य के दलित चेहरे के रूप में भी आगे बढ़ा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि बीजेपी की यह रणनीति बिहार में दलित वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश है।

## मांझी बनाम पासवान

इस समायोजन की राजनीति में सबसे अधिक प्रभावित जीतन राम मांझी हुए हैं। उनकी पार्टी हम को इस बार केवल छह सीटें मिली हैं, जो 2020 के चुनाव से एक कम है। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार मांझी की सीटें चिराग पासवान को संतुष्ट करने के लिए कम की गयी हैं। इससे एक बात साफ हो गयी है कि एनडीए का ध्यान अब राज्य के दलित नेतृत्व को एक मजबूत चेहरा प्रदान करने पर है, और वह चेहरा अब जीतन राम मांझी नहीं, बल्कि चिराग पासवान हैं।

## इसका असर एनडीए पर पड़ सकता है: मांझी

सीट शेयरिंग के बाद जीतनराम मांझी ने पहले कहा, मैं संतुष्ट हूं। हालांकि इसके बाद तीखे तेवर दिखाते हुए बयान दिया, आलाकमान ने जो फैसला लिया है, वो स्वीकार है। हमें सिर्फ छह सीट देकर उन्होंने हमारी अहमियत कम आंकी है। इसका असर एनडीए पर पड़ सकता है।

## आने वाला समय बतायेगा फैसला कितना उचित : उपेंद्र कुशवाहा

सीट शेयरिंग के बाद उपेंद्र कुशवाहा ने एक्स पर लिखा कि आप सभी से क्षमा चाहता हूं। आपके मन के अनुकूल सीटों की संख्या नहीं हो पायी। मैं समझ रहा हूं, इस निर्णय से अपनी पार्टी के उम्मीदवार होने की इच्छा रखने वाले साथियों सहित हजारों-लाखों लोगों का मन दुखी होगा। आज कई घरों में खाना नहीं बना होगा। परंतु आप सभी मेरी और पार्टी की विवशता और सीमा को बखूबी समझ रहे होंगे। किसी भी निर्णय के पीछे कुछ परिस्थितियां ऐसी होती हैं, जो बाहर से दिखती हैं, मगर कुछ ऐसी भी होती हैं, जो बाहर से नहीं दिखतीं। हम जानते हैं कि अंदर की परिस्थितियों से अनभिज्ञता के कारण आपके मन में मेरे प्रति गुस्सा भी होगा, जो स्वाभाविक भी है। आपसे विनम्र आग्रह है कि आप गुस्सा को शांत होने दीजिए, फिर आप स्वयं महसूस करेंगे कि फैसला कितना उचित है या अनुचित। फिर कुछ आने वाला समय बतायेगा। फिलहाल इतना ही।

## एनडीए की सीट शेयरिंग का आधार बना लोकसभा चुनाव

एनडीए के फॉर्मूले में लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को आधार बनाया गया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा 17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, जिनमें 104 विधानसभा सीटें आती हैं। आरा और बेगूसराय लोकसभा में सात-सात और बाकी में 6-6 सीटें हैं। जबकि जदयू ने लोकसभा में 16 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस आधार पर 97 सीटें होती हैं। इनमें नालंदा में सात और बाकी लोकसभा में 6-6 विधानसभा सीटें हैं। अब सीट शेयरिंग की बात करें, तो बीजेपी ने लोकसभा के अनुसार तीन सीटें कम ली हैं, जबकि जदयू को चार सीटें ज्यादा दी गयी है। यानी एनडीए ने बीच का रास्ता निकाला और दोनों पार्टी 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमत हुई। अब न कोई बड़ा भाई और न कोई छोटा भाई है। लोकसभा चुनाव में चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी-आर ने पांच सीटों पर चुनाव लड़ा। इसी आधार पर उसे 29 सीटें मिलीं, जबकि जीतन राम मांझी का हम और उपेंद्र कुशवाहा का राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (रालोमो) लोकसभा में एक-एक सीट पर चुनाव लड़ा था। इस आधार पर इन्हें विधानसभा की 6-6 सीटें दी गयी हैं।

## 15 साल में जदयू की 29% सीटें घट गयीं

2003 में पार्टी बनने के बाद जदयू ने सबसे पहला चुनाव 2005 में लड़ा था। अगर सीट शेयरिंग के फॉर्मूले को देखें, तो 2005 के बाद जदयू की सीटें 27 फीसदी घट गयी हैं। तब पार्टी 138 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जेडीयू ने सबसे ज्यादा 2010 में 141 सीटों पर चुनाव लड़ा। अब 101 पर चुनाव लड़ रहा है। 2025 के सीट शेयरिंग के फॉर्मूले के तहत 15 साल में पार्टी की 40 सीटें कम हो गयीं। यानी 15 साल में जेडीयू की करीब 29% सीटें घट गयीं, जबकि भाजपा 2005 में भी 101 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और 2025 में भी 101 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है।

# बिहार में कांग्रेस का एक गुट खुद के दम पर चुनाव लड़ने के पक्ष में, राहुल की यात्रा से मिला बल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर महागठबंधन में सीट बंटवारे पर सहमति बनाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, लेकिन इसमें हो रही देरी से प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के एक वर्ग में असंतोष के स्वर उभरने लगे हैं। एनडीए में सीट बंटवारे का फार्मूला तय हो जाने के बाद अब सबकी निगाहें महागठबंधन पर टिकी हैं, जहां सीटों के बंटवारे पर अंतिम मुहर लगना बाकी है।

**कांग्रेस का एक गुट अकेले बिहार चुनाव लड़ने के पक्ष में :** सीट में देरी से नाराज कांग्रेस नेताओं के एक समूह का मानना है कि पार्टी को अब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की राजनीतिक छाया से बाहर निकलकर अपने दम पर चुनाव लड़ने पर विचार करना चाहिए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने रविवार को दिल्ली रवाना होने से पहले पटना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, 'एनडीए में सीट बंटवारा हो गया है। सोमवार की बैठक के बाद महागठबंधन में सीट बंटवारे की घोषणा हो सकती है।' वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा, 'महागठबंधन में घटक दलों के बीच सीटों की संख्या तय हो गयी है, केवल कुछ सीटों पर पेंच फंसा है, इसे सुलझाने के लिए बातचीत चल रही है। उम्मीद है आज या कल सब कुछ तय हो जायेगा।'



## कांग्रेस के कई नेता बिना राजद की बैसाखी के चुनाव लड़ने के पक्ष में

बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता किशोर कुमार झा ने कहा, 'हमारी पार्टी को बिहार में स्वतंत्र रूप से अपनी ताकत आजमानी चाहिए। राजद लंबे समय से कांग्रेस को सीमित सीटों तक सीमित रखता आया है, जबकि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने नया जोश और राजनीतिक शक्ति हासिल की है। अब हमें अपने दम पर चुनाव लड़कर अपनी ताकत साबित करनी चाहिए।'

## कांग्रेस ने अपने संभावित कैंडिडेट की लिस्ट की तैयार

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने अपने संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार कर ली है और अगर अगले एक दो दिन में सीट बंटवारे की घोषणा नहीं होती है, तो पार्टी अपनी पहली सूची जारी कर सकती है। सूत्र का यह भी कहना है कि मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) द्वारा सीट और उपमुख्यमंत्री पद की मांग ने महागठबंधन की बातचीत को और पेचीदा बना दिया है।

जानकारों की मानें तो कांग्रेस, राहुल गांधी की हालिया वोटर अधिकार यात्रा से मिली नयी ऊर्जा को भुनाने की कोशिश में है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि यह समय पार्टी के लिए बिहार में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान मजबूत करने का है।' अब सबकी निगाहें दिल्ली में होने वाली तेजस्वी यादव और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की बैठक पर है, जिसमें बिहार महागठबंधन के सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला होने की संभावना है।

## 2020 में 19 सीटों पर जीती थी कांग्रेस

उल्लेखनीय है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से केवल 19 पर जीत मिली थी। इस बार पार्टी 65 से 68 सीटों पर दावा कर रही है। बिहार में दो चरणों में चुनाव होंगे, पहला चरण छह नवंबर को और दूसरा चरण 11 नवंबर को। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.57 बजे |



## तस्वीर बदल रही : मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना बनी रांची की महिलाओं की ताकत

# दीया, मोमबत्ती और कागज के लिफाफे बनाकर बन रहीं आत्मनिर्भर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** करम टोली चौक की रहने वाली शीला लिंडा के घर में इन दिनों दीये की रौशनी केवल दीपावली के आगमन की नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की नयी शुरूआत की गवाही भी दे रही है। पिछले 25 सालों से समाज सेवा में सक्रिय शीला लिंडा न सिर्फ अपने लिए, बल्कि अपने आस-पास की कई महिलाओं के जीवन में भी उजाला भर रही हैं। ये महिलाएं मंईयां सम्मान योजना का लाभ तो ले ही रही हैं, साथ ही वोकल फॉर लोकल अभियान को भी बढ़ावा दे रही हैं, अपने हाथों से बने स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचाकर आत्मनिर्भर भारत की मिसाल बन रही हैं।




शीला लिंडा बताती हैं कि मंईयां सम्मान योजना से मुझे अब तक 15,000 रुपये की राशि मिली है। पहले तो लगा यह छोटी पूंजी है, लेकिन आज यही मेरी सबसे बड़ी ताकत बन गयी। इसी पैसे से मैंने दीया, मोमबत्ती और कागज के लिफाफे बनाना शुरू किया। अब मेरा छोटा सा व्यवसाय चल पड़ा है। दीपावली के इस मौसम में दीयों की मांग बढ़ गयी है, और मैं खुश हूं कि मेरी मेहनत से घर भी रोशन है और दूसरों के घर भी।

दरअसल, मंईयां सम्मान योजना ने झारखंड की हजारों महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर दिया है। इस योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि उन्हें समाज में एक पहचान भी दे रही है।

शीला लिंडा की कहानी इसी परिवर्तन का सजीव उदाहरण है। उन्होंने न केवल खुद को सशक्त किया बल्कि अपने इलाके की अन्य महिलाओं को भी इस मुहिम से जोड़ा। जिन महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल पाया, उन्हें उन्होंने स्वयं सहायता समूह से जोड़कर रोजगार का रास्ता दिखाया। वो कहतीं हैं मैं चाहती हूं कि हर महिला अपने पैरों पर खड़ी हो। मैंने कई महिलाओं को मानदेय देकर काम सिखाया है।



आज वे खुद दीया, लिफाफा और मोमबत्ती बनाकर मुनाफा कमा रही हैं। आत्मनिर्भर बनना अब सपना नहीं, हकीकत है।

दीपावली के अवसर पर उन्होंने डिजाइनर दीये बनवाने का काम शुरू किया है। सार्वजनिक मेलों से लेकर शहर के मॉल तक में उनके बनाये दीये बिक रहे हैं। उनकी मेहनत और रचनात्मक सोच ने उन्हें स्थानीय पहचान दिलायी है। एक दीदी प्रेममणि, जो शीला लिंडा के समूह से जुड़ी हैं, मुस्कुराते हुए कहती हैं, पहले लगता था हमारे बस की बात नहीं, लेकिन शीला दीदी ने हमें सिखाया कि थोड़ी सी हिम्मत और मेहनत से सबकुछ संभव है। मंईयां सम्मान योजना से मिले पैसों ने कई घरों की दीवारों में उम्मीद की रौशनी भर दी है। अब हम खुद अपने खर्च उठा पाती हैं, बच्चों की पढ़ाई में हाथ बंटा पाती हैं।

वहीं, इसी समूह से जुड़ी बसंती कहती हैं, मुझे वृद्धा पेंशन मिलती है। पहले उस पैसे को घर के खर्च में लगा देती थी, लेकिन अब वही पैसा शीला दीदी के काम में लगाती हूं। हम मिलकर दीये बनाते हैं और बेचते हैं। अब मुझे भी लगता है कि उम्र नहीं, इरादे बड़े होने चाहिए। दीपावली में जब हमारे बनाये दीये किसी के घर जलते हैं, तो लगता है कि जीवन सचमुच सफल हुआ।

झारखंड सरकार की यह योजना ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों की महिलाओं के लिए नयी दिशा दे रही है। जिन महिलाओं के पास पूंजी का अभाव था, वे अब इस योजना के माध्यम से अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं।

दीपावली का त्योहार वैसे भी अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है। शीला लिंडा और उनकी जैसी सैकड़ों महिलाएं इस प्रतीक को अपने जीवन में साकार कर रही हैं। उनके बनाये दीये अब केवल घरों को नहीं, बल्कि मनों को भी रोशन कर रहे हैं।

शीला लिंडा कहती हैं, पहले लोग हमें कमजोर समझते थे, अब वही लोग हमारे काम की तारीफ करते हैं। मंईयां सम्मान योजना ने हम जैसी महिलाओं को नयी पहचान दी है। आज शीला लिंडा जैसी महिलाएं दीपावली के पहले से ही व्यस्त हैं। कोई मिट्टी के दीये रंग रही है, कोई मोमबत्ती सजा रही है, तो कोई पैकिंग कर रही है। उनके हाथों की कला और आत्मविश्वास ही असली रौशनी है, जो दीपों से कहीं अधिक चमकती है। मंईयां सम्मान योजना और वोकल फॉर लोकल अभियान ने इन महिलाओं को वह दीप दिया है, जो जीवन भर बुझने वाला नहीं।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी।
- **वृष** पढ़ाई-लिखाई और चिंतन-मनन में रूचि बढ़ेगी, आशाएं बलवती होंगी।
- **मिथुन** रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, आर्थिक प्रयोजन सिद्ध होंगे।
- **कर्क** अध्ययन,अध्यवसाय,भाषण-प्रवचन के कार्य में रूचि बढ़ेगी, व्यापार-व्यवसाय में सफलता।
- **सिंह** आमदनी होने पर भी वचत की कमी दिखायी देगी.रूकावट दूर होकर सफलता की ओर अग्रसर होंगे।
- **कन्या** सरकारी उच्चाधिकारियों पर आपकी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नयी आशाओं का उदय होगा।
- **तुला** परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे. आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।
- **वृश्चिक** बुद्धि-कौशल से हर जगह प्रशंसा प्राप्त करेंगे, चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी।
- **धनु** शुभ-समाचार की प्राप्ति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** रहन-सहन,भोजन-शयन और निवास स्थान का उत्तम सुख मिलेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि।
- **कुंभ** स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा,आमदनी में वृद्धि होगी,नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा।
- **मीन** अपने काम के प्रति ही समर्पित रहें,कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# भाजपा ही आदिवासियों की असली हितैषी : बाबूलाल

**घाटशिला उपचुनाव : मंडल स्तरीय बूथ सम्मेलन में भाजपाइयों ने लिया जीत का संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से सोमवार को नेताजी नगर भवन में घाटशिला मंडल स्तरीय बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जहां हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी देखने को मिली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से घाटशिला उप चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित कराने का संकल्प लेने के लिए कहा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस उप चुनाव को लेकर झारखंड की जनता की नजर घाटशिला के मतदाताओं पर टिकी हुई है। झारखंड कि जनता को यह संदेश देना है की राज्य में अब लूट-खसोट की सरकार नहीं चलेगी। कहा कि छह साल में राज्य सरकार ने राज्य के नदी-नालों को मुंबई-दिल्ली के व्यापारियों को बेच दिया है। यदि हम आज सचेत न हुए तो आने वाले दिनों में यह हमारे घर द्वार तक बेच देंगे। भाजपा कि सरकार ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय मंत्रालय बनाया। संथाली को 8वीं अनुसूची में शामिल कराने से लेकर आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने तक का काम भाजपा सरकार ने किया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासियों के हित में भाजपा ही सोचती है। अबुआ सरकार व अबुआ राज का नारा देने वाली राज्य सोरेन सरकार ने तो सबसे ज्यादा आदिवासियों का शोषण करने व जमीन लूटने का काम किया है। इससे पूर्व भाजपा मंडल के अध्यक्ष कौशिक कुमार के नेतृत्व में पार्टी नेताओं का भव्य स्वागत कर सम्मानित किया गया।



**मतदान प्रतिशत बढ़ायें कार्यकर्ता : आदित्य साहू**

भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कार्यकर्ताओं के अंदर जोश भरते हुए कहा कि उप चुनाव को लेकर दिन रात मेहनत करें। मतदान के दिन वोटर को घर से निकाल कर वोट करायें। आदित्य साहू ने कहा कि अमूमन जिन क्षेत्रों में हमारे परंपरागत वोटर होते हैं वहां वोटिंग प्रतिशत कम होता हैं। ऐसे में संकल्प लें कि इस बार हमारा 99 प्रतिशत मतदान होगा।

**मऊ भंडार प्लांट को चालू कराने के लिए हूं प्रयासरत:विद्युतवरण महतो :** सांसद विद्युतवरण महतो ने कहा कि राज्य सरकार की लेट-लतीफी से धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट का निर्माण संभव नहीं हो पा रहा है। एचसीएल की केंदाडीह-सुरदा माइंस के लीज नवीकरण में भी सरकार ने एक साल का समय लगाया जबकि भाजपा सरकार में लीज नवीकरण तेजी से होता था। सांसद ने कहा कि उनके प्रयास से सुरदा माइंस चालू हो गयी है। केंदाडीह एवं राखाकॉपर माइंस को लेकर सभी प्रक्रिया पूरी हो गयी है। दोनों माइंस जल्द चालू होंगे जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। मऊभंडार प्लांट चालू कराने के लिए प्रयासरत है।

**घुसपैठियों की संरक्षणदाता बन बैठी है सरकार: दिनेशानंद गोस्वामी**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने राज्य सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि घाटशिला और चाकुलिया प्रखंड में जहां मुसलमानों की आबादी नगण्य है वहां मंईयां सम्मान योजना व बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र का लाभ किशनगंज और पश्चिम बंगाल के मुसलमानों को दिया जा रहा था।

**घाटशिला विधानसभा में साल भर में बढ़े 29 प्रतिशत मुस्लिम आबादी : अभय सिंह**

भाजपा के फायर ब्रांड नेता अभय सिंह ने आरोप लगाया कि फूलपाल में आदिवासी की जमीन पर भव्य मस्जिद बनाया जा रहा है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य रूप से सालभर में घाटशिला विधानसभा में मुस्लिम मतदाता 29 प्रतिशत बढ़े है जबकि गैर-मुस्लिम मतदाता सिर्फ 5 फीसदी ही बढ़े हैं।

### भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

रांची (आजाद सिपाही)। घाटशिला उपचुनाव के लिए भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। सोमवार को यह सूची भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के हस्ताक्षर से जारी की गयी है। जारी सूची में शिवराज सिंह चौहान, जुएल ओरम, डॉ वीरेंद्र कुमार खटीक, विष्णु देव साय, मोहन चरण मांझी, बाबूलाल मरांडी, आदित्य साहू, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन, मधु कोड़ा, कर्मवीर सिंह, समीर उरांव, अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, विद्युत वरण महतो, निशिकांत दूबे, ढुल्लू महतो, नवीन जायसवाल, रवींद्र राय, दिनेशानंद गोस्वामी, दीपक प्रकाश, अमर बाउरी, सुनील सोरेन, गीता कोड़ा, सीपी सिंह, अमित यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, भानू प्रताप शाही, बालमुकुंद सहाय, बड़कुंवर गगराई, आरती कुजूर, मनोज सिंह, सुनीता सिंह, रामकुमार पाहन, किशुन दास, कोचे मुंडा और अभय सिंह के नाम शामिल हैं।

# लालू परिवार के खिलाफ चार्जशीट चुनावी साजिश : सुप्रियो भट्टाचार्य

**सीबीआइ, इडी और अन्य एजेंसियां भाजपा के राजनीतिक औजार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के राष्ट्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रविवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के खिलाफ सीबीआइ द्वारा चार्जशीट दाखिल किया जाना पूरी तरह से राजनीतिक कदम है।



भट्टाचार्य ने कहा कि दिल्ली का राउज एवेन्यू अब पटना शिफ्ट हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले सीबीआइ, इडी और अन्य एजेंसियां भाजपा के राजनीतिक औजार की तरह काम कर रही हैं। 25 मई को सीबीआइ ने आइआरसीटीसी मामले में अपनी दलीलें पूरी की थीं, पर चार्जशीट 13 अक्टूबर को दाखिल की गयी, जब आचार संहिता लागू हो चुकी है। यह संयोग नहीं साजिश है। उन्होंने सवाल उठाया कि चुनावी अवधि में किसी प्रमुख विपक्षी दल के नेता के खिलाफ इस तरह की कानूनी कार्रवाई क्या निष्पक्ष मानी जा सकती है। चार्ज फ्रेम पहले भी किया जा सकता था, लेकिन जानबूझकर चुनावी समय चुना गया ताकि महागठबंधन को कमजोर किया जा सके।

भट्टाचार्य ने व्यंग्य करते हुए कहा कि सीबीआइ और इडी अब हमारे चचेरे भाई बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते हुए उनके कार्यों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई थी। मगर आज उसी दौर की नियुक्तियों को लैंड फॉर जॉब स्कैम बताकर बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि आचार संहिता की अवधि में ऐसे राजनीतिक मामलों पर अदालतों या मीडिया में कोई टिप्पणी या रिपोर्ट न प्रकाशित की जाये। भट्टाचार्य ने कहा कि यह हमला केवल राजद या लालू परिवार पर नहीं, बल्कि बिहार की अस्मिता और संविधान पर हुआ है। हम इसका जवाब जनता के बीच देंगे।

## किशोरी को धर्मांतरण कराने पश्चिम बंगाल ले जा रहा था साहेल अली

# साहिबगंज से गिरफ्तार, फर्जी आधार कार्ड बनवाया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** हरियाणा के गुरुग्राम से लापता एक हिंदू किशोरी को विवाह और धर्मांतरण की नीयत से पश्चिम बंगाल ले जा रहे एक युवक को झारखंड के साहिबगंज जिले के बरहड़वा रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के शुरून गांव निवासी साहेल अली के रूप में हुई है। साहेल अली किशोरी को बुर्का पहनाकर ट्रेन से बंगाल ले जा रहा था और उसने लड़की की पहचान छिपाने के लिए फर्जी आधार कार्ड बनवाकर उसका नाम बदलकर रेशमा खातून कर दिया था।

पीड़िता मूल रूप से नेपाल की रहने वाली है और अपने माता-पिता के साथ गुरुग्राम के सेक्टर-24, नाटोपुर इलाके में रहती है। उसके पिता एक होटल में रसोइए का काम करते हैं और मां घरेलू सहायिका हैं। किशोरी सातवीं कक्षा की छात्रा है। परिवार वालों के अनुसार, आरोपी साहेल अली भी उसी मोहल्ले में रहता था और वहीं दोनों की पहचान हुई। धीरे-धीरे साहेल ने किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भागने के लिए राजी कर लिया। 9 अक्टूबर को लड़की के लापता होने के बाद उसके पिता ने गुरुग्राम के नाटोपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी थी।





### फर्जी आधार और पहचान छिपाने की कोशिश

किशोरी ने बताया कि साहेल उसे पहले दिल्ली ले गया, जहां उसने अपने दोस्तों की मदद से उसका फर्जी आधार कार्ड बनवाया। इसके बाद वह उसे बुर्का पहनाकर ब्रह्मपुत्र मेल ट्रेन में बैठाकर बंगाल की ओर रवाना हुआ। रास्ते में उसने अपने मामा और अन्य परिजनों से बातचीत की। मामा ने लड़की को साथ लाने से मना किया, लेकिन साहेल ने कहा कि वह कोलकाता जायेगा या मुंबई चलेगा, ताकि उन्हें कोई ढूंढ न सके।

### रेलवे स्टेशन पर खुला राज

शुक्रवार रात जब ब्रह्मपुत्र मेल बरहड़वा स्टेशन पर रुकी, तो लड़की को साहेल की मंशा पर शक हुआ और वह ट्रेन से उतर गयी। साहेल भी उसके पीछे उतर आया और उसे मनाने की कोशिश करने लगा। प्लेटफॉर्म पर दोनों के बीच चल रही बहस देखकर आरपीएफ को शक हुआ। पूछताछ के दौरान किशोरी ने पूरी सच्चाई बता दी। इसके बाद आरपीएफ ने दोनों को हिरासत में ले लिया और परिजनों को सूचना दी। रविवार शाम को माता-पिता के पहुंचने के बाद किशोरी को उनके हवाले कर दिया गया। वहीं, आरोपी साहेल अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## घाटशिला उपचुनाव : प्रत्याशी घोषणा से पहले सोमेश सोरेन ने खरीदा पर्चा

**पूर्वी सिंहभूम (आजाद सिपाही)।** जिला स्थित 45-घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हुई। प्रत्याशियों के नाम की घोषणा से पहले सोमेश चंद्र सोरेन ने पर्चा खरीदा। इस दौरान कुल चार उम्मीदवारों ने अपने नामांकन प्रपत्र खरीदे हैं। रामकृष्ण कांति माहली ने अवतारण माहली के पुत्र के रूप में लाटिया, पोस्ट बदिया, मुसाबनी का नामांकन प्रपत्र खरीदा। परमेश्वर टुडू ने शिवचरण टुडू के पुत्र के रूप में बाघुड़िया, भुरूडांगा टोला, केशरपुर, गालुडीह का प्रपत्र प्राप्त किया। नारायण सिंह ने समय सिंह के पुत्र के रूप में उल्दा, पोस्ट महुलिया, गालुडीह थाना के लिए प्रपत्र खरीदा। वहीं सोमेश चंद्र सोरेन ने रामदास सोरेन के पुत्र के रूप में घोड़ाबांधा, गोविंदपुर थाना के लिए नामांकन प्रपत्र लिया। वर्तमान में किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं दाखिल नहीं किया है।



## सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र

# एमजीएम अस्पताल के संचालन के लिए अनुश्रवण समिति गठित करने का आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को पत्र लिख कर एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर के सुचारू परिचालन के लिए एक सक्षम अनुश्रवण समिति गठित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि एमजीएम अस्पताल के सुचारू संचालन के लिए सरकार द्वारा एक सक्षम समन्वय एवं अनुश्रवण समिति गठित करना आवश्यक प्रतीत हो रहा है, जिसमें स्थानीय सांसद और विधायक भी शामिल किये जायें।



### आनन-फानन में अस्पताल का हुआ उद्घाटन

उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव के ठीक पहले राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से जिस प्रकार आनन-फानन में अस्पताल का उद्घाटन मुख्यमंत्री को अंधेरे में रखकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा करा दिया गया, उसका खामियाजा अभी तक अस्पताल प्रबंधन, मरीजों तथा मरीजों के परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। साल भर का समय बीत जाने के बावजूद पुराने अस्पताल का सफल स्थानांतरण नये भवन में नहीं हो पाया है। वियक ने पत्र में आशंका जतायी है कि अगर सक्षम अनुश्रवण समिति नहीं बनी तो आशंका है कि पुराने अस्पताल के साथ-साथ वहां की पुरानी समस्याएं भी नये भवन में स्थानांतरित हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि जिस समय एमजीएम अस्पताल के अधूरे भवन का उद्घाटन हो रहा था, उस समय उन्होंने सवाल उठाया था कि अस्पताल के नये भवन में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, इसके बावजूद इसका उद्घाटन हो रहा है और पुराने अस्पताल को इसमें शिफ्ट करने की कवायद की जा रही है। देश में यह पहला अस्पताल होगा जो पानी की व्यवस्था नहीं होने के बावजूद उद्घाटित हो रहा है। सरयू राय ने यह भी पूछा था कि पानी के अभाव में अस्पताल का संचालन कैसे संभव हो सकता है? तब जाकर उद्घाटन के बाद अफरातफरी में पांच डीप बोरिंग अस्पताल परिसर में कराये गये जो नियमानुसार नहीं हैं। अभी तक इन्हीं पांच डीप बोरिंग से अस्पताल में जलापूर्ति हो रही है, जो अपर्याप्त है। अस्पताल भवन का निर्माण करने वाले ठेकेदार एलएंडटी ने अस्पताल भवन में बोरिंग का पानी साफ करके पीने योग्य बनाने के लिए जितने भी आरओ और नल लगाये, वे सभी घटिया स्तर के हैं। नल टिकाउ नहीं होने के कारण ध्वस्त हो जा रहे हैं और पेयजलापूर्ति ठप हो जा रही है। ठेकेदार द्वारा लगाये गये आरओ बोरिंग से आने वाले भूगर्भ जल की शुद्धता अस्पताल के मानक के अनुरूप नहीं है।






# हजारीबाग जेल अधीक्षक जितेंद्र सिंह से एसीबी ने की पूछताछ




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग सेंट्रल जेल के जेल अधीक्षक जितेंद्र सिंह से एसीबी ऑफिस में पूछताछ हुई है। पूछताछ होने के वजह से कारा विभाग के अधिकारियों से उनका संपर्क नहीं हो पाया था, जिस वजह से उनकी जगह मादेव प्रिया को हजारीबाग जेल अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

यह कार्रवाई हजारीबाग में हुए भूमि घोटाले में शामिल आरोपी विनय सिंह के मददगारों के खिलाफ चल रही कार्रवाई की कड़ी के रूप में देखी जा रही है, जिसने जेल प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है।

**जेल में आइफोन 15 और वीआइपी ट्रीटमेंट पर उठे सवाल :** प्रशासन के भीतर सबसे बड़ा सवाल यह है, कि आखिर जेल के भीतर भूमि घोटाले के मुख्य आरोपियों में से एक विनय कुमार सिंह को किसने और कैसे मदद पहुंचाई? अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, कि जेल के भीतर तक आईफोन 15 जैसा महंगा फोन कैसे पहुंचा और किसकी मदद से विनय सिंह को पहले 'फैक्ट्री वार्ड' में रखा गया, फिर अस्पताल और अंततः'अंडा सेल' तक पहुंचने की नौबत आयी।

# झारखंड में लेवी वसूली का धंधा बेलगाम : बाबूलाल

## राज्य के व्यापारी, डॉक्टर्स सभी दहशत में जीने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में बढ़ते अपराध और अपराधियों की हिम्मत पर राज्य सरकार को निशाने पर लिया। मरांडी ने कहा कि झारखंड में 'लेवी' (वसूली) का धंधा बेलगाम हो चुका है। धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर और अब हमारी राजधानी रांची तक, एक कथित अपराधी जो विदेशों में छिपा बैठा है, उसके नाम पर दहशत का कारोबार चल रहा है। उन्होंने कहा कि उनके हालिया क्षेत्र भ्रमण के दौरान, बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद और कई अन्य जगहों के लोगों ने इस आतंक से अपनी आप-बीती सुनायी। कई प्रमुख व्यापारियों ने दबी जुबान में बताया कि उनसे 5 से 10 करोड़ रुपये तक की मांग की गयी है, लेकिन डर के कारण वे अपना नाम बताने को भी तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति की भयावहता इतनी कि अब रांची के एक प्रतिष्ठित और मशहूर डॉक्टर को भी करोड़ों रुपये की फिरौती के लिए धमकी दी गयी है। क्या झारखंड में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है? यह राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न है। कहा कि अगर राज्य सरकार चाहे तो विदेश में छिपे अपराधी को भी पकड़कर लाने में सक्षम है। अगर उसे पकड़ने में दिक्कत आ रही है, तो कम से कम राज्य में बैठे उसके गुर्गों को तुरंत गिरफ्तार करे। उन्होंने कहा कि उन्हें अब यह लगने लगा है कि या तो यह सारा गोरखधंधा सरकार और पुलिस के उच्चाधिकारियों के सीधे संरक्षण में चल रहा है, जिसके तहत वे जिसे चाहें धमकी दिलवा रहे हैं और वसूली करवा रहे हैं। या राज्य सरकार और पुलिस इतनी डरी हुई और कमजोर है कि इस आतंक के सामने पूरी तरह पंगु हो चुकी है और कुछ भी नहीं कर रही है।

### नियमों को ताक पर रख एक रिटायर्ड आइपीएस डीजीपी के पद को चला रहे हैं: बाबूलाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस के काम करने के तरीके पर बड़ा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस मुख्यालय का यह कैसा मजाक है? हमारे पास राजधानी रांची में एसएसपी डीआइजी और आइजी जैसे उच्च-रैंकिंग अधिकारी हैं, लेकिन जब रांची के गोंदा और नामकुम थाना से जुड़े एक गंभीर आपराधिक मामले (आवेदिका खुशी तिवारी के अभ्यावेदन) की जांच समीक्षा करने की बारी आयी, तो यह काम पुलिस डीआइजी (बजट) को सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि क्या डीजीपी की नजर में रांची में तैनात ये अधिकारी इतने सक्षम अधिकारी नहीं हैं कि उन्हें वित्तीय मामलों के डीआइजी को जांच का काम सौंपना पड़ा? यह पुलिस बल की अक्षमता और नियमों के घोर उल्लंघन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार आइआरबी/जैप बटालियन की महिला आरक्षियों को उनके विशेष प्रशिक्षण के विपरीत, थानों में मुंशी (क्लर्क) का गैर-कानूनी काम देने को उतावली है जिससे कई बटालियनों में 15 प्रतिशत से अधिक बल अनआर्म्ड ड्यूटी में चला जा रहा है।

दूसरी तरफ, जब एक संवेदनशील मामले की समीक्षा की बात आई, तो इसे बजट विभाग को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि अगर रांची के उच्चाधिकारी इतने ही नाकारा हैं कि वे जांच के बुनियादी काम भी नहीं कर सकते, तो उन्हें पद से हटा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कल को क्या जैप के बाकी जवानों को भी अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था संभालने के बजाय हिसाब-किताब के लिए बजट विभाग में भेज देंगे, ताकि जब केंद्र सरकार को चुनाव या अन्य ड्यूटी के लिए बल चाहिए हो, तो राज्य सरकार असुविधा के लिए खेद प्रकट कर सके? उन्होंने कहा कि हद है इस अंधेरगर्दी का।

# कीटपालक पदों पर नियुक्ति में हो रही देरी से अभ्यर्थी नाराज



आजाद सिपाही संवाददाता

### जेएसएससी मैट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के सफल अभ्यर्थियों ने की शीघ्र नियुक्ति की मांग

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित विज्ञापन संख्या 12/2023 के अंतर्गत झारखंड मैट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति अब तक नहीं हो सकी है। इस परीक्षा के तहत हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय, उद्योग विभाग में कीटपालक एवं समकक्ष कुल 455 रिक्त पदों पर नियुक्ति होनी थी। जानकारी के अनुसार इस परीक्षा का आयोजन 28 सितंबर 2024 को किया गया था। इसके बाद सफल अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र सत्यापन की प्रक्रिया 26 जुलाई 2025 को संपन्न हुई। इसके पश्चात जेएसएससी ने 29 अगस्त 2025 को 150 अभ्यर्थियों का परिणाम जारी किया था।

हालांकि परीक्षा परिणाम जारी हुए दो माह से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद सफल अभ्यर्थियों को अब तक नियुक्ति पत्र नहीं मिला है। अभ्यर्थियों का कहना है कि दूसरी परीक्षाओं के सफल उम्मीदवारों – जैसे कि विज्ञापन संख्या 13/2023 (प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य परीक्षा) – को पहले ही नियुक्ति पत्र जारी कर दिये गये हैं, जबकि उनकी प्रक्रिया पहले पूरी हुई थी। सफल अभ्यर्थियों ने बताया कि नियुक्ति में लगातार हो रही देरी से वे मानसिक तनाव और अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। उनका कहना है कि चयनित होने के बावजूद नियुक्ति पत्र न मिलना उनके भविष्य को अंधकारमय बना रहा है। अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार और संबंधित विभाग से आग्रह किया है कि नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करते हुए उन्हें जल्द से जल्द पदस्थापना दी जाये।

# स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से सराबोर हुई सरला बिरला पब्लिक स्कूल की खेल यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, अटूट संकल्प और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए खेलो झारखंड के अंतर्गत आयोजित एसजीएफआइ (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025-26 में विद्यालय का नाम गौरवांन्वित किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता खेलगांव स्टेडियम, रांची में संपन्न हुई, जिसमें राज्यभर के अनेक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी योग्यता का डंका बजाया। कक्षा दसवीं की ऋद्धिमा सिंह और सिया शुक्ला ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी अद्वितीय क्षमता, दृढ़ निश्चय और एकाग्रता का परिचय दिया। दोनों छात्राओं का चयन एसजीएफआइ राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। कक्षा नौवीं की सुनिधि श्रद्धा महतो ने रजत पदक अर्जित कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ा, वहीं कक्षा नौवीं के अंश ठाकुर ने कांस्य पदक हासिल कर अपनी लगन और विद्यालय की खेल संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

कुल मिलाकर, सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 4 पदक जीतकर यह सिद्ध किया कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ सफलता निश्चित है। इनकी यह उपलब्धि विद्यालय के समर्पित प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत का परिणाम है।

प्राचार्या मनीषा शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, हमारे विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि खेलों में भी निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं। इनकी यह सफलता उनके परिश्रम, आत्मविश्वास और अनुशासन की प्रतीक है। हमें विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और राज्य का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय सदैव अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# जीडी गोयनका स्कूल में दो दिवसीय इंटर स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को जीडी गोयनका स्कूल में दो दिवसीय इंटर स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में रांची के 21 स्कूल से 31 टीम उपस्थित हुए। जिनमें बालकों की 17 टीम और बालिका वर्ग की 14 टीम की उपस्थिति नामांकित की गयी।

उद्घाटन समारोह के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश पिल्लई कैराली स्कूल के प्राचार्य, गुरु नानक स्कूल के प्राचार्या कैप्टन सुमित कौर, फिरायालाल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नीरज सिन्हा, मिस शालिनी विजय गुरु गोबिंद पब्लिक स्कूल की प्राचार्या, जितेंद्र तिवारी प्रेसिडेंट आरसीसी और आदित्य प्रकाश जलान सरस्वती विद्या मंदिर की प्राचार्य मिस जसमीत कौर, शारदा ग्लोबल की प्राचार्या, मिस मनीष शर्मा सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ी और क्रीड़ा शिक्षक भी उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने उपस्थित आगंतुकों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल न केवल शारीरिक मजबूती प्रदान करते हैं, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व और अनुशासन जैसी जीवन मूल्यों की भी शिक्षा देते हैं। उद्घाटन समारोह के शुभारंभ पर जीडी गोयनका के छात्रों द्वारा कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। विद्यालय की निदेशक अमन सिंह ने कहा ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन छात्रों में खेल भावना को बढ़ावा देने और आपसी सौहार्द्र स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया है। आज के दिन विभिन्न वर्गों की प्रारंभिक मुकाबले खेले गये, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# सीसीएल मुख्यालय में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

## रक्तदान-मानवता की सेवा में एक कदम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सतर्कता जागरूकता अभियान-2025 के तहत सोमवार को सीसीएल मुख्यालय में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के कर्मचारी, उनके परिजन और विभिन्न संगठनों के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर में कुल 159 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी और मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार मौजूद रहे। उन्होंने फीता काटकर कैंप का शुभारंभ किया और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। सतर्कता जागरूकता अभियान-2025 के अंतर्गत सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक 17 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसमें कुल 1090 यूनिट रक्त एकत्र किया गया है। यह उपलब्धी सीसीएल परिवार की मानवता के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त प्रमाण है। रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का माध्यम है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इसके साथ ही यह समाज में एकता, सहयोग और मानवता के मूल्यों को भी सशक्त बनाता है। सीसीएल स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में विभिन्न पहल के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। सामाजिक सरोकारों को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता ही ऐसे आयोजनों की प्रेरणा है। रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी कर्मचारियों, उनके परिजनों और सहयोगी संस्थानों के कर्मियों ने ऐसे समाजसेवा उंमुख आयोजन के लिए सीसीएल को धन्यवाद दिया और भविष्य में अन्य नागरिकों से भी इस प्रकार के जनसेवा अभियानों में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कैबिनेट की बैठक आज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 14 अक्तूबर को कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक अपराह्न तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में शुरू होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से सोमवार को यह जानकारी दी गयी। कैबिनेट की इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने 10 अक्टूबर को जानकारी दी थी कि कैबिनेट की बैठक 16 अक्टूबर को होगी, लेकिन विभाग ने सोमवार को बैठक के समय में बदलाव किया है।

### असहाय मंदबुद्धि व्यक्ति को लाया गया सद्गुरु कृपा आश्रम, निराश्रितों की संख्या 41 हुई



रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम पुंदाग में चल रहे मंदबुद्धि, दिव्यांग, निराश्रितों लोगों की निःशुल्क सेवा संस्था जनवरी 2024 से लगातार कर रही है। सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि रविवार को एक मंदबुद्धि व्यक्ति को आश्रम में लाया गया। आश्रम की टीम को सूचना मिली कि हेहल बुकरू में एक लावारिस अवस्था में मंदबुद्धि व्यक्ति घूम रहा है। आश्रम की टीम ने उसे बुकरू से रेस्क्यू करके आश्रम लाया। टीम में आश्रम के सेवा साथी परमेश्वर साहू, सूरज कुमार और सत्यम कुमार शामिल थे। उसके बाद अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच करायी गयी। आश्रम कमेटी ने इसका नाम माधव प्रभु रखा है। प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि अभी आश्रम में 40 दिव्यांग और निराश्रितों का समुचित देखभाल और सेवा की जा रही है। अब निराश्रितों की संख्या 41 हो गया है।

### नीरजा सहाय डीएवी में लगा रोजगार मेला



रांची (आजाद सिपाही)। कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले के माध्यम से छात्रों को उनके भावी भविष्य में उनके रोजगार के मद्देनजर उपस्थित विभिन्न अवसरों के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर लगभग 20 विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस मेले में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का उत्तर पाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यालय सदा से ही विद्यार्थियों के असमंजस की स्थिति को दूर कर एक समाधानात्म विकल्प देने का प्रयास करता रहा है।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निमार्णाधीन बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया। उनके साथ वलसाड के सांसद धवल पटेल और गणदेवी के विधायक नरेश पटेल भी थे। इस दौरान, मंत्री ने बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन पर चल रहे निर्माण और ट्रैक बिछाने के कार्यों की समीक्षा की। बिलिमोरा शहर आम के बागानों के लिए प्रसिद्ध है। स्टेशन के फसाड का डिजाइन आम के बागानों से प्रेरित है, जो शहर की प्राकृतिक सुंदरता और स्थानीय पहचान को प्रतिबिंबित करता है। आंतरिक और प्लेटफॉर्म क्षेत्र को पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन के साथ डिजाइन किया गया है। फॉल्स सीलिंग को एंटी-वाइब्रेशन हैंगर से लगाया गया है ताकि ट्रेनों की तेज गति से होने वाले कंपन का असर फिटिंग्स पर न पड़े। स्टेशन आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित है, जैसे कि वेटिंग लाउंज, नर्सरी, शौचालय, रिटेल आउटलेट आदि। विभिन्न स्तरों पर सहज आवागमन के लिए कई लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जा रहे हैं, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों और बच्चों वाले परिवारों की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्टेशन परिसर में हरियाली और ताजगीपूर्ण वातावरण बनाने के लिए पौधारोपण किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ जोन, बसों, कारों और दोपहिया वाहनों के लिए अलग पार्किंग, ईवी पार्किंग आदि की योजना बनायी गयी है। सुविधा और स्थिरता को मिलाते हुए, स्टेशन में (इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल) की कई विशेषताएं शामिल की गयी हैं, जैसे कि पानी का कुशल उपयोग, वर्षा जल संचयन, लो-फ्लो सैनिटरी फिटिंग्स, आंतरिक हिस्सों में कम गर्मी प्रवेश, कम वाष्पशील कार्बनिक यौगिक वाले पेंट आदि।

### बाबूलाल मरांडी पुलिस प्रशासन का मनोबल तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं : लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का बयान पूरी तरह से निराधार और राजनीतिक विद्वेष से प्रेरित है। अपनी राजनीतिक जमीन तलाशने के लिए वह राज्य की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। बाबूलाल मरांडी पुलिस प्रशासन का मनोबल तोड़ने का प्रयास कर रहे है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि यह बिल्कुल गलत है कि राज्य के व्यापारी और डॉक्टर दहशत में हैं। सरकार ने अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी है। हाल ही में कई बड़े आपराधिक गिरोहों पर नकेल कसी गयी है। यह उनके शासनकाल की तरह जंगलराज नहीं है। उन्होंने कहा कि लेवी वसूली की जो बात वह कर रहे हैं। उस पर पुलिस पूरी मुस्तैदी से कार्रवाई कर रही है। अपराधी गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए हमारी सरकार केंद्र के साथ भी समन्वय कर रही है। हम उनसे पूछना चाहते हैं कि उनकी पार्टी की केंद्र सरकार विदेशों में छिपे अपराधियों को पकड़ने में राज्य सरकार की मदद क्यों नहीं कर रही? पुलिस मुख्यालय अपने अधिकारियों की तैनाती उनकी दक्षता और विभाग की जरूरत के हिसाब से करता है। हर जांच के लिए कौन अधिकारी उपयुक्त है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 14 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in




## महत्वपूर्ण खबरें

### आरटीआइ कार्यकर्ता संघ और झारखंड मानवाधिकार संघ का नेशनल सेमिनार



रांची (आजाद सिपाही)। आरटीआइ कार्यकर्ता संघ और झारखंड मानवाधिकार संघ के संयुक्त तत्वावधान में मोतीलाल पब्लिक स्कूल बिष्टपुर के सभागार मे आयोजित नेशनल सेमिनार का उद्घाटन नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रभात कुमार पाणी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सूचना अधिकार कानून देश की आम जनता को समर्पित है और पारदर्शी तरीके से किसी भी विषय में जानकारी प्राप्त करने का अधिकार ही सूचना का अधिकार है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सूचना अधिकार कानून देश की आम जनता को समर्पित है और पारदर्शी तरीके से किसी भी विषय में जानकारी प्राप्त करने का अधिकार ही सूचना का अधिकार है। विशिष्ट अतिथि हवा सिंह तंवर ने कहा कि सूचना का अधिकार मानवाधिकार का ही एक अंग है और इसकी रक्षा करना संयुक्त राष्ट्र का कर्तव्य है। राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि देश में लगभग चार लाख मामले सूचना आयोग में लंबित हैं और झारखंड में लगभग आठ हजार मामले लंबित हैं। कार्यक्रम में डॉ चंद्रशेखर दत विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। दिल बहादुर अध्यक्ष, आरटीआइ कार्यकर्ता संघ, दिनेश किनू अध्यक्ष, झारखंड मानवाधिकार संघ ने ने मानवाधिकार विषय पर विस्तृत रिपोर्ट पेश किया। स्वागत भाषण पूर्वी घोष और धन्यवाद मनोज कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर छेदी कुमार, डॉ अमर सिंह, डॉ अशोक झा, सदन कुमार, दिनेश कर्मकांर, नंदू केशरी, मुशतक अहमद, सुलोचना देवी, विजय मुंडा, बबिता मुखी, सावन मुर्मू, संतोष सिंह, नीलकमल गोप, नरसिंघ मुर्मू सहित अन्य मौजूद थे।

### बैंक ऑफ इंडिया ने चलाया सतर्कता जागरूकता अभियान



रांची (आजाद सिपाही)। रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-वीएडब्लू 25 के अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया ने गांवों तक पहुंच बनानी शुरू की है। पंचायत मुखिया और सरकारी नियुक्त अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामसभा आयोजित कर जनता को धोखाधड़ी, साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों को समझाया कि वे अज्ञात कॉल करने वालों या घर आने वाले अजनबियों के साथ अपना ओटीपी और अन्य संवेदनशील जानकारी साझा न करें। शाखा के कर्मचारी कुरडेग, बोलबा, रातू, सोनाहाटू, बरेंदा, बीरू, सिमडेगा आदि के गांवों में पहुंचे। बैंक सखी और बैंक सहयोगी कर्मचारियों की मदद से लोगों को उनकी सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया। बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड और आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह अपने रांची अंचल की 87 ग्रामीण और अर्धशहरी शाखाओं के माध्यम से अधिक से अधिक गांवों तक पहुंच बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने 15 सितंबर से 9 अक्टूबर की अवधि में 113 गांवों तक सफलतापूर्वक पहुंच बनायी है, और आने वाले दिनों में कर्मचारियों और आम जनता के लिए अन्य योजनाबद्ध गतिविधियों के माध्यम से यह प्रयास जारी रखेंगे।

### निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में मोबाइल से दूरी बनायें, स्वस्थ जीवन अपनाएं कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। एदलहातू स्थित निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में सोमवार को मोबाइल से दूरी बनायें, स्वस्थ जीवन अपनायें विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा प्री-नर्सरी से के.जी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना था। बच्चों ने रंग-बिरंगे पोस्टर, नारे और छोटे-छोटे नाट्य रूपांतरणों के माध्यम से यह संदेश दिया कि मोबाइल का अधिक उपयोग हमारी सेहत, पढ़ाई और आपसी संबंधों पर नकारात्मक असर डालता है। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बचपन खेल, पढ़ाई और रचनात्मक गतिविधियों का समय होता है, न कि मोबाइल में उलझने का। उन्होंने अभिभावकों से भी अनुरोध किया कि वे बच्चों को मोबाइल से दूर रखकर उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सही आदतें और जीवन मूल्यों का विकास करते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षिका किरण कुमारी, अनामिका, निधि कुमारी एवं क्षेत शिक्षक आशुतोष कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

### सीएमपीडीआइ में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण



रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ ने सोमवार को अपने मुख्यालय परिसर में डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। उद्घाटन समारोह में डॉ अंबेडकर के आदर्शों और दर्शन से प्रेरित समानता, समावेशिता और राष्ट्र निर्माण के प्रति सीएमपीडीआई की निरंतर प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया। सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक शंकर नागाचारी, निदेशक अजय कुमार एवं महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर कुमार ने कहा कि डॉ अंबेडकर की प्रतिमा भारत में संवैधानिक अधिकारी को बढ़ावा देने और हाशिये पर पड़े समुदायों के उत्थान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाती है।

### चार कक्षाओं और अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षा का उद्घाटन

रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ द्वारा अपने कालोनी परिसर में स्थित गोंदवाना प्राइमरी स्कूल (जीपीएस) में निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत शैक्षणिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चार नये कक्षाओं और एक स्मार्ट कक्षा का निर्माण किया गया। सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज कुमार और कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता ने चार नए कक्षाओं और एक स्मार्ट कक्षा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक शंकर नागाचारी, निदेशक अजय कुमार, महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा तथा सीएमपीडीआइ के अन्य वरीय अधिकारी व जीपीएस की प्राधानाचार्या, शिक्षिकाएं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## झारखंड की संस्कृति, शिक्षा और नवाचार का संगम रांची का जेसोवा मेला

# 25वीं वर्षगांठ पर पूरी टीम ने मिल कर मनाया उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित जेसोवा मेला ने इस वर्ष अपनी 25वीं वर्षगांठ के साथ झारखंड की संस्कृति, शिक्षा, कला और तकनीकी नवाचारों का शानदार संगम प्रस्तुत किया। पांच दिवसीय इस मेले ने परंपरा और आधुनिकता को एक मंच पर लाकर राज्य की विविधता को एक नयी पहचान दी। मेले की शुरुआत आकर्षक पारंपरिक व्यंजनों, लोकनृत्यों और झारखंडी संगीत के साथ हुई, जिसने पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बना दिया। आयोजन के अंतिम दिन पूरी जेसोवा टीम ने अपनी 25वीं वर्षगांठ पर केक काट कर इस यात्रा का जश्न मनाया।



**लोक संस्कृति और नृत्य की झलक मरदानी नृत्य (वीर नृत्य) :** इस नृत्य में महिलाओं ने अपनी शक्ति, साहस और आत्मसम्मान को प्रतीकात्मक रूप से प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति झारखंड की वीर नारी शक्ति को समर्पित रही। इसके साथ ही विवाह के अवसरों पर किये जाने वाले पारंपरिक नृत्य की यह झलक ग्रामीण जीवन की उमंग और सामुदायिक एकता को दर्शाती रही।

**कला, शिल्प और परंपरा के आकर्षक स्टॉल्स :** मेले में सजे कला और हस्तशिल्प स्टॉल्स ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सी6 स्टॉल - सोहराय आर्ट यहां प्रदर्शित जूट बैग्स और हैंडमेड वस्तुएं सोहराय कला की परंपरा को खूबसूरती से दर्शा रही थीं। यह कला पशु-पक्षी और प्रकृति के प्रति जनजातीय प्रेम का प्रतीक है। सी2 स्टॉल - तुलुरूम आइटीआइ, गोला (झारखंड सरकार)यहां मिट्टी से बने पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित किये गये, जो झारखंड के ग्रामीण शिल्प कौशल को जीवंत कर रहे थे।

**कोहबर आर्ट (स्टॉल नंबर 19) :** बिहार की प्रसिद्ध कोहबर कला को प्रमोट करती महिला कलाकार ने इस पारंपरिक विवाह कला को साड़ियों और होम डेकोर में आधुनिक रूप देकर प्रदर्शित किया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया।

**युवा कलाकारों और विशेष बच्चों की भागीदारी :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट विभाग (सेमेस्टर 2)के विद्यार्थियों ने अपनी एक्रिलिक पेंटिंग्स, स्केचेस और फेस पेंटिंग्स* से दर्शकों का दिल जीता। वही राजकीय नेत्रहीन मूक-बधिर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने रंगों के माध्यम से जीवन की भावनाओं को चित्रित किया। उनकी कला ने सभी को भावविभोर कर दिया।

**शिक्षा और सामाजिक संस्थानों की प्रेरक झलक :** रूम टू रीड (सी5 स्टॉल) इस संस्था ने सरकारी स्कूलों में लाइब्रेरी स्थापना और रीडिंग हैबिट को बढ़ावा देने की पहल को प्रस्तुत किया और उगम एजुकेशन फाउंडेशन (धुर्वा, रांची) ने मुंबई स्थित इस संस्था के संस्थापक लोका गांधी ने बच्चों को अपनी कहानियाँ लिखने और उन्हें मैगजीन में प्रकाशित करने के लिए प्रेरित किया। यह पहल सोचने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करती दिखी। ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन ने 0-5 वर्ष के बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और टीकाकरण से जुड़ी जानकारी दी, जिससे माता-पिता में जागरूकता बढ़ी।

**ऑटोमोबाइल प्रदर्शनी :** मेले में मर्सिडीज, मारुति सुजुकी सहित कई कंपनियों ने अपने नवीनतम मॉडल्स प्रदर्शित किये। मर्सिडीज कार (58 लाख)दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

**झारखंड पर्यटन की वर्चुअल झलक :** झारखंड टूरिज्म विभागके स्टॉल में लगे वर्चुअल रियलिटी डिवाइस के माध्यम से लोगों ने राज्य के पर्यटन स्थलों का अनुभव मेले में घूमते घूमते लिया।

**जोहॉर कॉर्नर :** जोहॉर कॉर्नर इस मेले का सेंटर ऑफ अटेंशन रहा। यह विशेष सेक्शन युवाओं को प्रेरित और शिक्षित करने के उद्देश्य से बनाया गया था, जहां झारखंडी परंपराओं, रीति-रिवाजों और स्थानीय संस्कृति को आधुनिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया। यह कोना युवाओं में सांस्कृतिक गर्व और नवाचारी सोच को प्रोत्साहित करने का केंद्र बना रहा।

**25वीं वर्षगांठ का जश्न और आयोजन समिति :** इस वर्ष जेसोवा मेला ने अपनी 25वीं वर्षगांठ मनायी। पूरी टीम ने मिलकर केक काटकर इस यादगार यात्रा का जश्न मनाया और राज्य की जनता को धन्यवाद दिया।

**आयोजन समिति के पदाधिकारी :** अध्यक्ष-प्रीति कुमार, उपाध्यक्ष-अनीता सिन्हा, सचिव-मनु झा, संयुक्त सचिव-श्वेता शुक्ला, कोषाध्यक्ष-शिवानी सिंह। जेसोवा मेला ने फिर साबित किया कि झारखंड केवल संसाधनों का नहीं, बल्कि संस्कृति, रचनात्मकता और भावनाओं का भी राज्य है। यह आयोजन झारखंड की आत्मा और अस्मिता का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा, जो परंपरा, नवाचार और एकता का संगम है।

## एसबीयू में फ्रेशर्स डे की धूम विद्यार्थियों ने जमकर की मस्ती



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में नवागत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विभागों द्वारा फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया। आयोजन तीन दिनों तक चला। इस अवसर पर हर्षोल्लास और मस्ती के बीच सीनियर विद्यार्थियों ने अपने जूनियर्स का स्वागत किया। रंग-बिरंगे परिधानों में छात्र-छात्राओं ने मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान ऊर्जावान पारंपरिक और आधुनिक संगीत के संग नृत्य और फैशन शो की भी धूम रही और विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की।

इस मौके पर विभिन्न विभागों के मिस्टर और मिस फ्रेशर भी चुने गये। विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि अनुशासन ही जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी होती है। अतएव विद्यार्थी अनुशासन को आत्मसात करते हुए लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। कुलपति प्रो सी जगनाथन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण एवं सहायक होते हैं और इससे आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व कौशल का समग्र विकास होता है। इस आयोजन के अवसर पर एसबीयू के विभिन्न विभागों के शिक्षकगण उपस्थित रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने फ्रेशर्स डे के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए नवागत विद्यार्थियों को शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (अ) की बैठक हुई, नयी राष्ट्रीय कमेटी का गठन, पंडित अरुण शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब में सोमवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (अ) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पंडित अरुण शर्मा को संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कमेटी का विस्तार भी किया गया, जिसमें पंडित मनोज तिवारी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। वहीं आनंद कुमार तिवारी, रजनीश तिवारी, विनोद तिवारी, रंगनाथ चौबे और पीएन पांडेय को उपाध्यक्ष बनाये गये। संगठन ने राम आशीष पांडेय को राष्ट्रीय प्रवक्ता और धीरेंद्र कुमार तिवारी उर्फ गुड्डू तिवारी को सह प्रवक्ता नियुक्त किया है। महासचिव कमलेश पाठक, व्रजेन्द्र पाठक, केके राय, संजय बनर्जी, सचिव कृष्ण मुरारी, नंद तिवारी, पुरुषोत्तम तिवारी, कमल किशोर दुबे, राजीव रंजन त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष राजमोहन मिश्रा, उप कोषाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद चौबे, संरक्षण मंडल प्रमोद पांडेय, रजनीश पांडेय, महिला संरक्षण मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कल्याणी पांडेय, महिला संरक्षण रंजीत पांडेय, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक ओझा, महिला प्रदेश अध्यक्ष लवली पाठक को जिम्मेदारी दी गयी है। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं और बधाइयां दी। संगठन के सदस्यों ने विश्वास जताया कि नयी टीम समाज के उत्थान और संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

## कांग्रेस पार्टी की विचारधारा ही आदिवासियों के हक-अधिकार की सबसे सशक्त आवाज : बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कांग्रेस पार्टी ने उड़ीसा में आदिवासी नेतृत्व को मजबूत करने के लिए आदिवासी लीडरशिप सशक्तिकरण कार्यक्रम चलाया है। कार्यक्रम झारखंड के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में किया गया और आदिवासी नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया।



ओड़िशा राज्य में आदिवासी नेतृत्व को मजबूत करने और संभावनाशील लीडर्स के चयन की जिम्मेदारी शीर्ष नेतृत्व द्वारा बंधु तिर्की को सौंपी गयी है। इस पहल के तहत उन्होंने उड़ीसा में विभिन्न आदिवासी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ संवाद कर पैनल चयन प्रक्रिया की शुरुआत की। इसमें में राज्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक प्रहलाद पूर्ति, सचिव मत्राज डुंगडुंग, जैकब माझी (गजपति जिला) और लक्ष्मण हेंब्रोम (अंगुल जिला कांग्रेस), सीएलपी लीडर रामचंद्र, यशवंत सिंह, राहुल पाल, आदित्य भगत, मानस सहित अनेक वरिष्ठ आदिवासी नेता, निदेशकगण और आदिवासी समुदाय के कार्यकर्ता शामिल हुए।

वहीं बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा ही आदिवासियों के हक और अधिकार की सबसे सशक्त आवाज रही है। पेसा कानून, वन अधिकार अधिनियम, मनरेगा, भूमि अधिग्रहण कानून, छात्रवृत्ति और भोजन का अधिकार ये सभी कांग्रेस की नीतियों का परिणाम हैं। आज जरूरत है कि हम आदिवासी समाज के भीतर से नयी नेतृत्व क्षमता को पहचानें, उसे प्रशिक्षित करें और सामाजिक जागरूकता को गहराई तक पहुंचाएं।

## केंद्र सरकार कुड़मियों को एसटी का दर्जा देती है तो उग्र आंदोलन होगा : अजय तिर्की

**रांची (आजाद सिपाही)।** आदिवासी अस्तित्व बचाओ मोर्चा की बैठक सोमवार को सिरमटोली केंद्रीय सरना स्थल में हुई। इस दौरान कुड़मियों के एसटी में शामिल करने की मांग के विरोध में हुई आदिवासी आक्रोश महारैली की समीक्षा की गयी। महारैली के मुख्य नेतृत्वकर्ता सह केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि कुड़मी समुदाय आदिवासी बनने के किसी भी मापदंड को पूरा नहीं करता है। यदि केंद्र सरकार की ओर से कुड़मियों को एसटी का दर्जा दिया जाता है तो अब शांतिपूर्ण आंदोलन उग्र रूप ले लेगा। आदिवासी क्षेत्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष ग्लैडसन डुंगडुंग ने कहा कि आदिवासी समाज 2018 से ही कुड़मी को एसटी सूची में शामिल करने का विरोध कर रहा है, लेकिन आदिवासी अपने अस्तित्व से किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। इस दौरान 24 जिलों से आये 32 जनजातीय समुदाय की एकता और महारैली की सफलता के लिए बधाई दी गयी। इस मौके पर प्रकाश हंस सहित अन्य मौजूद थे।



आजसू पार्टी के केंद्रीय मीडिया संयोजक, परवाज खान सोमवार को हरमू मुक्तिधाम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय की दिवंगत माता जलेश्वरी देवी की अंत्येष्टि में शामिल हुए। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को परम शांति और मोक्ष प्रदान करें।

## बीआइटी, मेसरा का 35वां दीक्षांत समारोह कल

### इसरो के अध्यक्ष डॉ वी नारायणन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआइटी), मेसरा का 35वां दीक्षांत समारोह 15 अक्टूबर को आयोजित होने जा रहा है। इस समारोह में देशभर से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जायेगा। समारोह में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ वी नारायणन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। इस समारोह में 1,600 से अधिक छात्र-छात्राओं को स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट और डिप्लोमा कार्यक्रमों की उपाधियां प्रदान की जायेंगी। साथ ही, संस्थान के अध्यक्ष सीके बिड़ला भी उपस्थित रहेंगे और विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेंगे।

**उपलब्धियों का उत्सव :** संस्थान के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना समारोह के दौरान वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, जिसमें बीआइटी मेसरा की अनुसंधान उपलब्धियों, उद्योग जगत के साथ सहयोग और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारियों की झलक मिलेगी। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि बीआइटी मेसरा का यह 35वां दीक्षांत समारोह न सिर्फ विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उत्सव होगा, बल्कि वैज्ञानिक नवाचार, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व से परिपूर्ण भविष्य की नींव भी रखेगा।

## आदिवासी हुंकार महारैली को लेकर चला जनसंपर्क

**रांची (आजाद सिपाही)।** 17 अक्टूबर को धुर्वा प्रभात तारा मैदान में आहूत आदिवासी हुंकार महारैली को लेकर रामगढ़ में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान आदिवासी बचाओ मोर्चा की रांची की टीम के आकाश तिर्की, राहुल तिर्की, संदीप तिर्की, शीतल उरांव, विजय कच्छप सहित अन्य लोगों ने चलाया। इस दौरान मोर्चा के रामगढ़ टीम के विजय कच्छप, रमेश किस्कू, समीर मुर्मू, शिव नारायण मांझी, सोमदेव करमाली, पवन करमाली, प्रदीप करमाली, जग्गू करमाली, अनिल बेदिया और जितेंद्र मुंडा सहित अन्य लोगों के साथ बैठक हुई। इसमें सहमति बनी कि हुंकार महारैली में रामगढ़ से हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल होंगे।


### दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: आरएस-टीएटीए-10-2025-26, दिनांक 09.10.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस)/टाटानगर, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और किसी भी मैनुअल प्रस्ताव के प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा। **कार्य का विवरण:** दो वर्षों के लिए इलेक्ट्रिक लोको शेड, टाटानगर के विद्युतीय रेलइंजन की लोको बॉडी वाशिंग, अंदरूनी सफाई, लोको बॉडी फिल्टर की सफाई, ग्रेटिंग/कवर ओपनिंग, लोको ब्लोविंग, ग्रेटिंग/कवर फिटमेंट। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,08,29,910। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,04,200। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 5,000। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 04.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख:** 04.11.2025 को टीआरएस/टाटानगर में। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। ई-निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है। अगर खुलने की तारीख को बंद या छुट्टी का दिन पड़ता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को एक ही समय पर खोली जाएगी। (PR-714)

### AFFIDAVIT



I, Krishan Mandal Son of Late Laxmi Kamat, resident of Sarna Toli, Chiroundi, Boreya, P.O. Boreya, P.S. Bariatu, Dist. Ranchi, Jharkhand 834006, holder of Aadhar Card No.3677 8329 1772, do hereby solemnly affirm and declare as under:-
1. That my correct and real name is Krishna Mandal.
2. That in my Aadhar Card and some other records, my name has been recorded as Krishan Mandal due to a clerical/spelling error.
3. That I declare that both names, Krishan Mandal and Krishna Mandal, refer to one and the same person, myself.
4. That I henceforth wish to be known and indemnified by my correct name Krishna Mandal for all official, legal and other purposes.
5. That I am executing this affidavit to declare my correct name and to use it in all future records, documents, and dealing, and to enable publication in the office Gazette and newspapers as required.
Ref. No.: 440 Date 07.10.2025

### शपथ पत्र

शपथ पत्र सीरिज नं.:237-24/Z1 01235 दिनांकः 23.09.2023 के अनुसार मै रंथु उराँव, पिता नथू उराँव, निवासी ग्राम– चुचुली टोली, रानीखटंगा, पोस्ट–रानीखटंगा, थाना– इटकी, जिला–रांची, झारखंड का निवासी हूँ। शपथपूर्वक निम्न ब्यान करता हूँ जो सत्य एवं सही है।
1. यह कि मैं भारतीय नागरिक एवं उक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा वास्तविक नाम रंथु उराँव है जो मेरे पोटो पहचान पत्र में दर्ज है।
3. यह कि आधार कार्ड सं. 5210 4949 6131 में मेरा नाम रथु उराँव दर्ज हो गया है। जो गलत है।
4. यह कि रंथु उरांव एंव रथु उराँव दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो मैं ही हूं।
5. यह कि यह शपथपत्र मैं अपने आधार कार्ड मे रथु उराँव के स्थानपर सही नाम रंथु उराँव दर्ज करवाने /सुधार करवाने हेतु बना रहा हूँ।
6. यह कि उपरोक्त समस्त बातें सत्य एव सही है।

# चीन-अमेरिका का नया टकराव

चीन और अमेरिका एक नये ट्रेड वॉर के मुहाने पर खड़े हैं। रेयर अर्थ मिनरल्स पर चीन अपना नियंत्रण कड़ा करना चाहता है और इसी बात से नाराज डोनाल्ड ट्रंप ने उस पर 100% टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। दोनों महाशक्तियों के बीच की इस खींचतान का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा।

**चीन का एकाधिकार :** किचन से लेकर युद्ध के मैदान तक, आज इस्तेमाल होने वाली हर आधुनिक मशीन रेयर अर्थ बिना अधूरी है और फिलहाल इस पर चीन का कब्जा है। वैश्विक जरूरतों की 90% सप्लाई चीन से होती है और इसमें भी 60% वह खुद प्रोड्यूस करता है, जबकि बाकी मिनरल्स उसके यहां रिफाइन होते हैं। इसी एकाधिकार की बदौलत इस साल अप्रैल में भी उसने ट्रंप की टैरिफ नीतियों को चुनौती दी थी।

**टूटता समझौता :** अमेरिकी टैरिफ के विरोध में चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर कड़ाई की, तो पूरी दुनिया के ऑटोमेटिव और डिफेंस सेक्टर पर संकट आ गया था। तब दोनों देश एक समझौते पर पहुंचे थे, जिसके तहत अमेरिका ने टैरिफ कम किया और चीन ने नियंत्रण, लेकिन अब वह समझौता टूटता लग रहा है।

**इस टकराव ने फिर साबित कर दिया है कि ग्लोबल सप्लाई चेन किस तरह चुनिंदा ताकतों पर निर्भर है। चीन और अमेरिका, दोनों ही अपने व्यापारिक प्रभाव का इस्तेमाल अपनी नीतियों को थोपने में कर रहे हैं।**

**कूटनीतिक हथियार :** चीन के लिए रेयर अर्थ की सप्लाई का इस्तेमाल कूटनीतिक हथियार के तौर पर करना नया नहीं है। उसके नये नियम, लाइसेंस प्रक्रिया को कठोर बनाना, ऐसे ही कदम हैं और इनका सबसे ज्यादा असर अमेरिकी डिफेंस सेक्टर पर पड़ने की आशंका है। ट्रंप की तरफ से आयी तीखी प्रतिक्रिया की वजह यह भी है। हालांकि चीन जिस तरह रेयर अर्थ पर अपने एकाधिकार को हथियार बना रहा, वैसा ही कुछ अमेरिका ने भी किया था, जब उसने पेइचिंग को कुछ महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर और चिप डिजाइन तकनीक बेचने पर रोक लगा दी थी।

**समाधान की उम्मीद :** ट्रंप ने चीन पर 1 नवंबर से नये टैरिफ लगाने की धमकी दी है। यही वक्त है, जब एशिया-पैसिफिक इकॉनमिक कोऑपरेशन से इतर ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच मुलाकात होनी है। दोनों देशों के बीच ट्रेड डील पर भी बातचीत जारी है, तो उम्मीद की जा सकती है कि उस मुलाकात में ताजा संकट का कोई हल निकल जाये।

**दूसरों के लिए सबक :** इस टकराव ने फिर साबित कर दिया है कि ग्लोबल सप्लाई चेन किस तरह चुनिंदा ताकतों पर निर्भर है। चीन और अमेरिका, दोनों ही अपने व्यापारिक प्रभाव का इस्तेमाल अपनी नीतियों को थोपने में कर रहे हैं। रेयर अर्थ और चिप मेकिंग में भारत समेत दूसरे देश कोशिश कर रहे हैं, जिसमें और मेहनत एवं निवेश की जरूरत है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने इसका जवाब तीन ऐसे स्तंभों को मजबूत बनाकर दिया है, जिन्हें कोई भी शुल्क प्रभावित नहीं कर सकता- पैमाना (स्केल), कौशल (स्किल) और आत्मनिर्भरता (सेल्फ रिलायंस)। दुनिया से भारत का अंतर बहुत साफ दिखाई देता है। चीन की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है। वहां की औसत आयु अब 40 साल से ज्यादा हो गई है, जबकि भारत में यह 29 साल से कम है। हमारे दो-तिहाई लोग 35 साल से कम उम्र के हैं। इस युवा ऊर्जा को जब कौशल, शिक्षा और उद्यमिता के जरिए सही दिशा दी जाती है तो वो भारत को विश्व अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बनाती है।

# मोदी का हनुमान क्षण : बाधाओं से भरी दुनिया में भारत की लंबी छलांग



**हरदीप एस. पुरी**



जब पूरे भारत में दीप जलते हैं, तो रामायण का एक अमर दृश्य आज के समय से संवाद करता है। हनुमान जी अपने बल पर संदेह करते हुए सागर के किनारे खड़े हैं, जब तक कि जाम्बवंत उन्हें यह याद नहीं दिलाते कि वह ताकत तो पहले से ही उनके भीतर है। उसके बाद जो छलांग लगती है, वह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि आत्मविश्वास का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यही आत्मविश्वास भारत की अर्थव्यवस्था में जगाने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि भारत अपनी भीतरी शक्ति के सहारे वैश्विक चुनौतियों को पार कर सके। जैसे-जैसे दुनिया नयी वीजा बाधाओं और शुल्कों के साथ सिमट रही है, तब मोदी के नेतृत्व में भारत अपने आत्मविश्वास को दुनिया के सामने ला रहा है। भारत विपरीत परिस्थितियों को आगे बढ़ने की ताकत में बदल रहा है।

हाल के महीनों में, अमेरिका ने नये एच-1बी वीजा आवेदनों पर 1,00,000 डॉलर की फीस और ब्रांडेड व पेटेंट वाली दवाओं के आयात पर 100% शुल्क लगाया है। इन कदमों को रोजगार सुरक्षा के नाम पर लिया गया बताया गया, लेकिन इसके पीछे एक गहरी चिंता छिपी है। यह है विकसित देशों में बढ़ता संरक्षणवाद और जनसंख्या से जुड़ी असुरक्षा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने इसका जवाब तीन ऐसे स्तंभों को मजबूत बनाकर दिया है, जिन्हें कोई भी शुल्क प्रभावित नहीं कर सकता- पैमाना (स्केल), कौशल (स्किल) और आत्मनिर्भरता (सेल्फ रिलायंस)। दुनिया से भारत का अंतर बहुत साफ दिखाई देता है। चीन की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है। वहां की औसत आयु अब 40 साल से ज्यादा हो गई है, जबकि भारत में यह 29 साल से कम है। हमारे दो-तिहाई लोग 35 साल से कम उम्र के हैं। इस युवा ऊर्जा को जब कौशल, शिक्षा और उद्यमिता के जरिए सही दिशा दी जाती है तो वो भारत को विश्व अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बनाती है। जब वैश्विक संस्थाएं बताती हैं कि पिछले साल दुनिया की कुल आर्थिक वृद्धि में भारत का योगदान 16% से ज्यादा था, तो यह कोई नारा नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले एक दशक के सुधार, निवेश और बुनियादी ढांचे के निर्माण का परिणाम है।

**भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत की जीडीपी अनुमान को बढ़ाकर 6.8% किया है।**

हाल के आंकड़े इस रफ्तार को और पुख्ता करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत की जीडीपी अनुमान को बढ़ाकर 6.8% किया है। इसके पीछे कारण बताए गए हैं- मजबूत घरेलू मांग, स्थिर निवेश प्रवाह और अच्छे मानसून की उम्मीद। सितंबर में जीएसटी संग्रह 1.89 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह लगातार नौवां महीना है जब संग्रह 1.8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा। यह दशार्ता है कि देश में खपत बढ़ रही है और टैक्स का दायरा भी फैल रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो लगभग 11 महीनों के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है। वहीं जून तिमाही में विदेशी धन प्रेषण 33.2 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 57.7 और सर्विस सेक्टर पीएमआई 60.9 पर स्थिर रहा, जो यह फिर साबित करता है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह सकारात्मक रुझान बाजारों और सड़कों दोनों पर दिखाई दे रहा है। इस दशहरा सीजन में खुदरा और ई-कॉमर्स बिक्री अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गयी। उद्योग संगठनों जैसे कैट और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार बिक्री 3.7 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई, जो पिछले साल से लगभग 15% ज्यादा है। सिर्फ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर ही त्योहारों के पहले पंद्रह दिनों में 90,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हुआ। सबसे ज्यादा मांग ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोना और कपड़ों में देखी गई। अब उम्मीद है कि दीवाली इस बार सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ देगी, जो न केवल उपभोक्ता विश्वास को दिखाता है, बल्कि सरकार के औपचारिक ऋण, डिजिटल भुगतान और ग्रामीण क्रय शक्ति बढ़ाने के लगातार प्रयासों की सफलता को भी दशार्ता है। भारत की आर्थिक नींव अब मजबूत हो चुकी है। पिछले दस वर्षों में भारत की जीडीपी लगभग दोगुनी हो गई है और अब वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। जल्द ही जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद है। विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर से अधिक है। मुद्रास्फीति नियंत्रित है और वित्तीय अनुशासन के साथ सरकार ने रिकॉर्ड सार्वजनिक पूंजीगत निवेश किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में, भारत का वस्तुओं और सेवाओं का समग्र निर्यात लगभग 825 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि अकेले व्यापारिक निर्यात लगभग 437 बिलियन अमरीकी डॉलर था। भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अब 220 गीगावॉट से अधिक हो गई है। ये आंकड़े एक ही कहानी कहते हैं- एक ऐसे देश की, जो कभी नाजुक था, और अब एक मजबूत राष्ट्र बन गया है। ऐसे नेतृत्व में, जो दूरदृष्टि और क्रियान्वयन दोनों को साथ लेकर चलता है। यह दुखद सच्चाई है कि प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत की सोच को कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। वे अब भी इसे बीसवीं सदी की पुरानी सोच से देख रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत ने दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल सार्वजनिक ढांचा तैयार किया है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस अब वीजा की तुलना में अधिक दैनिक लेनदेन को संभालता है, जो प्रतिदिन 650 मिलियन से अधिक है। आधार, डिजिलॉकर और ओएनडीसी मिलकर एक ऐसा इकोसिस्टम बनाते हैं जो बड़े पैमाने पर नागरिकों, छोटे व्यवसायों और नवप्रवर्तकों को जोड़ता है। सिंगापुर, यूएई और अन्य के साथ यूपीआइ की वैश्विक साझेदारियां दर्शाती हैं कि भारतीय नवाचार वैश्विक मानक स्थापित कर सकता है। यह है- तकनीक के रूप में शासन, सशक्तिकरण और निर्यात।

इस पूरी कहानी के केंद्र में लोग ही हैं। हमारा प्रवासी भारतीय समुदाय, जो 3.2 करोड़ से अधिक है, दुनिया के सबसे सफल और सम्मानित समुदायों में से एक है। आज फार्च्यून 500 की 11 कंपनियां ऐसे भारतीय मूल के सीइओ के नेतृत्व में हैं, जिनका संयुक्त मार्केट कैपिटलाइजेशन 6 ट्रिलियन डॉलर से भी ज्यादा है।

साल 2024 में 135 अरब डॉलर की रकम के रूप में आये धन प्रेषण सिर्फ. आर्थिक प्रवाह नहीं हैं। वे भारत पर विश्वास का प्रतीक हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार कहा है- विदेश में रहने वाला भारतीय सिर्फ प्रवासी नहीं, बल्कि भारत के मूल्यों और उद्यमशीलता का दूत है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने इस फैली हुई वैश्विक ऊर्जा को घरेलू आधार प्रदान किया है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया केवल अलग-अलग पहल नहीं हैं। ये एक जुड़ी हुई मूल्य श्रृंखला हैः अवसर पहचानना, उद्यमिता को सक्षम बनाना, और प्रतिभा को तैयार करना।

अगला कदम है- एक व्यापक वैश्विक कौशल मिशन, जो इन पहलों को एक ही ढांचे में एकजुट करेगा। इसमें शामिल होंगेः मानकीकृत पाठ्यक्रम, जो अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्रों से मेल खाते हों, कर्मचारियों के लिए प्रस्थान पूर्व प्रशिक्षण, भाषा और सांस्कृतिक प्रशिक्षण, और पोर्टेबल सामाजिक सुरक्षा समझौते। ये सभी उपाय भारतीय कामगार को दुनिया भर में पसंदीदा पेशेवर बनाएंगे। यह एजेंडा पहले ही प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति के तहत बनाए गए कई जी2जी साझेदारियों के माध्यम से लागू हो रहा है। इसलिए हनुमान की छलांग का प्रतीकात्मक महत्व उपयुक्त है। यह कोई विरोध का कार्य नहीं था, बल्कि कर्तव्य का निर्वाह था, जो आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से संभव हुआ।

**(लेखक : केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### 6-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट में डियो जुवांते एफसी बनी चैंपियन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहले 6-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। सोमवार को प्रतियोगिता में 10 टीमों के 90 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रोमांचक फाइनल में डियो जुवांते एफसी ने इनकंप्लीट एफसी को हराकर खिताब जीता। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी डियो जुवांते एफसी के सूरज कुमार गुप्ता,सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर इनकंप्लीट एफसी के शादाब खान,सर्वाधिक 5 गोल देने वाले जेएफएफ एफसी के खिलाड़ी अफरीदी को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता ने फिटनेस, खेल भावना और सामूहिकता का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। टाटा स्टील ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन की उम्मीद जगायी।

### सरायकेला-खरसावां में अफीम की खेती रोकने के लिए प्री-कल्टीवेशन ड्राइव शुरू



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले में अफीम की अवैध खेती पर रोक लगाने के लिए प्री-कल्टीवेशन ड्राइव अभियान का शुभारंभ किया गया। सोमवार को अभियान का शुरूवात जिले के डीसी नितिश कुमार सिंह और एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने दीप प्रज्जलित कर किया। इसके तहत ग्रामीणों को इससे दुष्प्रभावों और कानूनी परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। डीसी नितिश कुमार सिंह ने कहा अफीम की खेती समाज और युवाओं के भविष्य के लिए घातक है। उन्होंने किसानों से वैकल्पिक फसलें अपनाने की अपील की एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया अवैध खेती पर 20 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। इस अवसर पर किसानों को वैकल्पिक फसलों के बीज और सरकारी योजनाओं के तहत परिसंपत्तियां वितरित की गयी।

### समाजसेवी के प्रयास से शमशान काली मंदिर मार्ग में रोशनी लौटी



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** वर्षों से अंधेरे में डूबे शमशान काली मंदिर और मुक्तिधाम मार्ग पर फिर से रौशनी लौट आयी है। सोमवार को समाजसेवी सुनील प्रसाद साव की पहल पर नगर परिषद के सहयोग से खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कर नयी लाइटें लगायी गयी। काली पूजा से पूर्व यह पहल श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के लिए बड़ी राहत है। मंदिर समिति और मोहल्ला वासियों ने सुनील प्रसाद साव का आभार जताते हुए इसे सराहनीय सामाजिक पहल बताया। सुनील साव ने कहा यह समाज और धर्म के प्रति उनकी जिम्मेदारी है। जल्द ही इस मार्ग पर स्थायी लाइट व्यवस्था भी की जायेगी।

## अपराध की योजना बना रहे चार गिरफ्तार, हथियार बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के कल्याणनगर बस्ती के नदी किनारे रविवार देर रात पुलिस ने अपराध की योजना बनाते चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से दो हथियार, दो मोबाइल फोन और एक काले रंग का पैड मोबाइल बरामद किया। सोमवार को घटना की जानकारी देते हुए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर रात करीब 11 बजे छापेमारी की गयी। मौके पर बदमाश पुलिस को देख भागने लगे, लेकिन पुलिस ने चार युवकों को खदेड़कर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में 19 वर्षीय किशन गगराई, 21 वर्षीय मंगल गगराई, 25 वर्षीय करन मुंडारी उर्फ झंटू और 23 वर्षीय अभय नामता शामिल हैं। ये सभी कल्याणनगर ह्यूम पाइप एरिया के रहने वाले हैं। गिरफ्तार युवकों के खिलाफ कोई अपराधिक इतिहास नहीं रहा। सीतारामडेरा थाना में मामला दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में डीएसपी हेडक्वार्टर वन भोला प्रसाद सिंह, थाना प्रभारी निरंजन कुमार, एसआइ सूरज प्रसाद, अक्षय कुमार, राजेश कुमार, एएसआई महेन्द्र सिंह और लालमणि प्रसाद प्रजापति शामिल रहे।

### मानगो गोलीकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मानगो के जवाहरनगर में राशन दुकानदार अबु सनान को गोली मारने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी वसीम अंसारी उर्फ काले और उसके साथी नयाब हुसैन उर्फ टेनिस को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की गयी। सिटी एसपी कुमार शिवशीष ने बताया घटना का कारण पैसों का लेन-देन सामने आया है।सभी आरोपी एक साथ बकरी चोरी करता था। आपस में बटवारे को लेकर घटना घटी है।उन्होंने कहा वसीम पर पूर्व से कई भी संगीन मामले दर्ज हैं। इस मामले के अन्य आरोपी रौनक और शाहरूख उर्फ चुहा बच्चा पहले ही कोर्ट में आत्मसमर्पण कर चुका हैं।

## घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की अधिसूचना जारी

**21 अक्टूबर तक दाखिल किये जा सकेंगे नामांकन पत्र दाखिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** 45-घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी। साथ ही घाटशिला अनुमंडल कार्यालय से नामांकन प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गयी। इस संबंध में जिला समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने बताया अभ्यर्थी प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नामांकन पत्र खरीद और दाखिल कर सकते हैं। उपचुनाव के लिए अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला, सुनील चंद्र को निर्वाची पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

**नामांकन प्रक्रिया के साथ जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी :** उपचुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। सभी एसओपी का पालन सुनिश्चित किया जा रहा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी।

**इवीएम पर होंगे रंगीन फोटो, बड़ा फॉन्ट :** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ईवीएम में प्रत्याशियों के नाम, फोटो और क्रम संख्या बड़े अक्षरों में और रंगीन अंकित किए जाएंगे।उपचुनाव में होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्हीलचेयर, रैंप, वाहन और वॉलंटियर की व्यवस्था रहेगी। सोशल मीडिया सहित सभी प्रचार माध्यमों पर विशेष निगरानी रखी जा रही। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

**प्रत्याशी के बैंक खाते खोलने में प्राथमिकता :** सभी बैंकों को निर्देशित किया गया चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों या उनके अभिकताओं के लिए चुनाव संबंधी खाते खोलने में प्राथमिकता दी जाए। बैठक में सीजीएसटी, एसजीएसटी, इनकम टैक्स, जीआरपी, आरपीएफ, उत्पाद, नागरिक उड्डयन आदि विभागों को नकदी, शराब, मादक पदार्थों और अवैध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

### बैंकों को निर्देश 1 लाख से अधिक लेन-देन पर तत्काल सूचना दें : डीसी


**बैठक में व्यय प्रेक्षक दिलीप कुमार राठौड़ और जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने सभी बैंकों और प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया 1 लाख या उससे अधिक के संदेहास्पद लेन-देन की सूचना तुरंत व्यय कोषांग को दें।बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया अगर कोई बैंक वाहन नकदी लेकर चल रहा है तो उसके पास पूरे वैध दस्तावेज होने चाहिए। अन्यथा कार्रवाई की जायेगी।**

### कदमा में समस्याएं जानने डोर-टू-डोर पहुंचे भाजपा और जदयू कार्यकर्ता



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** विधायक सरयू राय के निर्देश पर भाजपा और जदयू कार्यकताओं ने कदमा के उलियान इलाके में घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं जानीं। डोर-टू-डोर अभियान में सफाई व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट को लेकर सबसे अधिक शिकायतें सामने आयी। कार्यकर्ताओं ने समस्याओं को रजिस्टर में दर्ज कर संबंधित विभागों से संपर्क करने की बात कही। इलाके में समस्या का समाधान के लिए बूथ स्तर पर कमेटी गठन पर भी चर्चा हुई। मौके पर राकेश सिंह, नीरज सिंह, राजेश सिंह, टीटू दास सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### इलाजरत घायल होमगार्ड चालक की मौत



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिष्टुपुर ट्रैफिक थाना में प्रतिनियुक्त होमगार्ड चालक 55 वर्षीय जोवाहर पासवान की सोमवार को रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। जोवाहर पासवान बीते 8 अक्टूबर को कदमा स्थित भाटिया पार्क के पास ट्रैफिक चेकिंग अभियान के दौरान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। वे मूल रूप से सोनारी पंचवटी नगर के निवासी रहे। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी और दो बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है। गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ के प्रदेश संगठन सचिव दिनेश कुमार यादव ने बताया घटना के दिन होमगार्ड जवान जोवाहर पासवान हेलमेट चेकिंग के दौरान लघुशंका के लिए सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रिपल लोड बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गये। तत्काल उन्हें टीएमएच (टाटा मेन हॉस्पिटल) लाया गया, जहां से गंभीर स्थिति में रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। सोमवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। संघ के प्रदेश प्रवक्ता कमल शर्मा ने बताया सोमवार को जमशेदपुर के होमगार्ड कार्यालय में मृतक जवान जोवाहर पासवान को अंतिम सलामी दी गयी। तत्काल प्रभाव से 35000 रुपए की सहायता राशि का चेक जिला समादेष्टा के द्वारा उनके पुत्रों को प्रदान किया गया। विधि सम्मत कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया। इसके अलावा संघ के द्वारा एक लाख की सहायता राशि भी उपलब्ध करायी गयी। इसके पश्चात उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### देवेंद्र माझी की पुण्यतिथि पर गोइलकेरा में श्रद्धांजलि सभा आज, जुटेंगे हजारों अनुयायी

**गोइलकेरा (आजाद सिपाही)।** जल-जंगल-जमीन के संघर्षशील जननायक स्वर्गीय देवेंद्र माझी की पुण्यतिथि पर गोइलकेरा में 14 अक्टूबर को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। श्रद्धांजलि सभा में आंदोलन की आत्मा को जीवित रखने के लिए संकल्प के साथ हजारों अनुयायी भाग लेंगे। देवेंद्र माझी को कोल्हान और सारंडा क्षेत्र में आदिवासियों के अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने बीड़ी मजदूरों से लेकर जंगल पर हक की लड़ाई में अहम भूमिका निभायी थी। 14 अक्टूबर 1994 को गोइलकेरा हाट बाजार में उनकी हत्या कर दी गयी थी। उनके विचार आज भी क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

## बीडीएसयू में चिकित्सा विज्ञान एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला का आयोजन

# एआइ चिकित्सा क्षेत्र में निदान, उपचार और अनुसंधान को दे रहा नयी दिशा: डॉ निमिष

**आजाद सिपाही संवाददाता**


कार्यशाला में उपस्थित गणमान्य लोग-विद्यार्थी एवं अन्य।

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय एवं आदीरा एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय सभागार में सोमवार को वर्चुअल माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) अजय भूषण प्रसाद के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला स्वास्थ्य सेवाओं में प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक उपयोग की दिशा में विश्वविद्यालय की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कुलपति प्रो (डॉ) एमके सिंह ने कहा कि बाबू दिनेश विश्वविद्यालय नवाचार और तकनीकी प्रगति के माध्यम से मानवता की सेवा में अग्रणी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। वहीं, मुख्य वक्ता के रूप में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रख्यात वैज्ञानिक एवं मास्टर ट्रेनर डॉ निमिष कपूर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूलभूत अवधारणाओं से लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में इसके अनुप्रयोग तक पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। बताया कि एआई आज चिकित्सा क्षेत्र में निदान, उपचार, अनुसंधान और सेवा प्रणाली को नई दिशा दे रहा है। डॉ. कपूर ने एआई-आधारित विश्वसनीय ऐप्स और सॉफ्टवेयर, स्वास्थ्य समस्याओं की तकनीकी समाधान एवं चिकित्सा अनुसंधान में डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विज्ञान के विद्यार्थी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जिससे भारत वैश्विक स्वास्थ्य नवाचार का अग्रणी केंद्र बन सके। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के होम्योपैथी, फामेर्सी, नर्सिंग एवं डेंटल साइंस संकायों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के करीब सत्तर विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों ने एआई तकनीक को निकटता से समझते हुए चिकित्सा सेवा क्षेत्र में इसके व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन संयोजक उप कुलसचिव डॉ कमलकांत पात्रा ने किया।

## स्वर्गीय किशोर कुमार की मनायी गयी 38वीं पुण्यतिथि




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** देश के महान गायक, संगीतकार और अभिनेता स्वर्गीय किशोर कुमार की 38वीं पुण्यतिथि सोमवार को संगीत कला महाविद्यालय एवं मैलोडी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में मनाई गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय, झामुमो महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा रेखा चौबे, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, पूर्व चेंबर अध्यक्ष समाज सेवी संतोष केशरी, समाज सेवी दौलत सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली श्याम सोनी, समाज सेवी, प्रोफेसर अनिता तूफानी, झामुमो जिला कार्य समिति सदस्य नीलू खान ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय किशोर कुमार की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर एसडीएम संजय कुमार पांडेय ने कहा कि स्वर्गीय किशोर कुमार भले ही आज हमारे बीच नही है, लेकिन उनकी बेमिशाल गायिकी और अभिनय हमेशा के लिए हम सभी के दिलों में जिंदा रखा है। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडे, पत्रकार सह कलाकार विजय प्रताप देव, कृति कुमारी, दया शंकर गुप्ता आदि ने 'किशोर दा' के गीतों को गुनगुना कर लोगों का मन मोह लिया। सभी कार्यक्रम संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी के निर्देशन में हुआ। इस मौके पर लाल बहादुर, जितेंद्र, रितिक रोशन, राहुल कुमार, काजल देवंशी, रमाकांत पाल, आलोक तिवारी और अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## किसानों को धान का बकाया पैसा नहीं देकर प्रताड़ित कर रही झामुमो सरकार: रितेश चौबे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने किसानों के धान का पैसा नहीं मिलने पर झारखंड की गठबंधन सरकार पर जुबानी हमला बोला। कहा कि हेमंत सरकार किसानों को प्रताड़ित कर रही है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है। जहां सत्ता में बैठे लोग मलाई खा रहे हैं और जनता अपने हक अधिकार के लिए त्राहिमाम कर रही है। कहा कि पिछले वर्ष का धान खरीद का पैसा हेमंत सरकार किसानों को नहीं दे रही है। किसान अपने खेतों में कड़ी मेहनत कर फसल उगाकर सरकार को बेचते हैं और उसका एक साल में भी पैसा नही मिल रहा है। कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार किसानों को सक्षम बनाने के लिए अनेकों योजना चला रही है जिसका लाभ किसानों को समय से मिल रहा है। दूसरी ओर झारखंड की हेमंत सरकार किसानों का शोषण कर रही है। इससे झारखंड सरकार के खिलाफ किसानों में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने वादा किया था कि किसानों से 3200 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद होगा। लेकिन सत्ता मिलते ही 2024-25 में 2300 से 2400 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद हुई। जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ। फिर भी लाचार हो कर किसानों ने झामुमो सरकार को धान बेचा लेकिन पुरा पैसा अबतक नहीं मिला। चेताते हुए कहा कि अगर किसानों को अविलंब पैसा नहीं मिला तो भाजपा कार्यकर्ता किसानों के हक अधिकार के लिए उनके सहयोग से आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## धुरकी पुलिस ने खोज निकाले दो गुम मोबाइल

**धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** धुरकी पुलिस ने तकनीकी माध्यम का प्रभावी उपयोग करते हुए दो गुमशुदा मोबाइल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि धुरकी थाना क्षेत्र के संजय कुमार परहिया और विनोद बैठा ने अपने मोबाइल फोन के गुम हो जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल की ट्रैकिंग प्रक्रिया शुरू की। तकनीकी जांच और सतर्कता के परिणामस्वरूप दोनों मोबाइलों का लोकेशन ट्रेस कर उन्हें सफलतापूर्वक बरामद कर लिया गया। इसके बाद थाना परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने दोनों मोबाइल उनके वास्तविक धारकों संजय कुमार परहिया और विनोद बैठा को सौंप दिया। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क कर पोर्टल के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज कराएं, ताकि समय पर कार्रवाई संभव हो सके।

## डेढ़ साल से नहीं मिली छात्रवृत्ति, विद्यार्थी परेशान



**कांडी (आजाद सिपाही)।** राज्य के लाखों एससी, एसटी, ओबीसी और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को डेढ़ वर्ष से अधिक समय से छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिली है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि छात्रवृत्ति राशि नहीं दिये जाने से विद्यार्थी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। कई छात्रों को फीस भरने में कठिनाई हो रही है। कुछ को परीक्षा में बैठने की अनुमति तक नहीं मिल रही।

## अब तलवार की जगह शिक्षा और संगठन को हथियार बनाकर समाज के उत्थान की नयी गाथा लिखनी होगी : गिरिनाथ सिंह




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित बंधन मैरेज हॉल में सोमवार को क्षत्रिय समाज का मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें समाज के बुद्धिजीवी, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि बदलते समय में क्षत्रिय समाज को केवल इतिहास पर गर्व करने से आगे बढ़कर वर्तमान और भविष्य के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज ने सदियों से धर्म, राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने कभी झुकना नहीं सीखा। अब हमें तलवार की जगह शिक्षा और संगठन को हथियार बनाकर समाज के उत्थान की नई गाथा लिखनी होगी। वहीं, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता है। कहा कि आज हमें अपनी गौरवशाली परंपरा को केवल याद नहीं करना है, बल्कि उसे जीना है। जब युवा वर्ग अपने इतिहास को समझेगा तभी उसका भविष्य उज्जवल होगा। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और सामाजिक सहयोग को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। वहीं, विंग कमांडर सुनील सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि क्षत्रिय सदियों से शौर्य, पराक्रम और न्यायप्रियता के प्रतीक रहे हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि उसी परंपरा को शिक्षा, सेवा और सामाजिक जागरूकता के रूप में पुनर्जीवित किया जाए। गिरिनाथ सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज का इतिहास शौर्य और मर्यादा से भरा रहा है। वहीं, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त विंग कमांडर सुनील सिंह ने कहा कि देश की सीमाओं पर सेवा करते हुए उन्होंने देखा है कि हर सैनिक के भीतर एक क्षत्रिय जागता है। कह कि हम अन्याय सहन नहीं करते, यह हमारे संस्कार में है। आज का संघर्ष सीमाओं पर नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता और एकता के रूप में है। वहीं, करनी सेना के कार्यकारी अध्यक्ष राहुल प्रताप सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज ने तलवार की नोंक पर इतिहास लिखा, लेकिन आज वही तलवार शिक्षा, संगठन और जागरूकता के रूप में उठानी होगी। हमें अपनी अगली पीढ़ी को यह सिखाना है कि सम्मान और पराक्रम हमारी पहचान है, अहंकार नहीं। आसुतोष शरण सिंह ने मंच का संचालन किया।

## ट्रक की चपेट में आकर नवविवाहिता की मौत



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय हरिगणेश मोड़ के समीप ट्रक की चपेट में आने से बस स्टैंड निवासी स्वर्गीय चंद्रशेखर सोनी की बेटी संगीता कुमारी (22) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार संगीता सड़क के किनारे से अपने घर लौट रही थी। तभी नगर उटारी से गढ़वा की ओर जा रहे ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसका शरीर ट्रक में फंस कर दो भाग में क्षत विक्षत हो गया। इसके बाद सैकड़ों लोगों ने आरोपी ट्रक चालक की गिरफ्तारी और मृतका के परिजनों को मुआवजे देने की मांग को लेकर मुख्य सड़क जाम कर दिया। लगे हाथ ट्रक के खलासी को पकड़ कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसकी खबर पाकर मौके पर पहुंचे खलासी पुलिस ने ग्रामीणों की भीड़ से खलासी को बचाया। साथ ही पुलिस ने ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक आक्रोशित लोग सड़क जाम किये हुए थे। बतातें चलें कि संगीता कुमारी की शादी छह माह पहले बिहार के डेहरी में श्रवण सोनी के साथ धूमधाम से हुई थी।

## बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन

# बाल विवाह कानूनन अपराध ही नहीं, बल्कि समाज के विकास में बाधा भी है : बीडीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय सभागार कक्ष में सोमवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ नंदजी राम ने की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी कुरीति को समाप्त कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाना था। बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह समाज के विकास में बड़ी बाधा है। इससे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का मकसद हर बच्चे को शिक्षा, समान अवसर और सुरक्षित बचपन प्रदान करना है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे समाज में जागरूकता फैलाएं और बाल विवाह जैसी प्रथाओं को रोकने में प्रशासन का सहयोग करें। कहा कि किसी भी बाल विवाह की जानकारी मिले तो तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर खरौंधी रविंद्र कुमार, थाना प्रभारी रंजनी रजन, प्रशांत कुमार, गौतम कुमार, रवि कुमार, पंचायत सेवक सतीश सिंह, विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रतिभा खोज परीक्षा का उद्देश्य जिले के हर विद्यालय से प्रतिभा खोज कर उचित प्लेटफार्म देना है : अलखनाथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति की ओर से सोमवार को 21वीं प्रतिभा खोज परीक्षा का परिणाम घोषित कर मेधावी प्रतिभागियों के बीच स्थानीय आरकेवीएसबी एड कॉलेज सभागार में समारोह आयोजित कर पुरस्कार वितरण किया गया। जिसकी शुरूआत समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना, सुशील केशरी सचिव एमपी केशरी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना ने कहा कि समिति के अथक प्रयास से इस वर्ष बहुत कम समय में परीक्षाफल घोषित की गयी है, जो अपने आप में एक उपलब्धि है। उपाध्यक्ष सुशील केशरी ने कहा कि समिति परीक्षा संचालन कर कोने-कोने से प्रतिभा की खोज करती है एवं उचित मार्गदर्शन करती है। वहीं, समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रतिभा खोज परीक्षा का मुख्य उद्देश्य जिले के हर विद्यालय से प्रतिभा को खोज कर उचित प्लेट फार्म देना है, ताकि वे भविष्य में बेहतर करें। पुरस्कृत होने वाले प्रतिभागियों का परिचय अशोक विश्वकर्मा ने कराया। समिति के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र, ट्राफी एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। विदित हो कि यह परीक्षा चार ग्रुपों एवं जिले के कुल 9 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई थी। परीक्षा में लगभग 4000 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। मंच का संचालन समिति के सचिव एमपी केशरी, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमित कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर सेंट पॉल अकादमी के प्राचार्य सिस्टर शांति, ललन साहू, आशीष चौधरी, चनेश्वर ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## क्षतिग्रस्त पुलिया और सड़क की मरम्मत शुरू

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** विगत दिनों हुई भारी बारिश के कारण अवधूत भगवान राम सर्वेश्वरी आश्रम के समीप क्षतिग्रस्त पुल और सड़क की मरम्मती कार्य शुरू कर दिया गया है। छठ महापर्व को देखते हुए इस छठ घाट पर आवागमन सुचारू रूप से चालू हो सके इसे लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन, समाजसेवी मंटू चौबे और आश्रम के सदस्यों के सहयोग से ट्रैक्टर के मिट्टी गिरकर इसे जेसीबी मशीन से मरम्मती कार्य करायी जा रही है। बतातें चलें कि बारिश में पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद ग्रामीणों ने पुल और सड़क बनवाने के लिए बीडीओ और मुखिया से मरम्मत कराने की मांग की थी, लेकिन उन लोगों ने राशि नहीं होने की बात कह पल्ला झाड़ लिया था।

## 'नैतिकता सत्य निष्ठा और साइबर स्वच्छता' विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में एनसीटीई के दिशा निर्देश पर 'नैतिकता सत्य निष्ठा और साइबर स्वच्छता' विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं को बताया गया कि ऑनलाइन दुनिया में जिम्मेदार व्यवहार करना और अपना डिजिटल उपकरणों और डाटा को सुरक्षित रखने के लिए अच्छी आदतों को अपनाना है। नैतिकता का मतलब है सही-गलत के बीच अंतर करना, जबकि सत्य निष्ठा का मतलब है हमेशा ईमानदार रहना और साइबर स्वच्छता में डाटा को सुरक्षित रखने के लिए अच्छी आदतें जैसे मजबूत पासवर्ड, अपडेटेड सॉफ्टवेयर आदि शामिल है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि साइबर स्वच्छता डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक प्रथाओं का एक समूह है जो ऑनलाइन जोखिम से बचाती है। इस मौके पर बीएड एवं डीएलएड के प्राध्यापकों में डॉ मनोज कुमार, शशिकांत सिंह यादव, आनंद चौबे, रेखा कुमारी, सतीश कुमार बिंद आदि के अलावा बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं अंजली कुमारी, फैजान अंसारी, उमाशंकर, रेहान, शाहिद, अकरम, रोशन, समा, नाजरीन, आशियाना, आरती आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 25/2025–26

दिनांक 10/10/2025

मद का नाम :– 15वें वित्त आयोग मद

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पदमा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बन्रबेला का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 2 | बरही | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, केदारूत का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 3 | बरही | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, दुलमाहा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 4 | बरही | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बरसोत का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 5 | बरही | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, धनवार का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 6 | बड़कागांव | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सिरमा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 7 | बड़कागांव | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सांढ़ का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 8 | बड़कागांव | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, उरीमारी का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 9 | बड़कागांव | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, गरसुल्ला का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 10 | बरकट्ठा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बरकनगांगो का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 11 | बरकट्ठा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कोनहराखुर्द का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 12 | बरकट्ठा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बरकट्ठा दक्षिणी का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 13 | चलकुशा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सेवाटांड का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 14 | चलकुशा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, मस्केडीह का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 15 | चलकुशा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, खरगु का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 16 | टाटीझरिया | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, खैरा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 17 | विष्णुगढ़ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कुसुम्भा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 18 | विष्णुगढ़ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, नवादा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 19 | विष्णुगढ़ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बकसपुरा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 20 | विष्णुगढ़ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बेडाहरियारा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 21 | विष्णुगढ़ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, गैंडा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 22 | विष्णुगढ़ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सिरैय का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 23 | विष्णुगढ़ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, करगालो का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 24 | चौपारण | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, दादपुर का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 25 | चौपारण | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, जवनपुर का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 26 | चौपारण | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, चैथी का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 27 | चौपारण | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, ताजपुर का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 28 | चौपारण | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, जगदीशपुर का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 29 | चौपारण | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पडरिया का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 30 | चौपारण | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बेलाही का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 31 | चौपारण | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, डेबो का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 32 | चौपारण | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, गोविन्दपुर का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 33 | चौपारण | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बच्छई का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 34 | डाडी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, मिश्राईनमोढ़ा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 35 | डाडी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, रेलीगढ़ा पश्चिमी का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 36 | डाडी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, गिद्दी 'क' का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 37 | डाडी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, गिद्दी 'ख' का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 38 | डाडी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, गिद्दी 'ग' का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 39 | डाडी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, टोंगी का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 40 | ईचाक | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, करियातपुर का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 41 | ईचाक | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कारीमाटी का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 42 | ईचाक | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कुरहा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 43 | ईचाक | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बरकाकला का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 44 | कटकमदाग | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, मसरातु का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 45 | कटकमदाग | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कटकमदाग का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 46 | कटकमदाग | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, नवादा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 47 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बरगड्डा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 48 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, खुटरा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 49 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, रोमी का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 50 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कंचनपुर का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 51 | कटकमसाण्डी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, गदोखर का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 52 | केरेडारी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बरियातु का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 53 | केरेडारी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कराली का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 54 | केरेडारी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पेटो का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 55 | सदर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, नगवां का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 56 | सदर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बहेरी का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |
| 57 | सदर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, अमनारी का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | पॉच माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 18.10.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 18.10.25 से 02.11.2025 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 04.11.2025 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 363922 District (25-26)_D

# आलोक गिरोह के दो सक्रिय अपराधी गिरफ्तार

अपराधियों के पास से अवैध हथियार बरामद हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज क्षेत्र में लेवी वसूलने आये दो अपराधियों को हथियार के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रांची एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि आलोक गिरोह के सक्रिय अपराधी लेवी वसूलने और किसी गंभीर घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से अवैध हथियार के साथ मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के डेगाडेगी नदी के पास स्थित ईंट भट्ठे के पास आने वाले हैं ये अपराधी लेवी की राशि लेकर कई ईंट भट्ठा मालिकों को उक्त स्थल पर बुलाये हैं।

मिली सूचना के आधार पर रांची एसएसपी द्वारा ग्रामीण एसपी के निर्देशन में खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया, जिसमें खलारी इंस्पेक्टर थाना प्रभारी, मैकलुस्कीगंज और बुढ़मू थाना प्रभारी को बल के साथ शामिल किया गया और अविलंब उक्त स्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। छापामारी दल उक्त स्थल पर पहुंचकर उक्त स्थल के आस-पास गोपनीय तरीके से एंबूस लगाकर अपराधकर्मियों को आने का इंतजार करने लगे। इसी बीच जागृति विहार के तरफ से एक मोटरसाईकिल पर सवार दो अपराधकर्मी वहां पहुंचकर रूक गये तथा मोटरसाईकिल से उतर कर आपस में बात करने लगे। तभी छापामारी दल द्वारा दोनों अपराधकर्मियों का घेराबंदी कर भागने के प्रयास के क्रम में पकड़ लिया गया।



### अपराधियों के पास से बरामद सामान

एक पल्सर बाइक, देशी कार्बाइन, नाइन एमएम का दस जिंदा गोली, एक पिस्टल, चार मोबाइल, एक राउटर, आलोक गिरोह लिखा हुआ पर्चा मिला।

### टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी

खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी, इंस्पेक्टर थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा, बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार सहित थाना के सशत्र बल के जवान शामिल थे।

गिरफ्तार अपराधकर्मी प्रभात कुमार राम का तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाइन एमएम का लोडेड कार्बाईन और संजय कुमार दास के पास से एक लोडेड देशी पिस्टल, एवं अन्य सामान बरामद किया गया।

गिरोह का सरगना राहुल तुरी उर्फ आलोक के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद इस गिरोह का कमान जेल में बंद गिरोह का सदस्य आकाश करमाली द्वारा मो० राजन के नाम से संचालन कर रहा है। जिसके मुख्य सदस्य प्रभात कुमार राम एवं संजय कुमार दास है। यह गिरोह संगठित होकर क्षेत्र के व्यवसायियों, ठिकेदारों, ईट भट्ठा मालिकों एवं कोयला का काम करने वालों को फोन कर जान मारने की धमकी देकर लेवी की मांग करते हैं। अपराधी प्रभात कुमार राम पूर्व में भी उग्रवादी घटना सहित कई संगीन कांडों में जेल जा चुका है। अपराधकर्मी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में यह बताया था कि एक लुटी हुई मोटरसाईकिल को ये कोनका जंगल में छिपाकर रखे हैं जिसे चलने पर बरामद करा सकते हैं। अपराधी प्रभात कुमार राम के निशानदेही पर उक्त मोटरसाईकिल को बरामद करने हेतु मैक्लुस्कीगंज थाना की टीम उन्हें लेकर कोनका जंगल गयी, तो मोटरसाईकिल बरामदगी के क्रम में अचानक अपराधी प्रभात कुमार राम एक पुलिस पदाधिकारी का सरकारी पिस्टल छीनकर भागने का प्रयास करते हुए पुलिस कर्मियों को लक्षित कर दो फायर किये, जिससे पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। छीने गये सरकारी पिस्टल के बरामदगी एवं आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा एक फायर किया गया, जो इनके पैर में लगी। तब इन्हें गिरफ्त में लेकर सरकारी पिस्टल बरामद करते हुए ईलाज हेतु रिम्स रांची भेजा गया।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा 16 वर्षों से फरार पीएलएफआइ उग्रवादी जुनूल सांगा



खूंटी (आजाद सिपाही)। उग्रवादी घटना, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, पुलिस पर हमला सहित विभिन्न संगीन धाराओं का वांछित पीएलएफआई उग्रवादी जुनूल सांगा आखिरकार 16 वर्षों बाद पुलिस के हत्थे चढ गया। तोरपा थाना की पुलिस ने सोमवार को उसे सुनरूई गांव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पीएलएफआई उग्रवादी जुनूल सांगा (31 वर्ष) के खिलाफ वर्ष 2009 में तोरपा थाने नामदर्ज मामला दर्ज हुआ था। उसके खिलाफं 147/148/149/353/ 307/414ए 17सीएलए सहित अन्य धाराओं के तहत तोरपा थाने में 2009 में दर्ज हुआ था। उस समय जुनूल पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य था। जुनूल के खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था, लेकिन वह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में लंबे समय से जुटी थी। गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# खलारी की बेटी सोनम ने पूर्णिया में 400 मीटर रिले रेस में जीता स्वर्ण पदक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** सरस्वती विद्या मंदिर, करकटा खलारी की कक्षा अष्टम की छात्रा बहन सोनम कुमारी ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय देते हुए बिहार के पूर्णिया में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में झारखंड का नाम रोशन किया है। 07 से 09 अक्तूबर 2025 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में सोनम कुमारी ने 400 मीटर बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक तथा 400 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों से उन्होंने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे झारखंड और बिहार में खलारी का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर सोमवार को विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सोनम कुमारी एवं उनके माता-पिता को विद्यालय परिवार की ओर से पाठक, प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान सोनम के माता-पिता ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने सोनम को बधाई देते हुए कहा कि सोनम जैसी प्रतिभाशाली छात्राएं विद्यालय और समाज दोनों के लिए प्रेरणा हैं। इस दौरान भावनात्मक माहौल में कई शिक्षकों और छात्रों की आंखें नम हो गईं।

इस अवसर पर विद्यालय के सचिव संजीव रंजन सिंह तथा प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह के साथ-साथ गौरी शंकर, कामिला, चंद्रभूषण सिंह, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, दिलीप शर्मा, सुरज कुमार, विक्रम कुमार पांडे, उमेश कुमार, गोविंद कुमार चौहान, पूनम पाठक, नूतन सिंह, बसंती कुमारी और अश्विनी कुमारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया गया अवैध अफीम की खेती के खिलाफ जागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले में नशे के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा चलायी जा रही मुहिम के तहत सोमवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के स्कूलों, बाजार और हाटों में अफीम की खेती और नशापान के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। अवैध अफीम के दुष्परिणामों, कानूनी कार्रवाई और इसके दूरगामी प्रभावों के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया।

### बंजर हो जायेगा पूरा इलाका : वरुण रजक

अड़की थाना क्षेत्र कें प्लस टू स्कूल सिंदरी और सिंदरी बाजार में खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक के नेतृत्व में जहर की खेती के खिलाफ चलाये गये जागरूकता अभियान में एसडीपीओ ने कहा कि अफीम की खेती का दुष्परिणाम काफी दूरगामी और घातक होगा। क्षेत्र की नदियों, तालाबों और अन्य जलाशयों का पूरा पानी अफीम की खेती में चला जायेगा। इससे भूगर्भ जल के स्तर में गिरावट आयेगी और एक दिन ऐसा आयेगा कि पूरा इलाका पानी कें बिना बंजर हो जायेगा। वरूण रजक ने कहा कि अवैध अफीम के संबंध में कठोर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जहर की खेती से दूर रहे और दूसरों को भी इसके बारे में बतायें।

## बरवाटोला में 22 को सोहराई डार जतरा का होगा आयोजन

खलारी (आजाद सिपाही)। बेंती पंचायत के बरवाटोला गांव में 22 अक्टूबर को सोहराई डार जतरा का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें 22 अक्टूबर को जतरा आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जतरा में रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। जतरा को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्या नेहा उरांव, मुखिया सरिता देवी, बालेश्वर भोगता, नागेश्वर गंझू, बीरबल गंझू, अध्यक्ष धनराज भोक्ता, सचिव सोमर गंझू, कोषाध्यक्ष रामबिलास गंझू, दशरथ गंझू , उपाध्यक्ष रमेश गंझू, उप सचिव सुभाष गंझू एवं महेंद्र गंझू को बनाया गया। बैठक में सोमर गंझू, लक्षित गंझू, सुरेंद्र गंझू, पिंटू, राजू, मोहन, बिनोद,भुनेश्वर, अरविन्द, नीरज, राजेंद्र, राहुल, रूपेश, वीरेंद्र, विशाल, हेमराज, सचिन, कैला, विपत, बाबू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## छोटू गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। आरनबीटी क्लब के तत्वावधान में सरना खेल मैदान में सोमवार को छोटू गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से धोधा गंझू और गोपाल प्रसाद ने फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं अतिथियों ने फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का शुरूआत किया। उद्घाटन मैच कर्मकट्टी बनाम आदर्श उच्च विद्यालय के बीच खेला गया जिसमें करमकट्टी की टीम ने मैच जीत लिया। वहीं दूसरा मैच आरन बीटीक्लब बनाम बड़की टॉड के बीच खेला गया, जिसमें बड़कीटॉड की टीम ने मैच जीता। इस मौके पर बाबूलाल गंझू, जीतन गंझू, मंगरी देवी, पूनम देवी तथा प्रतियोगिता के सफल संचालन में अध्यक्ष अमित मुंडा, सचिव बॉबी मुंडा कोषाध्यक्ष पवन गंझू, संरक्षक बाबु उरांव, कारू गंझू, सूरज मुंडा, मनीष आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में दिखाया गया विकसित भारत बिल्डेशन का सीधा प्रसारण



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में सोमवार को 'विकसित भारत बिल्डथॉन' कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। इस दौरान कक्षा छः से नवम तक के छात्रों ने टीवी पर इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम को देखा। इसमें भारत भर के दो लाख स्कूलों के छात्रों के शामिल होने की उम्मीद है। विकसित भारत बिल्डथॉन देशभर में एक साथ आयोजित होने वाला एक नवाचार और रचनात्मकता कार्यक्रम है। इसका मुख्य लक्ष्य कक्षा छः से नवम तक के छात्रों को आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत जैसे विषयों पर नए विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करना है। इसके उद्देश प्रत्येक भाग लेने वाली टीम को एक विषय चुनना होगा और उससे जुड़ी किसी समस्या की पहचान करनी होगी। इसके बाद टीम को 2 से 5 मिनट का एक वीडियो तैयार करना होगा,जिसमें समस्या, प्रस्तावित समाधान या प्रोटोटाइप, उसकी कार्यप्रणाली और संभावित प्रभाव को दशार्या जायेगा। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अभिलाषा कुमारी ने इस पहल पर कहा कि इससे छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा मिलेगी और उनमें जागरूकता बढ़ेगी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाए सहित बच्चे उपस्थित थे।

## बेंती गांव में सोहराय जतरा का आयोजन 24 को

पिपरवार (आजाद सिपाही)। बेंती शिव मंदिर में ग्रामीणो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता नागेश्वर गंझू एवं संचालन महेंद्र भोक्ता ने किया। बैठक में विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से आगामी 24 अक्टुबर को बेंती बुध बाजार में सोहराय जतरा मेला का आयोजन एवं रात्रि में रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जतरा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई एवं जतरा को सफल बनाने के लिए समिति का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शंकर गंझु, उपाध्यक्ष सेवक गंझु, कृष्णा गंझु, सचिव रचित कुमार गंझु, उप सचिव रामबालक गंझु, नक्षत्र गंझु, कोषाध्यक्ष दिलिप गंझु,उप कोषाध्यक्ष गणेश गंझु और कुंदन गंझु को बनाया गया। वही समाजसेवी रोहण गंझु, बैजनाथ प्रजापति, हरिनारायण गंझु, प्रेम ठाकुर, हेमराज प्रजापति, गणेश भुईयां, अजय प्रजापति, परमेश्वर गंझु, प्रभात कुमार, सुखी गंझु, बीरबल गंझु, खंजाची प्रजापति, जयराम भुईयां, राहुल केशरी, अभिमन्यु केसरी, अरुण कुमार पासवान, जगदीश गंझु, राहुल गंझु, रोहित केसरी सहित अन्य लोगों को संरक्षक बनाया गया है।

# सीसीएल सीएमडी ने किया एनके एरिया का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** सीसीएल के सीएमडी नीलेंद्रु कुमार सिंह एनके एरिया के रोहिणी और केडीएच परियोजना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले केडीएच और उसके बाद रोहिणी खदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमडी ने परियोजना पदाधिकारी से खदान विस्तारीकरण को लेकर जानकारी लिया। उन्होंने खदान विस्तारीकरण में ग्रामीणों के घर, उनके नौकरी मुआवजा, पुनर्वास, ब्लास्टिंग सहित कई बातों पर चर्चा करते हुए जानकारी लिया। इसके अलावा उन्होंने रोहिणी परियोजना में मशीनों के समुचित उपयोग करते हुए उत्पादन में बढ़ोतरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों कर्मचारी को निर्देश दिया कि खदान में पूरी ईमानदारी से उत्पादन बढ़ाने का कार्य करे। उन्होंने खदान की वर्तमान स्थिति सहित अन्य बातों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि खदान में उत्पादन बढ़ाने के लिए मशीनों की समुचित उपयोग करे तभी उत्पादन बढ़ेगा। साथ ही उन्होंने खदान को व्यवस्थित तरीके से चलाने का भी निर्देश दिया। केडीएच खदान के अंदर निरीक्षण के लिए पहुंच गये। सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने महाप्रबंधक के साथ केडीएच खदान में हो रहे कोयला खनन और डिस्पैच कार्य को दिखा। इसके बाद डकरा ऑफीसर्स क्लब में अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने कोयला उत्पादन में तेजी लाने सहित कई तरह के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने फर्स्ट मिले कनेक्टिविटी योजना के तहत केडीएच में तैयार हो रहे कोल हैंडलिंग प्लांट का काम कर रहे मधुकॉन कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता, रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, मैनेजर एसपी निगम सहित एरिया के सभी विभागों के प्रमुख, सभी परियोजना पदाधिकारी मौजूद थे।

# एसजीएफआइ नेशनल के लिए खूंटी के तीरंदाज सुधीर सांगा का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, खूंटी में के अठवीं कक्षा के छात्र सुधीर सांगा ने अपनी प्रतिभा और लगन के बल पर झारखंड की कंपाउंड अंडर-14 बालक वर्ग की तीरंदाजी टीम में स्थान बनाया है। उनका चयन एसजीएफआइ नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन नवंबर में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में होगा। सुधीर का चयन 11 से 12 अक्टूबर तक रांची के खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में हुआ।



### पिता हैं नहीं, मां करती है मजदूरी

आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आनेवाले सुधीर के पिता नहीं हैं और उनकी मां बिरंग सांगा मजदूरी कर परिवार चलाती हैं। सुधीर के पास अपना तीरंदाजी उपकरण न होने के बावजूद उसने उधार के धनुष और तीर से अभ्यास किया। सीआरपीएफ में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज अश्रिता केरकेट्टा ने उसे अभ्यास के लिए कीमती धनुष उपलब्ध कराया, जबकि नेशनल खिलाड़ी राहुल और मोनिका ने साइटर और तीर उधार दिये। सीमित संसाधनों के बावजूद सुधीर के जुनून और मेहनत ने उन्हें नेशनल स्तर तक पहुंचा दिया। सुधीर का कहना है कि, अगर मुझे अपने साधन और बेहतर उपकरण मिलें, तो मैं देश के लिए पदक जीत सकता हूं। विद्यालय परिवार और सभी कोच ने सुधीर की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अफीम की खेती छोड़ वैकल्पिक खेती अपनायें किसान : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अवैध अफीम की खेती की रोकथाम एवं इसके विरुद्ध आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन खूंटी जिले में तीन से 17 अक्टूबर तक प्री-कल्टीवेशन ड्राइव चला रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में विभिन्न स्तरों पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। अभियान के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि की



उपस्थिति में पंचायत एवं गांव स्तर पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में ग्रामीणों को अवैध अफीम की खेती से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं कानूनी दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही है। अधिकारीगण ग्रामीणों को अफीम की खेती के स्थान पर वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त जिले में नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, बैनर एवं सोशल मीडिया जैसे विभिन्न माध्यमों से भी आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से अफीम की खेती के दुष्प्रभावों एवं इसके कानूनी परिणामों को सरल भाषा में आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है, ताकि वे इससे दूर रह सकें। उपायुक्त आर रॉनिटा ने लोगों से अपील की वे अवैध अफीम की खेती से दूर रहें और सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं एवं वैकल्पिक खेती का लाभ उठायें।

# कल्याणपुर चौक में ग्रामीण महिलाओं ने बंद कराया फ्लाई ऐश ढुलायी का काम

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की सड़कों से हो रही फ्लाई एस ढुलाई से उत्पन्न प्रदूषण से आम जनता पूरी तरह से परेशान है। टंडवा एनटीपीसी से जहरीले राख की ढुलाई कोयलांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की सड़कों से हो रही है, जिसके कारण स्थानीय लोग एवं राहगीर प्रदूषण से पूरी तरह से परेशान है। इससे आक्रोशित ग्रामीण महिलाओं ने सोमवार की सुबह पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग के कल्याणपुर चौक मे फलाई ऐश ढुलाई कार्य को रोक दिया, जिससे कल्याणपुर चौक में जाम की



स्थिति हो गयी है। बताया गया कि रविवार सुबह सात बजे से सड़क के किनारे फलाइ ऐश की वाहन खडे है। लेकिन किसी ने अभी तक ग्रामीणों से वार्ता नही किया है। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि टंडवा एनटीपीसी से निकलने वाले जहरीले राख की ढुलाई पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की सड़कों से हो रही है, जिसके कारण जहां एक तरफ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है तो वहीं दूसरी ओर लोग प्रदूषण के शिकार होकर विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। जहरीले राख की ढुलाई होने से स्थानीय ग्रामीणों के अलावा राहगीरो का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों ने कहा कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक फ्लाई ऐश ढुलाई का काम पूरी तरह से बंद रहेगा। इधर समाचार लिखे जाने तक फ्लाई ऐश ढुलाई का काम बंद है और सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार देखी लगी है।

## डीसी ने की योजनाओं की समीक्षा, दिये दिशा निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने विभागवार योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने, योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने तथा प्राप्त आवंटन का पूर्ण एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंच सके। बैठक में राजस्व संग्रहण की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने खनन, उत्पाद, परिवहन, राजस्व, नगर परिषद समेत संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर विभाग द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, आवासीय विद्यालय निर्माण कार्य, सरना-मसना एवं धुमकुड़िया भवन निर्माण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, राशन एवं धोती-साड़ी वितरण, सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक (आईटीडीए) सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## अवैध अफीम की खेती रोकने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** जिला प्रशासन सरायकेला-खरसावां द्वारा अवैध अफीम की खेती रोकने हेतु राज्य सरकार के निर्देशानुसार 03 अक्टूबर से 17 अक्टूबर, 2025 तक प्री कल्टिवकशन ड्राइव संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को चांडिल प्रखंड के हेसाकोचा पंचायत सचिवालय में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत की उपस्थिति में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त रीना हांसदा, अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल विकास राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी चांडिल, अंचल अधिकारी चांडिल, थाना प्रभारी चौका, स्थानीय मुखिया, ग्राम प्रधान, मनकी-मुंडा और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने कहा कि अफीम की अवैध खेती न केवल गैरकानूनी है, बल्कि यह समाज, परिवार और विशेष रूप से युवाओं के भविष्य के लिए अत्यंत घातक है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अफीम जैसी अवैध खेती छोड़कर खरीफ-रबी फसलों, बागवानी एवं फल-सब्जी की वैकल्पिक खेती अपनाएं।

# ओरमांझी प्रखंड के 18 पंचायतों में विकास कार्य पूरी से तरह ठप



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची से सटे ओरमांझी प्रखंड के 18 पंचायतों में विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प है। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह ओरमांझी मुखिया दीपक बड़ाइक ने बताया कि विगत दो वर्षों से 15वें वित्त आयोग से पंचायतों के विकास के लिए मिलने वाली राशि नहीं मिलने के कारण विकास कार्य ठप है। पंचायतों में विकास कार्य नहीं होने के कारण आम जनता की नजर में मुखिया कठघरे में खड़े दिखाई पड़ते हैं। एक तरफ सरकार विकास को लेकर अपनी पीठ थपथपाती दिखती है। तो दूसरी ओर पंचायतों में गांवों के विकास के लिए रखी फाइल राशि के अभाव में धूल फांक रही है। विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए या यूं कहें कि अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के पंचायती राज व्यवस्था बनाई गई थी, जो सरकार के उदासीन रवैया के कारण कोरा कागज साबित हो रहा है। मुखिया दीपक बड़ाइक ने बताया कि 15 वें वित्त आयोग की विकास राशि की मांग को लेकर प्रखंड के मुखिया संघ और अन्य प्रतिनिधियों ने बीडीओ और जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा था, लेकिन कोई ठोस पहल अब तक नहीं हो पायी है। पंचायतों के विकास को लेकर सरकार के उदासीन रवैया अपनाने के कारण ओरमांझी सहित पूरे राज्य में पंचायत के प्रतिनिधि अपनी आवाज को मुखर कर रहे हैं। ओरमांझी मुखिया दीपक बड़ाइक, रमेश बेदिया, सुफल महली, रीना देवी, अनीता लिंडा, दशमी मिंज, लखेश्वर उरांव, नाजनीन परवीन, सावित्री देवी और पूनम देवी ने बताया कि यदि सरकार जल्द ही 15 वें वित्त आयोग की राशि आवंटित नहीं करती है तो हम सभी जन प्रतिनिधियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# रातू के मुरगू में नाबालिग से गैंगरेप

## नौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, पांच आरोपित गिरफ्तार

**बहन के साथ गयी थी मेला देखने, रविवार की रात 9 बजे की घटना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना रविवार की रात की बताई जा रही है। इस लेकर पीड़िता ने रातू थाने में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कुल नौ युवको को आरोपी बनाया गया है। उधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। उनपर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल जांच पूरी करकर फॉरेंसिक टीम के साथ पहलू की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक रविवार को रातू थाना क्षेत्र के चितरकोटा छोटका टोली में 21 पड़हा जतरा का आयोजन किया गया था। जिसमें नाबालिक अपनी बड़ी बहन और होने वाले जीजा के साथ मेला देखने गयी थी। मेला में घूमते हुए उसे रात हो गयी और वह अपनी बहन से बिछड़ गयी। अंधेरा होने पर कुछ युवको ने उसका अपहरण कर लिया और मुरगू की ओर खेत में ले गये। जहां युवकों ने बारी- बारी से उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। लड़की के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर जब ग्रामीण दौड़े तो सभी आरोपी उसे छोड़ फरार हो गये। पर भाग रहे आरोपियो में से दो को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। उनकी जमकर पिटाई करने के बाद किसी ने 100 डायल पर फोन कर पुलिस को लड़की के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना की जानकारी दे दी। सूचना पाकर तुरंत मौके पर पहुंच गयी और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना ले आयी। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी राम नारायण सिंह ने फरार तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। उधर, उक्त मामले में पीड़िता ने नौ युवको के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर डीएसपी अरविंद कुमार थाना पहुंचे और पकड़े गये युवकों से पूछताछ की। उनमें से दो की पहचान रातू के चितरकोटा छोटका टोली निवासी आकाश उरांव (22). नामकुम के खरीसदाग मुकु बांध निवासी मान सिंह मुंडा (26) के रूप में हुई है। जबकि तीन अन्य किशोर है। पुलिस ने दो आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं, अन्य आरोपियों को बाल सुधार गृह भेजा गया।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मांगों को लेकर दिया धरना



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को आंगनवाड़ी संघ के तत्वावधान में आंगनवाड़ी सेविकाओं ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया। सेविकाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को पूरा करने की मांग की। अपने संबोधन में पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाएं राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं को पूरी मेहनत के साथ निष्पादित कर रही है। लेकिन विभाग द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं का आर्थिक एवं मानसिक शोषण किया जा रहा है। आये दिन सरकार और विभाग के अधिकारियों से आंगनबाड़ी सेविकाओं को साधनयुक्त बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक मांगों को पूरा नहीं किया गया है। वहीं, प्रदेश सचिव सह प्रखंड अध्यक्ष उमेरा खातून ने कहा कि सरकारी नीतियों की वजह से वे बार-बार आंदोलन करने को मजबूर हो रही हैं। संगठन की ओर से सरकार से मांग की गई कि आंगनवाड़ी सेविकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। सेवानिवृत्ति के बाद सभी सुविधाएं प्रदान की जाएं। साथ ही बाजार दर के अनुसार पोषाहार देने और सेविकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी करने की भी मांग की गई। वहीं प्रदेश महामंत्री सुंदरी तिर्की ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों को संचालित करते हुए 50 वर्ष हो गए हैं, लेकिन सेविकाओं को अब भी सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया है। बताया कि केंद्र सरकार केवल 4,500 रुपये मानदेय दे रही है। जो न्याय संगत नहीं है। आंगनवाड़ी सेविकाओं ने सीडीपीओ कार्यालय पर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग की ओर से जारी आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। इस धरना प्रदर्शन के बाद सेविकाओं ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन बीडीओ के नाम से अधिकारियों को सौंपा। जिसमें प्रखंड की सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका की तबादला, आंगनबाड़ी सेविका को प्राथमिक शिक्षक एवं सहायिका को चतुर्थ श्रेणी की कर्मचारी घोषित करने, मानदेय में वृद्धि, पेंशन लागू करने के साथ ही बकाए मानदेय का यथाशीघ्र भुगतान करना शामिल है। इस मौके पर बसंती देवी और मुमताज खान सहित कई लोग मौजूद थे।

# एफसी चितरकोटा 4-0 से जीत कर सेमीफाइनल में पहुंचा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बड़ाम पंचायत के स्कूल मैदान में चल रही पांच दिवसीय बड़ाम चैंपियन ट्रॉफी फूटबॉल टूर्नामेंट का सोमवार को तीसरे दिन का मैच खेला गया। पहला मैच रवि ब्रदर बनाम हातु कोड़ा सत्यारी टोली के बीच खेला गया। जिसमें सत्यारी टोली की टीम 1-0 से विजयी रही। जबकि दूसरा मैच जीएफ सी गाड़ी होटवार बनाम एफसी चितरकोटा के बीच खेला गया। जिसमें एफसी चितरकोटा 3-0 से विजयी रही। वहीं, तीसरा मैच दोनों ही विजयी टीम सत्यारी टोली बनाम एफसी चितरकोटा के बीच खेला गया। जिसमें एफसी चितरकोटा 4-0 से विजयी होकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नामकुम अंचल के सीआई राजेश कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत की। मौके पर मंच के अध्यक्ष जकरियस गाड़ी, मुखिया कृष्णा लोहरा, संदीप प्रजापति, श्याम सुंदर प्रसाद यादव, प्रकाश गोप, कल्याण टोप्पो, शंकर नायक, सत्यनारायण गोप, निखिल दागल, कुणाल गोप, सतनिश बिंहा, बजरंग गोप, पॉल तिग्गा, संजीत कुशवाहा, राजेश कुमार, जुगल मुंडा आदि उपस्थित थे।

# संवाद और समाधान के जरिये निकाला जायेगा मनरेगा कर्मियों की समस्याओं का ठोस समाधान : मंत्री दीपिका पांडेय सिंह

**झारखंड मनरेगा कर्मचारी संघ की ग्रामीण विकास मंत्री से सार्थक मुलाकात**



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात की। इस दौरान मनरेगा कर्मियों की लंबित मांगों और समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। मंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि न्यायसंगत मांगों पर सरकार सकारात्मक विचार करेगी। इस दौरान संगठन ने अपनी मांगों के संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें सेवा स्थायीकरण, वेतनमान में वृद्धि, बकाया मानदेय का भुगतान, सामाजिक सुरक्षा और सेवा शर्त नियमावली में सुधार से संबंधित मुद्दे शामिल थे। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक कर्मी की गरिमा, अधिकार और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि संवाद और समाधान के माध्यम से मनरेगा कर्मियों की समस्याओं का ठोस समाधान निकाला जाएगा। संघ के प्रतिनिधियों ने मंत्री के आश्वासन का स्वागत किया और इसे एक सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ही इन मांगों पर कार्रवाई करेगी। इस मौके पर ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव के श्रीनिवासन और मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल के अलावा प्रतिनिधिदल में प्रदेश अध्यक्ष अनिरुद्ध पांडेय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे, महामंत्री दीपक महतो, प्रदेश सयोजक देवेन्द्र उपाध्याय, वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष विकास पांडेय, प्रदेश सचिव यासीन अंसारी, कोषाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह, संजय प्रामाणिक, सुमंत प्रताप गांगुली, रोहित ठाकुर, संजय कुमार एवं आसुतोष श्रीवास्तव शामिल थे।

# यौन शोषण के आरोपी को भेजा गया जेल

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना क्षेत्र में यौन शोषण के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान मांडर निवासी महताब अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रांची जेल भेज दिया है। मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि क्षेत्र की एक लड़की के बयान के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। इस संबंध में पीड़िता द्वारा महताब अंसारी के खिलाफ मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी महताब अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# मारुति मंगल फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बेड़ो/लापुंग (आजाद सिपाही)।** मारुति मंगल परिवार के तत्वावधान में मारुति मंगल फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को ग्राम तिगरा टिकराटोली रातू के खेल मैदान में हुआ। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कुल 16 टीम के बीच मैच खेला जाएगा। जबकि फाइनल 17 अक्टूबर को खेला जाएगा। प्रतियोगिता संचालन समिति के सचिव आशिष प्रमाणिक ने बताया कि मारुति मंगल फुटबॉल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों के खेल प्रतिभा को निखारना एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ एक प्लेटफॉर्म प्रदान करना भी है। उधर, उद्घाटन मैच युवा विकास क्लब सिरांगो और एफसी ग्रेन्जा बालूमाथ के बीच खेला गया। जाने-माने समाजसेवी कामेश्वर महतो एवं स्थानीय मुखिया अनिल तिर्की ने फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मारुति मंगल फुटबॉल प्रतियोगिता में दर्शकों के लिए भी आकर्षक उपहार का व्यवस्था रहता है। इससे पूर्व मारुति मंगल परिवार के पदाधिकारियों एवं सर्व समाज के नेतृत्वकर्ता द्वारा सामूहिक रूप से मारुति मंगल परिवार का वंदना गान के साथ संचालन समिति के मंच का उद्घाटन किया गया। वहीं, प्रतियोगिता संचालन समिति के अध्यक्ष संदीप रुद्रा ने बताया कि इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार, 3 लाख 33 हजार 333 रुपये. द्वितीय पुरस्कार दो लाख 22 हजार 222 रुपये, तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार 33, 333 रुपये दिये जायेंगें। वहीं, पांचों दिन विभिन्न आयु वर्ग के बच्चे-बच्चियों का दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

# 22 पड़हा सोहराई जतरा सह स्वः दशा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट कुदलोंग 2025 का शुभारंभ



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के कुदलोंग गांव के जतरा मैदान में सोमवार को 22 पड़हा सोहराई जतरा सह स्वः दशा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट कुदलोंग 2025 का शुभारंभ हुआ। इसमें बालक वर्ग से16 टीम और बालिका वर्ग में आठ टीम भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच, सरना एकसी रांची एवं एबी स्पोर्टिंग कल्ब रातू के बीच खेला गया, जिसमें सरना एक सी रांची की टीम एक गोल से विजयी रही। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अवर निरीक्षक सुरेश लिंडा, कुदलोंग के मुखिया मंजू लिंडा, पूर्व मुखिया, पूर्व मुखिया जीतू लिंडा, समाजसेवी सुशील तिर्की, ग्राम प्रधान-आशीष गाड़ी, बिगल पाहन समाजसेवी अध्यक्ष दशरथ तिग्गा ने उद्घाटन मैच के दोनों खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर एवं फुटबॉल को कीक मार कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। अतिथियों ने संयुक्त रूप से उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस उन्हें उचित प्लेटफार्म की जरूरत है। वो अपने खेल के माध्यम से पूरे झारखंड का नाम रोशन करने की ताकत रखते हैं । हम मंच के माध्यम से झारखंड सरकार से ग्रामीण फुटबॉल को प्रोत्साहन देने के लिए योजना बनाएं जिससे गांव के युवा फुटबॉल खिलाड़ी प्रदेश और भारत का नाम रोशन कर सकें । इस मौके पर मुख्य संरक्षक बिरसा उरांव, सुकरा उरांव, अशोक लाल, धरमु नायक, राकेश तिर्की, चरिया देवी, पिंकी लकड़ा, पुपेन उच्छप, सुमन कच्छप, कान्हू गाड़ी, प्रसाद गोप अशोक मास्टर, दक्षिण दुइग्ल पंचायत मुखिया संजय लिंडा, पूर्व सरपंच रमण तिग्गा, हेरमन कच्छप रंजित तिर्की, संजय लकड़ा, अजित कुच्छप, आशिष कच्छप, मंयक कच्छप, बसंत बखला, मनीष उरांव, संजू कच्छप, श्रीकांत कच्छ्प, संदीप कच्छप, मन्नू टोप्पो, अजय कच्छप आदि उपस्थित रहे।

# पिठोरिया चौक की हाई मास्ट लाइट खराब

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया चौक पर स्थापित हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट विगत 10 महीने से खराब है, जिससे चौक का पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है। यह लाइट सड़क निर्माण के दौरान लगाई गई थी, ताकि रात के समय चौक से गुजरने वाले लोगों और वाहनों को सुविधा मिल सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व कई बार चोरी-छिनतई जैसी घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ माह पूर्व समाजसेवी कमलेश राम के प्रयास से यह लाइट चालू कराई गई थी, लेकिन अब यह फिर से पूरी तरह खराब हो चुकी है। त्योहारों के सीजन में चौक पर खरीदारी के लिए आने-जाने वालों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में लाइट खराब होने से दुकानदारों और खरीदारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द लाइट की मरम्मत कर चौक को रोशन करने की मांग की है।

# पंचायत सहायक संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर हुई चर्चा



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय पंचायत सहायक संघ की बैठक सोमवार को प्रखंड परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष गुल शाद राजा ने किया। इसमें पंचायत सहायक संघ से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। जिसमें मुख्य रूप से पंचायत सहायकों के मानदेय राशि भुगतान से संबंधित व्यवधान को लेकर पंचायती राज विभाग के प्रखंड समन्वयक से मिल कर शीघ्र भुगतान करने को लेकर अपील करने और महाना बैठक कर संघ को सशक्त करनने के साथ ही पंचायती राज विभाग के निर्देशिका के अनुसार कार्य करना शामिल है। इसके अलावा संबंधित योजना के लाभुक को निर्देशिका के अनुसार जानकारी मुहैय्या करा कर विभाग को अवगत कराना आदि को लेकर भी चर्चा की गयी। बैठक में सचिव संतोष कुमार यादव, शाकिर हुसैन, राजेंद्र महतो, सरिता देवी, अनील ठाकुर, श्याम कुमार साहू संतोष साहू किरण देवी राजेंद्र प्रसाद, दिलीप साहू, पादीप साहू, कौशल कुमार, फूलकुमारी, जगरनाथ महतो, जितेंद्र, श्याम कुमार, अजय कुमार लोहारा, मदन मांझी, अनामुल अंसारी आदि पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

# अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने अवैध बालू के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को थाना प्रभारी सिद्धांत के नेतृत्व में पुलिस ने उरुगुट्ठू से अवैध बालू लोड दो ट्रेक्टरों को जब्त किया। हालांकि पुलिस को देखते ही दोनों ट्रैक्टरों के चालक मौके से फरार हो गये। विदित हो कि इन दिनों बुढ़मू थाना क्षेत्र के छापर घाट से अवैध बालू का धंधा चरम पर है। छापर से दिन के उजाले के साथ ही रात में भी हाइवा, टर्बो, ट्रैक्टर की मदद से एनजीटी के रोक के बावजूद बालू की अवैध ढुलाई जारी है। इस मामले पर थाना प्रभारी सिद्धांत ने कहा कि जब्त बालू लदे ट्रैक्टरों पर अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सूचित किया गया है।

## नशा उन्मूलन पर रांची टॉरियन वर्ल्ड स्कूल में डालसा का कार्यक्रम


# अफीम-पोस्ता का उत्पादन करना गैरकानूनी : राजेश सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश और न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में सोमवार को रांची के तुपुदाना टॉरियन वर्ल्ड स्कूल में 'डॉन' अभियान के तहत नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें लाइफ सेवर्स अतुल गेरा, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, एनसीबी के आनंद, मनोहर मंजूल, सीआइडी के ए रिजवान अंसारी, ड्रग्स कंट्रोल विभाग के स्वपनिल निखिल, रोटरी क्लब से रथिन भद्र, पीएलवी पीके उपाध्याय, भारती शाहदेव, पिंकू कुमारी, टॉरियन वर्ल्ड स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी आदि शामिल हुए। इस अवसर पर एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक की कठोर कारावास एवं दो लाख रुपये का जुर्माने की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है। कांके के पुनर्वास केंद्रों के साथ ही एनजीओ भी नशा करने वालों को ठीक करने में मदद करते हैं। कहा कि सीआइपी और रिनपास में डालसा का लिगल एड क्लिनिक है। जहां नशा करनेवाले व्यक्तियों का ईलाज किया जाता है। इसमें डालसा रांची लोगों को निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराती है। उन्होंने नालसा योजना साथी, आशा, जागृति एवं संवाद पर भी फोकस किया। वहीं, अतुल गेरा ने बताया कि नशा देश को कैसे खोखला कर रहा और नशा से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करना अति आवश्यक है। एनसीबी के मनोहर मंजूल ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। अधिकांश तस्कर गिरोह संसाधनों की कमी के कारण पकड़े नहीं जाते। सीआइडी के रिजवान अंसारी ने मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी दी। साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी में बच्चों और नवयुवकों को कैसे उपयोग में लिया जा रहा है, इससे बचने के लिए उन्होंने छात्रों को बताया। कहा कि कैसे साधारण खांसी की सिरप जैसी चीजों का नशे के लिए उपयोग किया जाता है। ड्रग्स कंट्रोल विभाग के स्वपनिल निखिल ने मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी दी। अन्य वक्ताओं ने कहा कि नशा करने से व्यक्ति और परिवार, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यदि रांची में नशे की समस्या पर नियंत्रण पाया जाए तो अपराध दर में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आ सकती है।

# संस्कार भारती का शास्त्रीय नृत्य समागम संपन्न



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** संस्कार भारती के तत्वावधान में सोमवार को नाद ब्रह्म कला संस्थान की ओर से चिरंजीवी किड्स प्ले स्कूल होंबई में शास्त्रीय नृत्य समागम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर (से नि) अमर नारायण एवं विशिष्ट अतिथि संस्कार भारती के प्रांतीय अध्यक्ष प्रो सुशील कुमार अंकन आदि ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। आद्या, आरुष और वीणा के ध्येय गीत के बाद अवनींद्र सिंह, विधा संयोजक, संस्कार भारती ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। प्रारंभ में नाद ब्रह्म कला संस्थान की छात्रा शुभ्राज्योत्सना ने भरतनाट्यम में वंदना और शिव तांडव की मोहक प्रस्तुति दी। इसमें चार गुरुओं ने अपने अपने शिष्यों के साथ मंत्रमुग्ध करने वाली कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# पारदर्शी तरीके से किसी भी विषय में जानकारी पाने का अधिकार ही सूचना का अधिकार है : डॉ प्रभात



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आरटीआई कार्यकर्ता संघ एवं झारखंड मानवाधिकार संघ के संयुक्त तत्वाधान में नामकुम में सोमवार को नेशनल सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन नेताजी सुभाष विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ प्रभात कुमार पाणी, अखिल भारतीय ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हवा सिंह तंवर, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, डॉ चंद्रशेखर दत, अध्यक्ष दिल बहादुर और अध्यक्ष दिनेश किनू ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ प्रभात पाणी ने कहा कि सूचना अधिकार कानून देश की आम जनता को समर्पित है। पारदर्शी तरीके से किसी भी विषय में जानकारी प्राप्त करने का अधिकार ही सूचना का अधिकार है। वहीं, हवा सिंह तंवर ने कहा कि सूचना का अधिकार मानवाधिकार का ही एक अंग है। इसकी रक्षा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 1948 में मानवाधिकार संरक्षण के लिए आयोग का गठन किया। तब से लेकर अब तक मानवाधिकार संरक्षण के लिए कार्य किये जा रहे है। भारत में 1993 में आयोग का गठन हुआ। हम सब इस कानून का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें। मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पूरे देश मे लगभग चार लाख मामले सूचना आयोग में लंबित है, जबकि 70 हजार मामले प्रति वर्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में आते है। झारखंड में लगभग आठ हजार मामले अभी भी लंबित है। जल्द से जल्द राज्य में मानवाधिकार आयोग एवं सूचना आयोग में पूर्णकलिक अध्यक्ष और सदस्यों का नियुक्ति हो। दिल बहादुर ने आरटीआई और दिनेश किनू ने मनावधिकार विषय पर विस्तृत रिपोर्ट दी। जबकि डॉ दत, प्रो पियूष, डॉ शुक्ला, आर के शर्मा ने भी अपने-अपने विचार रखे। स्वागत भाषण पूर्वी घोष और धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर मोतीलाल पब्लिक स्कूल बिष्टपुर में छेदी कुमार, डॉ अमर सिंह, डॉ अशोक झा, सदन कुमार, दिनेश कर्मकार, नंदू केशरी, मुशतक अहमद, सुलोचना देवी, विजय मुंडा, बबिता मुखी, सावन मुर्मू, संतोष सिंह, नीलकमल गोप, नरसिंघ मुर्मू, सुसेन गोप, चंद्रशेखर गोप, सुनील प्रसाद, राजू बेसरा, सतेंद्र सिंह, राजेंद्र पाठक, मनोज किशोर, नीरज गोप सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

# पोटरो गांव के युवाओं-खिलाड़ियों ने चंदा कर बनाया खेल का मैदान



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बसिया रोड परास नदी के समीप खाली पड़ी परती जमीन पर पोटरो गांव के युवाओं और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने गांव में चंदा कर एवं श्रमदान कर खेल मैदान बना दिया हैं। खिलाड़ियों ने बताया कि राजस्व ग्राम पोटरो में एक भी खेल मैदान नहीं था। जिस कारण गांव के बच्चों-युवाओं को खेलने-कूदने की भारी समस्या हो रही थी। खेल मैदान की कमी को देखते हुए खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने ग्रामसभा की बैठक की। जिसमें जगह का चयन कर सर्वसहमति से खेल मैदान बनाने का निर्णय लिया गया था। उसके बाद खिलाड़ियों ने गांव के प्रत्येक घर से खेल मैदान बनाने के लिए चंदा जमा कर मैदान को बनाया। गांव में कबड्डी, खो खो, के दर्जनों नेशनल खिलाड़ी और एनसीसी का प्रशिक्षण ले चुके युवा हैं, जो आज गांव में ही रह कर मजदूरी कर रहे हैं। गांव में खेल मैदान के नहीं रहने से स्कूल से आने के बाद बच्चें घर में ही रहते थे। जिससे उनका शारीरिक विकास नहीं हो पा रहा था। इन सभी चीजों को गंभीरता से लेते हुए खिलाड़ियों और युवाओं ने ग्राम सभा की बैठक की। जहां ग्रामीणों ने खेल मैदान बनाने के लिए बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। मैदान के पूर्वी दिशा में मुक्ति धाम और पश्चिमी दिशा में छठ घाट हैं। खिलाड़ियों ने प्रशासन से चापाकल खुदवाने की मांग की हैं।

# सात अक्टूबर से युवक लापता, गुमशुदरी का मामला दर्ज



**जारी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सीकरी पंचायत के कटिंबा गांव का रहने वाला विनय तिग्गा (27) विगत सात अक्टूबर से लापता हैं। उसके अचानक लापता होने से परिजन बेहद परेशान हैं। बताया कि विनय तिग्गा सात अक्टूबर की सुबह अपने दोस्त बंझर ग्राम निवासी राकेश बरवा से मिलने घर से निकला था। उसके बाद वापस नहीं लौटा। दिनभर इंतजार करने के बाद जब देर रात तक घर नहीं आया, तो परिवार ने आसपास के गांवों और रिश्तेदारों के पास उसकी खोजबीन की। लेकिन कई दिनों की तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने बताया कि विनय के मोबाइल फोन पर भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। इससे चिंता और बढ़ गई है ।आखिरकार, थक-हारकर परिजनों ने जारी थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। उधर, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने कटिंबा, बंझर और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है। युवक के दोस्तों और परिचितों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, परिजनों ने आम लोगों से भी विनय तिग्गा के बारे में कोई जानकारी मिलने पर जारी थाना या परिवार से संपर्क करने की अपील की है।

# गुमला लायंस क्लब ने आयोजित किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोगों ने उठाया लुत्फ




**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला लायंस क्लब एवं शिवाय डांस स्टूडियो के संयुक्त तत्वाधान में शिव मंदिर परिसर में शिवाय डान्स क्लास के सौजन्य से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने गीत-संगी-नृत्या का आनंद लिया। इस अवसर पर लायन्स क्लब के रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जयसवाल ने कहा कि बच्चे मोबाइल फोन से दूर रहें। मोबाइल फोन के कारण उनकी नींद भी पूरी नहीं हो पाती है, जिस कारण सुबह उठने पर थकान महसूस करते हैं्। इसका असर मन और शरीर पर पड़ रहा है। कहा कि बच्चे अपने उद्देश्य के प्रति समय व्यकित करें और समय मिले तो सुबह उठकर व्यायाम, योग, ध्यान में मन लगाये। वहीं, लायंस क्लब के सचिव योगेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि लायन्स क्लब अंतरराष्ट्रीय समाजिक संगठन है, जो सालोंभर जनसेवा का कार्यक्रम आयोजित करता है। पूर्व अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता और शकर लाल जाजोदिया ने भी मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अभियान के संबंध में विस्तार से बताते हुए सभी लोगों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर सचिव योगेंद्र प्रसाद साहू, रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जायसवाल, जोन चेयरपर्सन शंकर लाल जाजोदिया, पूर्व अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य मनमोहन शिवकुमार लाल, शशि किरण जयसवाल, किरण केसरी, रेणु देवी, सुषमा साहू और कृति केसरी आदि उपस्थित रहे।

# खलारी पीके ब्रदर्स को 1-0 से हराकर कांके अंश क्लब ने जीता खिताब



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सरना स्टेडियम में चर्चित दो दिवसीय दीवा-रात्रि फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार की रात खेला गया। जिसका आयोजन बसिया क्लब ऑफ यूनिटी की ओर से किया गया। यह टूर्नामेंट का 10वां सत्र था, जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में कांके अंश क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पीके ब्रदर्स खलारी को 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। कांके की टीम ने पूरे मैच में उत्कृष्ट तालमेल और रणनीति दिखाई। पहले हाफ में एक गोल की बढ़त हासिल करने के बाद दूसरे हाफ में एक और गोल दागते हुए जीत सुनिश्चित की। पहले सेमीफाइनल में खलारी पीके ब्रदर्स ने खूंटी एमएससी को 1-0 से हराया था, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में कांके अंश क्लब ने मैना बेड़ा को पेनाल्टी शूटआउट में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सह उद्योगपति योगेश कुमार साहू, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता सह तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार साहू, कांग्रेस के वरीय नेता प्रदेश सचिव रोशन बरवा, जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग, चैतू उरांव, बसिया एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सिमड़ेगा डीएसपी बैजू उरांव, बसिया थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति, बसंत साहू, जितेंद्र भगत आदि उपस्थित रहे। विजेता टीम को ट्रॉफी और तीन लाख रुपये नकद, जबकि उपविजेता टीम को ट्रॉफी और दो लाख रुपये का इनाम दिया गया। वहीं, तीसरे और चौथे स्थान पर रही टीमों को ट्रॉफी और 50-50 हजार पुये का पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

## नाबालिगों की ड्राइविंग, ओवरलोडिंग के साथ 'नशीली पुड़िया' बेचने पर भी कड़ी कार्रवाई

# स्कूल ड्रेस में गाड़ी चलाते पकड़े जाने पर अभिभावक-प्रिंसिपल पर भी कार्रवाई



बैठक में उपस्थित अधिकारी-लोग।

**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज के नेतृत्व में सोमवार को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक जाम और परिवहन नियमों के उल्लंघन को लेकर बैठक हुई। जिसमें ऑटो एसोसिएशन, बस एसोसिएशन, पेट्रोल पंप एसोसिएशन, विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल और शिक्षक शामिल हुए। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रशासक नगर परिषद, गुमला सीओ, बीडीओ, मोटर यान निरीक्षक और गुमला थाना प्रभारी सहित प्रशासन के कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने बच्चों के बीच बढ़ती नशे की लत पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिये। जिसमें स्कूल और कॉलेज के 100 गज के दायरे में पुड़िया, पान, तंबाकू, सिगरेट एवं अन्य नशीली पदार्थों का बेचना, खरीदना, सेवन करना या करवाना वर्जित है। उल्लंघन करने वालों पर तुरंत और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बैठक में विशेष रूप से बच्चों द्वारा इस्तेमाल में लाई जाने वाली अघोषित 'पुड़िया' ('आंटी', 'बम्बैया', 'चुटकी' और अन्य) पर चिंता व्यक्त की गई। प्रशासन ने स्कूलों को निर्देश दिया कि वे बच्चों को इन पदार्थों के नुकसान के बारे में जागरूक करें और ऐसे विक्रेताओं को चिन्हित करें। इसके अलावा बैठक का सबसे महत्वपूर्ण फोकस नाबालिग छात्रों द्वारा वाहन चलाने पर रहा। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र के छात्रों को किसी भी सूरत में स्कूल तक बाइक या स्कूटी लाने की अनुमति नहीं होगी। स्कूल प्रबंधन को सख्त आदेश दिया गया है कि वे बाइक से आने वाले छात्रों के वाहनों को जब्त करने का निर्देश जारी करें। वहीं, स्कूल क्षेत्र से दूर कहीं वाहन छिपा कर आने वाले छात्रों को चिन्हित कर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई छात्र स्कूल ड्रेस में गाड़ी चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो न केवल वाहन जब्त होगा, बल्कि छात्र के अभिभावक के साथ ही संबंधित स्कूल के प्रिंसिपल पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए। इसमें ऑटो ओवरलोडिंग की समस्या को लेकर स्कूल के प्रति प्रशासन ने कड़ा रोष व्यक्त किया। साथ ही आखिरी चेतावनी दी कि भविष्य में ओवरलोडिंग पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में तय मानक से ज्यादा सवारी ले जाते हुए पकड़े जाने पर ऑटो, टेंपो या बस को तुरंत जब्त करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा टेंपों चालकों को ड्रेस कोड का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया। डीजल गाड़ियों के लिए खाकी और इलेक्ट्रिक गाड़ियों के चालकों के लिए नीला रंग की वर्दी अनिवार्य है।

## पेट्रोल पंप पर 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' नियम

सड़क सुरक्षा के तहत हेलमेट पहनना अनिवार्य बनाने के लिए पेट्रोल पंप से बिना हेलमेट के तेल लेने वालों का चालान किया जाएगा। अब सभी पेट्रोल पंपों को बिना हेलमेट वालों का गाड़ी नंबर और परिचय लेकर ही तेल देने और इसका रिकॉर्ड मेंटेन करने का निर्देश दिया गया है।

# 17 यूनिट रक्त संग्रह

**गुमला (आजाद सिपाही)। डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जिले में निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भरनो प्रखंड में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें कुल 17 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। बतातें चलें कि डीसी ने निर्देश पर जिले में 8 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक सभी प्रखंडों में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक कामडारा, जारी एवं गुमला सदर प्रखंडों में शिविर संपन्न हो चुके हैं, जबकि आगामी शिविर बिशुनपुर 14, पालकोट 15, सिसई 16, चैनपुर 17, रायडीह 18, बसिया 23 और घाघरा 24 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। डीसी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस जनहितकारी कार्य में आगे आएं। कहा कि सिकल सेल एनीमिया सहित अन्य गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता अत्यावश्यक है। अतः स्वस्थ नागरिक नियमित रूप से रक्तदान करें।**

# सब्जी विक्रेताओं को वेंडिंग जोन में ही दुकान लगाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नगर परिषद प्रशासक और डीडीसी ने सोमवार को संयुक्त रूप से शहरी क्षेत्र में स्वच्छता से संबंधित औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में सभी प्रमुख पथ, तालाब और जीभीपी क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान कई स्थलों पर अपेक्षाकृत साफ सफाई पायी गयी। जबकि कुछ जगहों पर गंदगी भी दिखी। जिसके तत्काल साफ करने का निर्देश सफाई जमादार एवं सैनिटरी सुपरवाइजर को दिया गया। जिसके अनुपालन में उक्त सफाई जमादार ने तुरंत कार्य करते हुए संबंधित स्थलों की समुचित सफाई करा दी। इसके अलावा दोनों पदाधिकारियों ने आगामी छठ पूजा के निमित्त विभिन्न छठ घाटों का भी निरीक्षण किया। डीडीसी ने गुमला नगर परिषद प्रशासक को छठ पूजा से पहले ही सभी तालाबों की समुचित साफ-सफाई करवाने का निर्देश दिया था। दूसरी ओर, निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों ने टंगरा मार्केट स्थित वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया एवं सभी सब्जी विक्रेताओं को यत्र तत्र सब्जी की दुकान ना लगाते हुए टंगरा मार्केट स्थित वेंडिंग जोन में ही दुकान लगाने की सख्त हिदायत दी। ऐसा नहीं करने पर जुर्माना वसूलने एवं सब्जियां जब्त करने की भी चेतावनी दी। इसके अलावा आगामी दीपावली, छठ पूजा, गुरु नानक जयंती आदि के मद्देनजर सब्जी विक्रेताओं को गंदगी नहीं फैलाने का निर्देश दिया।

# शिवरतन साहू का निधन, शोक

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बरगांव करंज टोली गांव निवासी पूर्व प्राधानाध्यापक सह छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज सिसई के उपाध्यक्ष शिवरतन साहू का आकस्मिक निधन हो गया। वर्तमान में वे कॉलेज रोड़ में रहते थे। शनिवार को अपने पैतृक गांव करंज टोली गये थे। अपने खेत से सब्जी तोड़ कर निकलते समय गढ़े में गिर कर घायल हो गये थे। इलाज के लिए उन्हें रांची के विवेकानंद अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान रविवार की रात निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। 2013 मे राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोगड़ा से प्राधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वे अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्र व दो पुत्री छोड़ गये है। छोटे भाई केश्वर साहू पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर है। अंतिम संस्कार बरगांव मूर्गू रोड स्थित पारस नदी मुक्ति में धाम किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र राजेश साहू ने दी। वहीं, शिवरतन साहू के निधन पर पिछड़ी जाति संघर्ष समिति के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष निलाम्बर साहू, समाजसेवी सुरेश साहू, समाजसेवी छेदी साहू, समाजसेवी तेजमोहन साहू, मोती देवी, डॉ दीपक कुमार, डॉ विष्णु देव तिवारी, डॉ इंद्रजीत राम आदि ने शोक जताया।

# पिछड़ों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जायेगी : अरुण साहू

## रौनियार भवन में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड की बैठक रविवार को पालकोट रोड स्थित रौनियर भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष उदास नाग ने की। इसमें संगठन के मजबूत आंदोलन की रूपरेखा और केंद्रीय कमेटी से प्रखंड कमेटी तक संगठन को मजबूत करने पर विचार किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार साहू उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि गुमला सहित झारखंड के लगभग सभी जिलों में पिछड़ों की अनदेखी की जा रही है, जो बर्दाश्त नहीं है। पिछड़ी जातियों को झारखंड के सात जिलों में सरकार ने आरक्षण शून्य कर दिया है, जिसे लेकर अब विरोध और आंदोलन व्यापक तौर पर करने की आवश्यकता है। उन्होंने रांची में राजभवन घेराव करने की बात कही। साथ ही छठ-दीपावली के बाद राजभवन के सामने सभी जिलों से पिछड़ी जातियों का जमावड़ा करने की बात कही। उन्होंने बताया कि जिन पार्टियों ने सात जिलों में आरक्षण शून्य कर दिया है उन सभी पार्टियों के मुख्यमंत्री का पंचायत से लेकर जिला तक विरोध करने के साथ ही पुतला दहन किया जाएगा। वहीं, केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा कि वर्तमान सरकार झारखंड में पेसा कानून लाने जा रही है जिसमें हम लोगों की पहचान मिट जाएगी। क्योंकि इस पेसा एक्ट में हम लोग को कोई जगह दिया नहीं गया है। सरकार से मांग हैं पेसा कानून लागू करने से पहले इसका मंथन किया जाए। साथ ही यहां के मूलवासी पिछड़ा समाज ओबीसी के लोगों को भी जनसंख्या के आधार पर शामिल किया जाए। अन्यथा जोरदार विरोध करेंगे। दूसरी ओर, आंदोलन की रूपरेखा की जिम्मेदारी सौंपते हुए कमेटी बनायी गयी। जिसके केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नीलांबर साहू, गुमला जिला अध्यक्ष आजाद सिंह, कार्यकारी जिला अध्यक्ष सज्जाद अनवर को बनाया गया। सिसई प्रखंड अध्यक्ष कलेश्वर साहू को बनाया गया। जबकि मंच का संचालक केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू ने किया। अंत में केंद्रीय कोषाध्यक्ष शिवदयाल गोप ने धन्यवाद देते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की। इस मौके पर राजेश खन्ना, जुल्फर अंसारी, दिलीप जायसवाल, तेली समाज के जिला अध्यक्ष कलिंदर साहू, आजाद सिंह, अजीत विश्वकर्मा, शहजाद अनवर, चूड़ामणि गोप, नीलांबर साहू, केंद्रीय मुख्य संरक्षक जगदीश साहू, रांची जिला प्रभारी भूखन साहू, सुनील साहू के अलावा नीलांबर साहू, जलेश्वर साहू, चंद्रनाथ प्रसाद, संतोष कुमार लाल, बसंत कुमार जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# रांची डीजीपी के साथ बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए गुमला चेंबर के अध्यक्ष-सचिव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को रांची डीजीपी कार्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा एवं फेडरेशन के पदाधिकारी, सभी जिलों के एसएसपी-एसपी और सभी जिलों के चेंबर के अध्यक्ष-सचिव के साथ एक वृहद ऑनलाइन बैठक हुई। जिसमें प्रदेश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी और उसके समाधान के लिए भी कई बिंदुओं पर सहमति बनी। इस बैठक में गुमला की तरफ से गुमला चेंबर के अध्यक्ष राजेश सिंह और सचिव बबलू वर्मा शामिल हुए। अध्यक्ष राजेश सिंह कुछ बिंदुओं पर अपने मांगे रखी, जिसमें गुमला जिला के टोटो में बने थाना को चालू करवाना, गुमला में ट्रैफिक थाना का आरंभ करवाना, मुरकुंडा पूर्वी क्षेत्र में एक थाना स्थापित कराने, और आए दिन हो रहे साइबर ठगी के निराकरण के लिए ठोस कदम उठाने एवं जिनके साथ साइबर ठगी हो चुकी है उनके रिकवरी के भी प्रयास करने की बात की गयी।

# झारखंड प्रार्थना महोत्सव 15 से 17 अक्टूबर तक




**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के केंद्रीय कमेटी रांची एवं झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन गुमला जिला के पदाधिकारियों ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि झारखंड प्रार्थना महोत्सव 2025 की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस संबंध में झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन रांची के केंद्रीय कार्यकारी मुख्य संरक्षक अलविन लकड़ा ने कहा कि झारखंड की खुशिहाली, हरियाली और शांति के लिए झारखंड प्रार्थना महोत्सव गुमला में आयोजित किया जा रहा है। यह महोत्सव 15 से 17 अक्टूबर तक ग्राम बमहनी एरोड्रम अर्थात डॉन बॉस्को स्कूल के नजदीक प्रतिदिन शाम पांच बजे से रात 10 बजे तक चलेगी। इसमें झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश और यूपी आदि राज्यों से लोग शामिल होंगें। कहा कि झारखंड प्रार्थना महोत्सव आयोजित करने का उद्देश्य झारखंड राज्य की खुशहाली समृद्धि विकास एवं शांति लाना है। वहीं, झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के गुमला जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा कि हम सब अभी अंतिम युग में जी रहे हैं। आज लोगों में हिंसा, नफरत और द्वेष है। इस कारण प्रार्थना की आवश्यकता है। प्रार्थना हमें परमेश्वर के नजदीक ले आता है। संगठन के केंद्रीय कमेटी प्रमुख संरक्षक अलविन लकड़ा ने बताया कि झारखंड प्रार्थना महोत्सव में मुख्य वक्ता के रूप में अपॉस्टल अंकित सजवान, पास्टर मोनिका सजवान सहित दिल्ली की टीम शामिल होगी। वहीं, झारखंड क्रिश्चियन यूथ संगठन के करीब 2000 वॉलिंटियर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगें। इस मौके पर संगठन के केंद्रीय कमेटी के मुख्य संरक्षक अलविन लकड़ा, संरक्षक रामकुमार नायक, झारखंड क्रिश्चियन यूथ संगठन के गुमला जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार, सुनील कुमार सचिव, अमर कुजूर, वालटर खलखो, क्रिस्टोफर कुजु और केंद्रीय कोषाध्यक्ष दीपक लकड़ा आदि उपस्थित रहे।

# डूमरडांड गांव में मनाया गया करम पर्व



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** नवाडीह पंचायत के डूमरडांड गांव में आदिवासी समुदाय का प्रमुख पर्व करम हर्षोल्लास, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। गांव के युवाओं और महिलाओं की टोली ने मांदर, नगाड़ा और करताल की थाप पर नाचते-गाते हुए जंगल से करम डाली लाकर गांव के अखरा में स्थापित कर प्रकृति के प्रति सम्मान और श्रद्धा प्रकट की। करम डाली की स्थापना के बाद गांव के पुजारी सुभाष भगत के नेतृत्व में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पुजारी ने करम धरम देवता पारंपरिक कहानी सुनाई और पूरे गांववासियों के सुख-समृद्धि की कामना की, जो भाई-बहन के प्रेम, ईमानदारी और प्रकृति के संरक्षण जैसे मूल्यों की शिक्षा देती है। पूरी रात गांव के पुरुष, महिलाएं और बच्चे एक पारंपरिक भेष भूसा के साथ मिलकर मांदर-घंट की थाप पर रातभर पारंपरिक करम गीतों के साथ नाचते-गाते रहे। गांव का माहौल पूरी रात सांस्कृतिक उत्सव में डूबा रहा। पर्व के अगले दिन सुबह करम डाली को पूरे गांव में घुमाया गया। घर-घर जाकर डाली के दर्शन कराए गए और हर परिवार के कल्याण की प्रार्थना की गई। इसके बाद डाली को पारंपरिक नाच-गान के साथ जुलूस की शक्ल में नदी ले जाकर विसर्जन किया गया।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन शिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी

भर्ती कैम्प–15.10.2025

राज्य के बेरोजगार युवकों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उदेश्य से जिला नियोजनालय, खूँटी के द्वारा दिनांकः–15 अक्टूबर 2025 दिन बुधवार को पूर्वाहन् 10:30 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक **जिला नियोजनालय खूँटी** में भर्ती कैम्प 2025 आयोजित किया जा रहा है। निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की हैः–

| S N | Name and Address of the Employers | Name of the Post | No. Of Vacancies | | Qualification | Experience | Salary | Age (Min-Max) | PF & ESIC (Yes/No) | Accommodation & Food Services (Yes/No) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Male | Female | | | | | | | |
| i | ii | iii | iv | v | vi | vii | viii | ix | x | xi | xii |
| 1 | PEOPLE MANTRA, AHMEDABAD | NAPS Trainee | 150 | 0 | 10th & Above | Any | 19000 to 21000 | 18-30 | No | No | Ahmedabad |
| 2 | QUANTUM KNITS PRIVATE LIMITED, COIMBATORE | SMO (Sewing Machine Op) | 200 | 100 | 5th & Above | No | 15000 To 25000 | 18-40 | Yes | Yes | Coimbatore |
| | | Nurse | 0 | 2 | Diploma/ANM | 1 Year | | | | | |
| | | Warden | 0 | 2 | 12th & Above | 1 Year | | | | | |
| | | Supervisor | 2 | 0 | Diploma in textille | 1 Year | | | | | |
| 3 | GUARDIANS SECURITY & FACILITIES PRIVATE LIMITED, SONPUR, BIHAR | Security Guard | 200 | 100 | 10th & Above | Any | 17000 TO 25000 | 18-40 | Yes | Yes | Jharkhand ,Delhi |
| | | Security Supervisor | 70 | 30 | Graduation | | 27000 | 21-35 | | | |
| 4 | MRF, Hyderabad | Machine Operator | 150 | 0 | 10th & Above | Any | 17500 | 18-35 | No | Yes on Subsidized Cost | Gujarat, Hyderabad |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, अंक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतू उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
खूँटी

PR 364053 Labour Employment and Traning(25-26)#D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 14 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



## पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने लेबर कोर्ट परिसर में लगाया दिवाली स्टॉल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित पहला कदम विशेष दिव्यांग स्कूल के बच्चों द्वारा सोमवार 13 अक्टूबर को दीपावली के शुभ अवसर पर एक विशेष हस्तकला प्रदर्शनी एवं स्टॉल का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी लेबर कोर्ट धनबाद में लगायी गयी। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डिप्टी चीप लेबर कमिश्नर (केंद्रीय) धनबाद सुमित, श्रम परिवर्तन अधिकारी केंद्रीय सर्वेश शर्मा सहित कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। बच्चों द्वारा निर्मित डेकोरेटिव दीये, मोमबत्तियां, तोरण, बंदनवार, बास्केट एवं अन्य हस्तकला सामग्री लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। आगंतुकों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए प्रदर्शनी से सामग्री खरीदी और सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सचिव अनीता अग्रवाल ने उपस्थित सभी सम्मानित जनों से आग्रह किया कि इस दीपावली अपने घर को इन विशेष बच्चों द्वारा निर्मित दीपों से सजायें, ताकि उनका मनोबल बढ़े और वे और बेहतर करने के लिए प्रेरित हों। नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे प्रदर्शनी स्टॉल लगाये जा रहे हैं, ताकि दिव्यांग बच्चों की कला और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिल सके।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान में 74 दुकानों की जांच

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** तंबाकू मुक्त युवा अभियान के अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन एवं सिटी थाना प्रभारी के सहयोग से सोमवार को तम्बाकू उत्पाद अधिनियम–2003 की धारा 4, व 6ए, 6बी, 6सी के तहत विशेष जांच अभियान चलाया गया। जिसके तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम द्वारा सिटी थाना परिक्षेत्र के नयामोड बस स्टैण्ड, नयामोड चौक, कोआपरेटिव कालोनी के कुल 74 दुकानों की जांच की गयी। जिसमें 21 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून का उल्लंघन करते हुए पाया गया और अर्थदण्ड के रूप में कुल 3500 रुपये की वसूली की गयी। जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2021 कानून के तहत सभी दुकानदार धारा–6ए के तहत 21 वर्ष से कम आयु के अवयस्को को तम्बाकू पदार्थ बेचने पर प्रतिबंध है। उल्लंघनकर्ता को 1000 (एक हजार रुपए) तक का जुर्माना का प्रावधान है।। ऐसे में सभी दुकानदारो का सामाजिक दायित्व है कि 30/ 60 से0मी0 का एक बोर्ड अपने दुकान के सामने लगाये जिसके आधे हिस्सा में लिखा हो कि 21 वर्ष से कम आयु के अवयस्को को तंबाकू पदार्थ बेचना दंडनीय अपराध है और आधे भाग पर मुंह का कैंसर बना होना चाहिए। साथ ही यह सामाजिक दायित्व का निर्वाहन दुकानदार को करना चाहिए कि 21 वर्ष के बच्चों को तम्बाकू न दें। कोई भी व्यक्ति यदि खुले में धुम्रपान करता है तो पैसिव स्मोकिंग की वजह से दूसरे व्यक्ति को भी नुकसान करता है। सभी दुकानदार उक्त कोटपा कानून का अनुपालन अवश्य करें।

## जलाशयों की साफ-सफाई के लिए भाजपा ने नगर निगम को सौंपा ज्ञापन



**कतरास (आजाद सिपाही)।** आस्था का महापर्व यानी आगामी छठ पर्व को देखते हुए कतरास मंडल अंतर्गत पड़ने वाले चारों वार्डो के सभी नदियो एवं तालाबों की साफ सफाई, चौक चौराहो पर लाइटिंग की व्यवस्था एवं जगह जगह जल जमाव का निष्पादन की मांग को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कतरास मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कतरास नगर निगम के अंचल कार्यालय पहुंचकर सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी तथा कार्यपालक पदाधिकारी शब्बीर आलम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, कतरास अंचल से निर्गत करने बाबा साहब की प्रतिमा का सौंदर्यकरण करने, बस स्टैंड के सुलभ शौचालय को पुनः चालू करवाने, हर एक वार्ड में पानी टैंकर देने तथा मुक्तिधाम वाहन उपलब्ध कराने को कहा जिसपर पदाधिकारियों ने प्रतिनिधि मंडल को आस्वस्त करते हुए कहा कि सभी बिंदुओं पर जल्द ही समाधान किया जायेगा। मौके पर महेश पासवान, प्रकाश राम गुप्ता, बबलू बनर्जी, मुकेश झा, श्याम किशोर, कुंदन सिंह, छोटू पासवान, बलवीर सिंह, कंचन चौरसिया, विवेक हजारी, भरत शर्मा, राजेश स्वर्णकार, दिनेश उपाध्याय, वाई के पाठक विनय पासवान, कृष्णा भुईयां, बबलू मिश्रा आदि सैकड़ो लोग थे।

## चिरकुंडा में बिजली, पानी और जलाशयों की सफाई के लिए बैठक

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा नगर परिषद के पार्षदों द्वारा सोमवार की दोपहर बिजली, पानी एवं सफाई का मुद्दा को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका कुमारी के साथ बैठक की। बैठक में वार्ड पार्षदों ने कहा कि वार्ड में सफाई नहीं हो रही है। जिसके कारण गली मोहल्ले में गंदगी बढ़ता जा रहा है। साथ ही स्ट्रीट लाइट एवं पानी की भी समस्या निरंतर जारी है। आगामी पर्व त्यौहारों को देखते हुए इन सब मुद्दों पर युद्ध स्तर पर कार्य प्रारंभ होना चाहिए। ताकि चिरकुंडा शहरवासियों को आगामी त्यौहारों पर में किसी तरह की परेशानी ना हो। वार्ड पार्षदों के समस्याओं को सुनने के बाद कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने कहा कि चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा वार्ड में लगातार सफाई जारी है। लेकिन यह ऐसी समस्या है की इसमें निरंतर जरूरी है। साथ ही आगामी दीपावली एवं छठ को लेकर सफाई पर विशेष अभियान चलाया गया है। त्यौहारों के आने से पहले बिजली पानी और सफाई दुरुस्त कर दिया जायेगा।

# कुड़मी समाज को एसटी में शामिल करने की मांग के खिलाफ आदिवासियों की जनाक्रोश रैली

**आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कुर्मी/कुड़मी जातियों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल करने के मांग के विरोध में आदिवासी संथाल समाज के बैनर तले आदिवासी अस्तित्व बचाओ आक्रोश रैली निकाली गयी। यह विशाल रैली गोल्फ मैदान से आरंभ होकर लुबी सर्कुलर रोड, सिटी सेंटर, बस स्टैंड, रानी बांध, धैया और मेमको मोड़ होते हुए धनबाद समाहरणालय तक पहुंची।

रैली में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के पुरुष, महिलाएं और युवा शामिल हुए। सभी ने पारंपरिक परिधान धारण किए हुए थे और हाथों में तीर-धनुष, ढोल, मांदर जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्र लिए नारेबाजी करते आगे बढ़े। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की नीति का विरोध करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी कीमत पर कुर्मी/ कुड़मी जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल नहीं होने दिया जायेगा।

समाहरणालय पहुंचकर आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कुड़मी को आदिवासी दर्जा नहीं चलेगा और आदिवासी अधिकारों का हनन बंद करो जैसे नारे गूंजते रहे।

रैली का नेतृत्व विभिन्न क्षेत्र से आए हुए आदिवासी नेताओं द्वारा किया जा रहा था। पूरे शहर में पारंपरिक वेशभूषा, झंडे, बैनर और नारेबाजी से उत्सव जैसा माहौल रहा। रैली ने एक बार फिर आदिवासी समाज की एकजुटता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का मजबूत संदेश दिया।



### कुर्मी जाति की मांग असंवैधानिक

सोमवार को सोनोत संथाल समाज के अध्यक्ष सनातन सोरेन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी की धनबाद उपायुक्त कार्यालय, ममको मोड़ के समीप आदिवासी जन आक्रोश महारैली के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री से मांग किया जा रहा है की झारखंड में कुर्मी जाति समूह द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल होने हेतु गैर संवैधानिक मांग किया जा रहा है। जिसका आदिवासी समाज पुरजोर विरोध करता है। हाल के दिनों में जिस प्रकार रेल टोका आंदोलन को देखा गया उससे स्पष्ट है भाजपा एवं आजसू द्वारा प्रायोजित आंदोलन के माध्यम से राजनीतिक जमीन बचाने की पृष्ठभूमि तैयार किया जा रहा है। आदिवासियों का आचरण व आस्मिता के साथ खेलवाड़ करते कुर्मी जाति के आदिवासी श्रेणी में सूचीबद्ध करने की मांग हवा देकर झारखंड को अशांत कर इसे वोट का ध्रुवीकरण करने का साजिश किया जा रहा है।

## प्रदर्शन में सुधार नहीं लाने वाले सेविका का चयन होगा रद्द : डीसी



आजाद सिपाही संवाददात

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी परियोजना पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी, पर्यवेक्षिका आदि उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रत्येक सीडीपीओ अपने क्षेत्र की साप्ताहिक समीक्षा नियमित रूप से करें। जिन सेविकाओं से 03 बार गलती या लापरवाही पायी जाती है, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा करें। जिला प्रशासन ने जीरो टोलरेंस नीति अपनाने का निर्णय लिया है। किसी भी स्थिति में कुपोषण, डेटा की गड़बड़ी या केंद्रों की अनियमितता स्वीकार नहीं की जायेगी। जो सेविकाएं लगातार कम प्रदर्शन कर रही हैं और सुधार नहीं दिखा पा रही हैं, उनके चयन को रद्द करने की कार्यवाही की जायेगी। ऐसी सेविकाओं को तामिला/ स्पष्टीकरण दी जायेगी और संबंधित ग्राम सभा को सूचित कर नया सेविका चयन को लिखा जायेगा।

### दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में कवि सम्मेलन प्रतियोगिता

## बच्चों ने अपनी मौलिक कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया



आजाद सिपाही संवाददाता


**बोकारो।** दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के सभागार में सोमवार को प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद के नेतृत्व में बाल कवि सम्मेलन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा छठवीं, सातवीं आठवीं और ग्यारहवीं के कुल 26 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूली बच्चों ने अपनी मौलिक कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षिकाओं ने अतिथियों के स्वागत एवं परिचय के साथ करायी। मंच संचालन की जिम्मेदारी विद्यार्थियों ने खुद संभाली थी। जिसे अर्णव कुमार, निशका झा, तन्मय दूबे और अमीष कौर ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ निभायी। शिक्षाविद शीला रॉय शर्मा, विभा सिन्हा, डॉ सरिता तिवारी, प्रसन्नजीत शर्मा और सुनीता रॉय निर्णायक मंडली के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुति का मूल्यांकन विषयवस्तु आरोह-अवरोह, सहज प्रवाह, उच्चारण और भावाभिव्यक्ति जैसे मानदंडों के आधार पर किया। विविध रसों से सजी कविताओं में वीर, करुण, भयानक, वीभत्स, हास्य, अद्भुत और शांत रसों से परिपूर्ण रचनाओं की प्रस्तुति ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साहित्य और संस्कृति के प्रति अभिरुचि विकसित करने की प्रक्रिया स्कूली जीवन से ही आरंभ होनी चाहिए। यह प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों की भाषिक प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होती हैं। कवि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को मंच प्रदान करना, उनके विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर देना तथा राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति सम्मान और अनुराग की भावना को प्रबल करना है।

## महुदा इंटर कॉलेज प्रोफेसर पर कॉलेज नहीं आने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा इंटर कॉलेज एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। हाल ही में एक वायरल ऑडियो ने पूरे क्षेत्र में हलचल मचा दी है, जिसमें एक शिक्षक प्रतिनिधि को कथित रूप से एक सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा धमकी दिये जाने का दावा किया गया था। इस ऑडियो ने कॉलेज में लंबे समय से चल रहे भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और प्रशासनिक पक्षपात की परतें खोल दी हैं।

वायरल ऑडियो में नाम आने के बाद प्रो शंकर रवानी, जो कि बाल विकास समिति बोकारो के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और ग्रामीण विकास ट्रस्ट के निदेशक हैं, ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि वे बीते 6 माह से कॉलेज नहीं गए थे। लेकिन यही बयान अब उनके खिलाफ बन गया है। स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया पर उठ रहे सवालों के अनुसार–जब प्रो रवानी पिछले 6 महीने से कॉलेज नहीं गये, तो कॉलेज सचिव ने 2 जून 2025 को उन्हें शिक्षक प्रतिनिधियों




का इंचार्ज कैसे बना दिया?

**घर बैठे वेतन, क्लास से दूर :** प्रो. रवानी पर घर बैठे वेतन लेने, शैक्षणिक कार्य में रुचि न लेने, और कॉलेज में सक्रिय भ्रष्टाचार का हिस्सा होने जैसे कई गंभीर आरोप लगाये जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर यह मुद्दा तेजी से फैल रहा है, जहां लोग कॉलेज की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

**सवाल उठाने वालों को नोटिस, चुप रहने वालों को इनाम :** स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कॉलेज प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सवाल उठाने वाले शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों और कर्मचारियों को बर्खास्तगी या शो-कॉज नोटिस थमा दिया जाता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि प्रो रवानी पर इतनी मेहरबानी क्यों?

वहीं इस मामले में बुद्धिजीवी वर्ग और अभिभावकों का कहना है कि कॉलेज कभी एक जनसहयोग से खड़ा किया गया था, लेकिन अब यह गंदी राजनीति, पक्षपात और भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है। इसका सीधा असर सैकड़ों छात्रों के भविष्य पर पड़ रहा है। महुदा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इस मुद्दे को लेकर गहरा आक्रोश है। आम नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षा प्रेमी लगातार शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन और राज्य सरकार से कॉलेज में उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

## कुसुमकियारी आइटीआइ में बनेगा सौ बेड का छात्रावास : उमाकांत रजक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** चंदनक्यारी प्रखंड के कुसुमकियारी स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) परिसर में श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा स्वीकृत भवन मरम्मति एवं रंगाई-पुताई कार्य का सोमवार को विधायक उमाकांत रजक ने विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विधायक उमाकांत रजक ने अपने संबोधन में कहा कि निकट भविष्य में कुसुमकियारी आइटीआइ परिसर में 100 छात्रों के लिए एक आधुनिक छात्रावास का निर्माण किया जायेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि छात्रावास निर्माण की प्रक्रिया फिलहाल टेंडर चरण में है और शीघ्र ही इसका कार्य प्रारंभ होगा। विधायक ने कहा कि चंदनक्यारी जैसे ग्रामीण क्षेत्र के किसान और मजदूरों के बेटे आइटीआइ की शिक्षा लेकर रेलवे, सेल, ईसीएल समेत विभिन्न प्रतिष्ठानों में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। मौके पर विभूति सिंह, पूर्व मुखिया विरेन रजवार, प्रकाश शर्मा, क्युम अंसारी, नरेश भगत, हानिफ अंसारी, अनाथबंधु सिंह, आइटीआइ प्राचार्य मिथिलेश पासवान, कामेश कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, चंदन कुमार, शुभम कुमार झा, सलमान अंसारी, महादेव उरांव, ब्योमकेश माहथा, अभिजीत सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, रामगढ़**
E-Mail ID :-dseramgarh.mdm@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 1944 दिनांक 10.10.2025 द्वारा झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर सहायक आचार्य सवर्ग अन्तर्गत स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 6–8 (सामाजिक विज्ञान) पदों पर कुल 45 अनुशंसित अभ्यर्थियों काउंसिलिंग एवं नियुक्ति हेतु सूची एवं फोल्डर उपलब्ध कराया गया है। (सूची संलग्न)

उक्त अनुशंसित अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग दिनांक 15.10.2025 को पूर्वाहन 10:30 बजे से उप विकास आयुक्त, रामगढ़ के सभागार, (बी. ब्लॉक प्रथम तल) में निर्धारित किया जाता है, जिसके आलोक में अनुशंसित अभ्यर्थियों द्वारा काउंसिलिंग हेतु तैयार जाँच पत्रक (जो अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं भरकर काउंसिलिंग के समय जाँच दल को समर्पित करना अनिवार्य है) एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जिले के अधिकारिक वेबसाईट–ramgarh.nic.in पर प्रकाशित किया गया है।

संबंधित अनुशंसित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सूचना जिले के अधिकारिक वेबसाईट –ramgarh.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं। उक्त काउंसिलिंग में सम्मिलित होने वाले सभी शैक्षणिक/ प्रशैक्षणिक/ जाति/आवासीय तथा जाँच पत्रक में उल्लेखित सभी प्रकार के मूल प्रमाण–पत्र एवं स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति (दो प्रति में) के साथ उपस्थित होंगे।

**अनुलग्नकः–**
1. अभ्यर्थियों की सूची।
2. काउंसेलिंग हेतु मिलान जाँच–पत्र (Check Slip)।
3. कार्यालय का Help Line No.-7061736902, 8603864164

ह०/–
जिला शिक्षा अधीक्षक,
रामगढ़

PR.NO.363989 District(25-26):D

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(सामान्य शाखा)**

**आम सूचना**

उप मुख्य विस्फोटक, नियंत्रक, झारखण्ड राँची के पत्रांक ई–7/2/ दिनांक 21–09–2015 द्वारा दिवाली के अवसर पर पटाखों का क्रय–विक्रय करने के संबंध में निम्न दिशा–निर्देश जारी किये जाते है :–

01. आतिशबाजी को सूरक्षित एवं अज्वलनशील सामग्री से बने शेड में ही भंडारित करेंगे।
02. आतिशबाजी की अस्थाई दुकानें, एक दूसरे से 3 मीटर की दूरी पर एवं किसी संरक्षित स्थलों से 50 मीटर की दूरी पर रखेंगे।
03. यह अस्थाई दुकानें एक दूसरे के आमने–सामने नही होगी।
04. सुरक्षा दूरी के अंदर एवं इन दुकानों में प्रकाश हेतु किसी प्रकार का तेल लेम्प, गैस लेम्प एवं खुली बिजली बत्तियों का प्रयोग नही होगा। यदि किसी बिजली की लाईन का प्रयोग किया जाता है तो उसे या तो दीवार पर या छत पर दृढ़ता से लगाना होगा एवं किसी प्रकार के तार लटके नही होंगे। इन बत्तियों के लिए स्विच दीवार पर लगाने होंगे एवं एक पंक्ति की सभी दुकानों के लिए मास्टर स्विच लगाना होगा।
05. किसी दुकान के 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी का प्रदर्शन प्रतिबन्धित होगा।
06. प्रत्येक मास्टर स्विच से फ्यूज या सक्रिट ब्रेकर लगा होना चाहिए जिससे की शॉट सर्किट होने पर विद्युत प्रवाह स्वतः ही बन्द हो जाय।
07. आतिशबाजी की बिक्री हेतु विस्फोटक नियम 2008 के अंतर्गत अनुज्ञप्तियाँ कलेक्टर/जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी की जाती है।
08. किसी भी स्तर पर पटाखों/आतिशबाजी की बिक्री बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त नही करेंगे एवं अनुज्ञप्ति की प्रति दुकान के बाहर बोर्ड पर प्रदर्शित करेंगे। बिना अनुज्ञप्ति के पटाखों की बिक्री करते पकड़े जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
09. अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति उपायुक्त का कार्यालय, जिला सामान्य शाखा, कोडरमा में समुचित कागजात के साथ आवेदन समर्पित करेंगे।
10. अनुज्ञप्तिधारी विक्रेता द्वारा सुरक्षा के दृश्टिकोण से पटाखों की बिक्री झुमरी तिलैया में प्रखंड परिसर स्थित खुले मैदान एवं कोडरमा बाजार स्थित दुर्गा मण्डप के खुले प्रांगण में अस्थायी अज्वलनशील शेड में बिक्री करेंगे।
11. कोडरमा जिला के अन्य प्रखण्डों में भी सुरक्षा के दृश्टिकोण से पटाखों की बिक्री खुले मैदान में की जाएगी। संबंधित स्थल का चयन अंचल अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

ह0/–
उपायुक्त, कोडरमा

PR 364004 District(25-26)#D

## 7 राज्यों में 1 लाख बच्चों को पोषण अनुपूरक 'शिशु संजीवनी' वितरित करेगा नंद घर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बच्चों के समग्र पोषण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, वेदांता की प्रमुख सामाजिक पहल नंद घर ने नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) फाउंडेशन फॉर न्यूट्रिशन के सहयोग से शिशु संजीवनी नामक पोषक अनुपूरक के लगभग 1,00,000 पैक देश के 7 राज्यों में पोषण माह 2025 के दौरान वितरित करने की घोषणा की है। यह अनुपूरक 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए तैयार किया गया है। नंद घर देशभर में 15 राज्यों में 9,400 से अधिक आधुनिक आंगनवाड़ियों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के जीवन को पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के माध्यम से बदल रहा है। यह वर्ष एकीकृत बाल विकास सेवा के 50 वर्ष पूरे होने का भी प्रतीक है। इस अवसर पर नंद घर का यह कदम हर बच्चे को स्वस्थ जीवन की शुरूआत दिलाने के सामूहिक प्रयास को और मजबूत करता है। वेदांता लिमिटेड की नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि वेदांता में हम मानते हैं कि सच्चा राष्ट्र निर्माण बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण से शुरू होता है। नंद घर के माध्यम से हमारा संकल्प है कि हर बच्चे को सही पोषण, गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक देखभाल और जीवन की समान शुरूआत मिले। एनडीडीबी के साथ शिशु संजीवनी पहल हमारी साझेदारी की ताकत को दर्शाती है, क्योंकि पोषण ही अवसर की पहली सीढ़ी है। आज का पोषित बच्चा कल का सशक्त और आत्मविश्वासी विकसित भारत बनायेगा। शशि अरोड़ा, सीइओ, नंद घर ने कहा कि आइसीडी एस के 50 वर्ष भारत की बाल पोषण यात्रा का एक मील का पत्थर है। नंद घर इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए शिशु संजीवनी जैसी नवाचारपूर्ण पहल के माध्यम से बच्चों को सशक्त कर रहा है। डॉ मीनेश शाह, चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, एनडीडीबी ने कहा कि हमारा उद्देश्य पोषण और खाद्य विज्ञान के अनुभव का उपयोग करके भारत के कुपोषण के खिलाफ अभियान को मजबूत करना है। शिशु संजीवनी वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया ऊर्जा-समृद्ध खाद्य पदार्थ है जो बच्चों की बढ़ती पोषण जरूरतों को पूरा करता है। नंद घर के साथ साझेदारी के माध्यम से हम इसे देश के हर कोने में पहुंचाकर एक स्वस्थ, पोषित और सक्षम भारत के निर्माण में योगदान देना चाहते हैं। रविश शर्मा, डिप्टी सीइओ, इएसएल स्टील लिमिटेड (वेदांता समूह) ने कहा कि वेदांता समूह हमेशा से समाज के समग्र विकास के लिए समर्पित रहा है। नंद घर जैसी पहल ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में वास्तविक बदलाव ला रही हैं।

## जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण मंत्रिस्तरीय बैठक

# पीएम के प्रधान सचिव डॉ पीके मिश्र ने भारत की बहु-एजेंसी संरचना की रूपरेखा प्रस्तुत की

- भारत ने वित्तपोषण और पूर्व-चेतावनी सहयोग के क्षेत्र में नेतृत्व को दर्शाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) पर जी-20 मंत्रिस्तरीय बैठक के पहले दिन, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ पीके मिश्र ने दो उच्च-स्तरीय कार्यक्रमों - एकजुटता और अनुकूलनः पूर्व-चेतावनी प्रणालियों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और एकजुटता में डीआरआर का विस्तार और डीआरआर निवेश को बढ़ाने के लिए तकनीकी नवाचार और राजनीतिक नेतृत्व का सेतु निर्माण में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

एकजुटता और अनुकूलन सत्र में डॉ मिश्र ने इस बात पर जोर दिया कि पूर्व-चेतावनी प्रणालियां तकनीकी विलासिता नहीं, बल्कि अनुकूलन को लेकर रणनीतिक निवेश हैं। उन्होंने भारत की बहु-एजेंसी संरचना के बारे में चर्चा की, जिसमें मौसम विज्ञान, जल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और समुद्र विज्ञान संस्थानों को एक सामान्य चेतावनी प्रोटोकॉल- अनुपालक एकीकृत चेतावनी प्रणाली के माध्यम से एकीकृत किया गया है, जो पहले ही 109 बिलियन से अधिक अलर्ट जारी कर चुकी है।

डीआरआर के वित्तपोषण पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ मिश्र ने जी20 स्वैच्छिक उच्च-स्तरीय सिद्धांतों के सिद्धांत 2 और 4 के अनुरूप भारत की पांच-स्तंभ वित्तपोषण रणनीति का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने वित्त आयोग के तहत भारत के संवैधानिक मॉडल का वर्णन किया, जिसने बहु-वर्षीय, नियम-आधारित डीआरआर आवंटन, राज्यों और स्थानीय निकायों को विकेंद्रीकृत वित्तपोषण और राष्ट्रीय आपदा जोखिम सूचकांक के माध्यम से साक्ष्य-आधारित प्राथमिकता सुनिश्चित की। राहत-केंद्रित से जोखिम तत्काल सूचना के प्रतिमान की ओर भारत के बदलाव पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने नवीन स्थानीय-स्तरीय प्रणालियों, समर्पित शमन निधियों, आपदा-विशिष्ट कार्यक्रमों और आपदा मित्र स्वयंसेवकों के माध्यम से समुदाय-आधारित तैयारियों का प्रदर्शन किया, जो अनुकूलन को सीधे सार्वजनिक वित्त और शासन में समाहित करते हैं। इस अवसर पर डॉ मिश्र ने दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

दक्षिण अफ्रीका के सहकारी शासन और पारंपरिक मामलों के मंत्री वेलेंकोसिनी हलाबिसा के साथ अपनी बैठक में उन्होंने सीडीआरआइ सदस्यता सहित संयुक्त क्षमता निर्माण से जुड़े क्रियाकलापों को प्रोत्साहित किया। डॉ मिश्र ने ऑस्ट्रेलिया की आपातकालीन प्रबंधन मंत्री क्रिस्टी मैकबेन के साथ डीआरआर के लिए अलग-अलग वित्तपोषण योजनाओं पर व्यापक चर्चा की। डॉ मिश्र ने नीदरलैंड के उप मंत्री प्रो डॉ मार्टेन वान आल्स्ट के साथ अपनी बैठक में पूर्व-चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करने, इसके प्रसार के लिए प्रौद्योगिकी और क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपदा अनुकूलन बढ़ाने में संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला। 2024 में ब्राजील की अध्यक्षता के दौरान रखी गई मजबूत नींव को याद करते हुए, ब्राजील के उप मंत्री वाल्डेर रिबेरो के साथ अपनी बैठक में डॉ मिश्र ने अनुकूलन आधारित भरपाई, प्रकृति-आधारित समाधानों और सतत पुनर्निर्माण पर संयुक्त पहल जारी रखने की भारत की मंशा व्यक्त की। दिन के कार्यक्रमों का समापन करते हुए डॉ मिश्र ने नवाचार, समावेशी वित्तपोषण और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता के माध्यम से स्वैच्छिक उच्चस्तरीय सिद्धांतों को क्रियान्वित करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए यह सुनिश्चित किया कि अनुकूलन सतत विकास का साझा माध्यम बने।

## चांदी एक दिन में 10,825 रुपये महंगी, 1.75 लाख के पार पहुंची

# सोना 2,630 रुपये बढ़ कर 1.24 लाख के पार हुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले 13 अक्टूबर को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गयी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार चांदी की कीमत एक दिन में 10,825 रुपये बढ़ कर 1,75,325 रुपये प्रति किलो के भाव पर पहुंच गयी है। शुक्रवार को ये 1,64,500 रुपये पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,630 रुपये बढ़ कर 1,24,155 रुपये हो गये हैं। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,21,525 रुपये पर था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है।



## इस साल सोना 47,993 और चांदी 89,308 रुपये महंगी हुई

**इस साल अब तक सोने की कीमत 47,993 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो अब 1,24,155 रुपये हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 89,308 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपये थी, जो अब 1,75,325 रुपये प्रति किलो हो गयी है।**

## बंगाल मेडिकल स्टूडेंट गैंगरेप केस के सभी 5 आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एमबीबीएस स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने सोमवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। अब तक कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने रविवार को 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। 2 आरोपी फरार थे। वहीं, पीड़ित के पिता ने घटना पर सीएम ममता के बयान को असंवेदनशील बताते हुए दावा किया कि उनकी बेटी आधी रात को बाहर नहीं गयी थी। पीड़ित के पिता ने कहा- मेरी बेटी का शुक्रवार (10 अक्टूबर) रात 8 बजे से 9 बजे के बीच रेप हुआ था।

## इकोनॉमिक्स का नोबेल दो अमेरिकी और एक ब्रिटिश प्रोफेसर को मिला

**स्टॉकहोम।** इस साल इकोनॉमिक्स का नोबेल पुरस्कार तीन अर्थशास्त्रियों जोएल मोकिर (अमेरिका), पीटर हॉविट (अमेरिका) और फिलिप एगियॉन (यूके) को मिला है। नोबेल समिति ने बताया कि इन अर्थशास्त्रियों ने बताया कि इनोवेशन से कैसे आर्थिक विकास का रास्ता खुलता है। तकनीक तेजी से बदलती है और हम सभी पर असर डालती है। उत्पाद और उत्पादन के नये तरीके पुराने तरीकों को बदलते रहते हैं और यह प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती। यही लगातार आर्थिक विकास का आधार है, जिससे दुनिया भर के लोगों की जीवन गुणवत्ता, स्वास्थ्य और जीवन स्तर बेहतर होता है।

## शपथ पत्र



शपथ पत्र सं.: 5262 दिनांक:13.10.2025 के अनुसार मैं रिकी देवी (Rinki Devi) पति सतीश सिंह, उम्र लगभग 32 वर्ष, पेशा गृहणी, धर्म हिन्दु निवास स्थान ग्राम–मेढकुरी कलां, पोस्ट – करियातपुर, थाना–इचाक, जिला– हजारीबाग झारखंड की निवासी हूँ, मैं शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि:–
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या 8524 2333 0449 है।
3. यह कि मेरा पुत्र का आधार कार्ड संख्या 6921 7891 9940 है जिसमें मेरा पुत्र का नाम सत्वी कुमार (Satvi Kumar) दर्ज है।
4. यह कि मेरा पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम हजारीबाग से निर्गत है जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर B-2021: 20-90026-001313 दिनांक 12/04/20212 है, जिसमें मेरा पुत्र का नाम SATVIK KUMAR दर्ज है।
5. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने पुत्र का नाम सुधार हेतू बनवा रहा हूँ।
6. यह कि मेरा पुत्र का आधार कार्ड में नाम सत्वी कुमार (Satvi Kumar) से सुधार कर सात्विक कुमार (SATVIK KUMAR) दर्ज करने हेतू बनवा रहा हूँ।
7. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।

# अगला नोबेल ट्रंप को मिले : नेतन्याहू

- संसद में सम्मानित किया
- हमास की कैद से सभी इजराइली बंधक छूटे
- इजराइल ने भी 154 फिलिस्तीनी कैदी छोड़े



**एजेंसी**

**तेल अवीव।** मिस्र के शर्म अल-शेख में आज 20 से ज्यादा देशों के नेता गाजा शांति समझौते पर बैठक करेंगे। इसकी अगुआई अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी करेंगे। इसमें ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे देशों के नेता शामिल होंगे।

ट्रंप ने इजराइली संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा- यह युद्ध का ही अंत नहीं बल्कि आतंक के दौर का भी अंत है। यह मिडिल ईस्ट के लिए नयी शुरुआत है। ट्रंप ने कहा कि बंदूकें शांत हैं, यह इलाका शांत है और आशा करता हूं आगे भी बना रहेगा।

इससे पहले इजराइली पीएम नेतन्याहू ने संसद में भाषण दिया। उन्होंने ट्रंप के लिए अगले साल के नोबेल पीस प्राइज की मांग की। नेतन्याहू ने ट्रंप को इजराइल का सर्वोच्च सम्मान देने की भी घोषणा की और कहा कि जब कई देशों ने इजराइल का साथ छोड़ दिया था, तब ट्रंप ने उनका साथ दिया था।

**हमास ने 20 बंधकों को 2 बैच में छोड़ा :** इससे पहले हमास ने दोपहर सभी 20 इजराइली बंधकों को रिहा किया था। इन्हें 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया। हमास ने इन्हें रेडक्रॉस के जरिए इजराइली सेना के हवाले किया। हमास के पास अब कोई भी जिंदा इजराइली बंधक नहीं है। इसके बदले में इजराइल आज 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।

## रिटेल महंगाई 8 साल में सबसे कम सितंबर में घट कर 1.54% पर आयी

**नयी दिल्ली।** सितंबर में रिटेल महंगाई करीब 8 साल के निचले स्तर 1.54% पर आ गयी है। इससे पहले जून 2017 में भी ये इतनी थी। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में गिरावट है। वहीं अगस्त में रिटेल महंगाई 2.07% रही थी। रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने सोमवार को 13 अक्टूबर को जारी किये हैं। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 0.64% से घट कर माइनस 2.28% हो गयी है। सितंबर महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.69% से घटकर 1.07% हो गयी है। वहीं शहरी महंगाई 2.47% से घटकर 2.04% पर आ गयी है।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**